CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :42°C
न्यूनतम: 25°C

मुजफ्फरनगर, शनिवार 25 अप्रैल 2026 उत्तर प्रदेश संस्करण: वर्ष 27 अंक 97 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com | बैसाख शुक्ल पक्ष 8 विक्रमी सम्वत् 2083 | 6 जिलकदा 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



कश्मीर को राज्य का दर्जा न देना 'सजा' के समान : उमर अब्दुल्ला पेज 2




चेन्नई के अंशुल कम्बोज का पर्पल कैप पर फिर कब्जा खेल टाइम्स



जानलेवा हो सकती है मलेरिया के इलाज में लापरवाही सम्पादकीय



ईरान जंग में खर्च हुई चीन के लिए रिजर्व अमेरिकी मिसाइलें पेज 12

## संक्षिप्त समाचार

### सीईसी को हटाने के लिए विपक्ष के 73 सांसदों ने दिया प्रस्ताव नोटिस

**नई दिल्ली।** विपक्ष ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पद से हटाने की मांग को लेकर एक बार फिर राज्यसभा में औपचारिक पहल की है। विपक्ष के 73 सांसदों ने राज्यसभा के महासचिव को प्रस्ताव (रेजोल्यूशन) का नोटिस सौंपा है, जिसमें भारत के मुख्य चुनाव आयुक्त को हटाने की मांग की गई है। यह नोटिस कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं संचार विभाग प्रभारी जयराम रमेश और तृणमूल कांग्रेस की सांसद सागरिका घोष ने प्रस्तुत किया है। फिलहाल यह प्रस्ताव केवल राज्यसभा में ही दाखिल किया गया है।

### यूपी-महाराष्ट्र में पारा 44 डिग्री के पार पहुंचा

**नई दिल्ली।** देश के कई हिस्सों में लू का असर तेज होता जा रहा है। यूपी, राजस्थान और महाराष्ट्र के 4 शहरों में पारा 44 डिग्री सेल्सियस के पार पहुंच गया है। गुरुवार को राजस्थान के श्रीगंगानगर में तापमान सबसे ज्यादा 44.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। यूपी के प्रयागराज और महाराष्ट्र के अमरावती में 44.4 डिग्री सेल्सियस, वहीं अकोला में 44.3 डिग्री सेल्सियस पारा रिकॉर्ड हुआ। बढ़ती गर्मी के कारण राजस्थान के जयपुर, कोटा, चित्तौड़गढ़, जैसलमेर और दौसा में स्कूलों की टाइमिंग सुबह 7.30 बजे से कर दी गई है। बीकानेर, झुंझुनूं और जैसलमेर में सरकारी योजनाओं काम के समय में भी बदलाव किया गया है। अब मजदूर सुबह 6 बजे से दोपहर एक बजे तक ही काम करेंगे।

### बंगाल में टीएमसी का दीया बुझने वाला है: मोदी

**कोलकाता।** पीएम नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को पश्चिम बंगाल के दमदम और जादवपुर में रैली की। उन्होंने कहा कि टीएमसी का दीया बुझने वाला है। बुझता दीया फड़फड़ाता है। बंगाल में परिवर्तन की लहर है। पहले चरण की वोटिंग ने इस पर मुहर लगा दी है।

# ट्रम्प के पास जंग जारी रखने के लिए सात दिन

**वाशिंगटन, वार्ता**

**अमेरिकी राष्ट्रपति** ट्रम्प के पास जंग जारी रखने के लिए 7 दिन हैं। अमेरिकी संविधान के अनुसार, किसी भी युद्ध को 60 दिन में संसद की मंजूरी लेनी पड़ती है। यहां भी ट्रम्प ने खेल किया। युद्ध 28 फरवरी को छेड़ा, संसद को 2 मार्च को सूचित किया।



- एक मई से पहले अमेरिकी संसद की मंजूरी मिलना जरूरी
- पार्टी के 10 सांसद जंग के विरोध में

अब एक मई से पहले उन्हें संसद से युद्ध की मंजूरी लेनी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक ट्रम्प संसद का सामना नहीं करना चाहते हैं। 100 सदस्यों वाली सीनेट में ट्रम्प के 53 सांसद हैं। जबकि विपक्षी कमला हैरिस की डेमोक्रेटिक पार्टी के पास 47 हैं। ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी के ही लगभग 10 सांसद ईरान युद्ध के विरोध में आवाज उठा चुके हैं। जबकि विपक्षी डेमोक्रेट एकजुट रहने वाले हैं। ऐसे में अब ट्रम्प एक मई से पहले किसी भी तरह युद्ध को खत्म करना चाहते हैं। इस कानून में 60 दिन के बाद एक विकल्प और है। राष्ट्रपति एक बार के लिए 30 दिन का अतिरिक्त समय ले सकते हैं, लेकिन यह सिर्फ सैनिकों की सुरक्षित वापसी के लिए होता है, न कि युद्ध जारी रखने के लिए। एक और बड़ा सवाल यह है कि क्या ट्रम्प इस समय सीमा को नजरअंदाज कर सकते हैं।

## अमेरिका के साथ शांतिवार्ता के लिए ईरान तैयार!

**इस्लामाबाद/तेहरान।** ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची के इस सप्ताहांत तक इस्लामाबाद पहुंचने की संभावना है।

दो पाकिस्तानी अधिकारियों ने शुक्रवार को बताया कि ईरान के शीर्ष राजनयिक के वार्ता के लिए इस सप्ताहांत तक पाकिस्तान की यात्रा करने की संभावना है। अधिकारियों ने ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची की यात्रा के बारे में अन्य कोई जानकारी देने से

- इस्लामाबाद जाएंगे ईरान के विदेश मंत्री अराघची

इन्कार कर दिया, सिवाय इसके कि उनके साथ एक छोटा सरकारी प्रतिनिधिमंडल होगा और वे शुक्रवार को ही पहुंच सकते हैं। पाकिस्तान ईरान और संयुक्त राज्य अमेरिका के बीच युद्धविराम वार्ता को फिर से शुरू करने का प्रयास कर रहा है।

## आम आदमी पार्टी में बड़ी फूट

# राघव चड्ढा समेत 'आप' के सात सांसद भाजपा में शामिल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के नेता और राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने शुक्रवार को पार्टी से इस्तीफा दे दिया। इसके साथ ही वो भाजपा में शामिल हो गए।

राघव के अलावा संदीप पाठक, अशोक मित्तल, हरभजन सिंह, विक्रजीत सिंह साहनी, राजिंदर गुप्ता के अलावा दिल्ली से आप की राज्यसभा सांसद स्वाति मालिवाल भी भाजपा में शामिल हो गईं। राघव ने एक्स पर जानकारी देते हुए लिखा, आज संविधान के प्रावधानों के तहत यह बड़ा राजनीतिक घटनाक्रम हुआ। आम आदमी पार्टी के दो-तिहाई से अधिक राज्यसभा सांसद भाजपा में शामिल हो गए। कुल सात सांसदों ने इस विलय संबंधी दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए। इन



- सात सांसदों ने राज्यसभा के सभापति को सौंपे दस्तावेज

दस्तावेजों को राज्यसभा के माननीय सभापति को सौंपा गया। तीन सांसदों ने व्यक्तिगत रूप से ये हस्ताक्षरित दस्तावेज सौंपे। राघव चड्ढा ने राज्यसभा सांसद संदीप पाठक और अशोक मित्तल के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए -**शेष पृष्ठ दो पर**

# प. बंगाल में बंपर वोटिंग देखकर बहुत खुश हूं: CJI

## मताधिकार के प्रयोग से लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होती है

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के पहले चरण में हुई रिकॉर्ड वोटिंग की तारीफ की। शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस जॉयमाल्या बागची और जस्टिस विपिन पंचोली की बेंच ने राज्य में चुनावी हिंसा न होने पर संतोष जताया। सीजेआई ने कहा कि भारत के नागरिक के रूप में, मुझे मतदान प्रतिशत देखकर बहुत खुशी हुई। जब लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करते हैं, तो इससे लोकतांत्रिक व्यवस्था मजबूत होती है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जिनके नाम वोटर लिस्ट से हटा दिए गए हैं, वे लोग समाधान के लिए कोर्ट की तरफ से नियुक्त 19 अपीलीय ट्रिब्यूनलों से संपर्क करें। कोर्ट बंगाल में एसआईआर को चुनौती देने वाली याचिकाओं की सुनवाई कर रहा था। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव से पहले इस प्रक्रिया को रोकने से इन्कार कर दिया था। कोर्ट ने अपीलीय ट्रिब्यूनलों से कहा कि वे उन लोगों को पहले सुनवाई का मौका दें, जो वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने के लिए अर्जेंट सुनवाई की गुहार लगाते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने 24 अप्रैल को उन विभिन्न लोगों की याचिका पर सुनवाई करने से इन्कार कर दिया, जिनके नाम पश्चिम बंगाल में मतदाता सूची के एसआईआर के दौरान मतदाता सूची से काट दिए गए थे, इनमें लगभग 65 चुनाव ड्यूटी अधिकारी भी शामिल थे।



- SIR लिस्ट से बाहर चुनाव अधिकारियों की याचिका पर कहा: इस बार वोट नहीं डाल पाएंगे

### सात महीने की प्रेग्नेंट नाबालिग को अबॉर्शन की इजाजत

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को सात महीने से ज्यादा की प्रेग्नेंट 15 साल की लड़की को मेडिकल टर्मिनेशन (अबॉर्शन) की इजाजत दी। जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने कहा कि यह जन्म लेने वाले बच्चे का सवाल नहीं है। जरूरी यह है कि लड़की क्या चाहती है। अगर वह बच्चे को जन्म नहीं देना चाहती, तो उसे मजबूर नहीं किया जा सकता। भले ही बच्चे को जन्म के बाद गोद देने का ऑप्शन मौजूद हो। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने मेडिकल रिपोर्ट का हवाला देते हुए कहा था कि इस स्टेज पर अबॉर्शन करना मां और बच्चे दोनों के लिए जोखिम भरा हो सकता है। उन्होंने डिलीवरी के बाद बच्चा गोद देने का सुझाव दिया था। कोर्ट ने उसे खारिज कर दिया। लड़की एक नाबालिग लड़के के साथ आपसी सहमति से संबंध के बाद प्रेग्नेंट हुई थी।

## पवन खेड़ा की जमानत याचिका खारिज

**गुवाहाटी।** गुवाहाटी हाईकोर्ट ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता पवन खेड़ा की अग्रिम जमानत की याचिका को खारिज कर दिया।

यह मामला असम सीएम सरमा की पत्नी के पास 3 विदेशी पासपोर्ट और अमेरिका में 50 हजार करोड़ की कंपनी होने के आरोप से जुड़ा है। खेड़ा ने यह आरोप 5 अप्रैल को दिल्ली में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में लगाए थे। इसके बाद असम सीएम

- गुवाहाटी हाईकोर्ट ने दिया कांग्रेस नेता को जोरदार झटका

की पत्नी रिनिकी भुइयां शर्मा ने पवन खेड़ा के खिलाफ गुवाहाटी में एफआईआर दर्ज कराई थी। कांग्रेस नेता ने एफआईआर के खिलाफ तेलंगाना हाईकोर्ट में ट्रांजिट जमानत की अपील की थी।

Shobhit University
EDUCATION EMPOWERS
NAAC A

UP Board 10+2 Students
Congratulations
and Welcome to New Possibilities




Explore Programs after 10+2 at Shobhit University, Meerut & Shobhit University, Gangoh

B.Tech.( with specializations) | BCA (with specializations) | BBA (with specializations) | B.Pharm. | BAMS | BNYS
BA LLB | BBA LLB (Hons) | B.Com LLB (Hons) | BA Psychology (Hons) | BA Business Economics (Hons)
BA Government & Administration (Hons) | B.Sc.(Hons) Food Technology | B.Sc. (Hons) Biotechnology | B.Sc. (Hons) Microbiology
B.Sc. (Hons) Biomedical Sciences | B.Sc. (Hons) Nutrition & Dietetics | B.Sc. Agriculture | B.Com. (Hons)
BA Yoga | BA (for girls only) | Polytechnic Engineering Diploma | D.Pharm.

Admission Open for Academic Session 2026–27

Admission to various undergraduate programs is offered through a structured multi-route system using score of different entrance tests:

Shobhit University National Entrance and Scholarship Test (SUNET)

JEE (Main) / NEET / CUET (UG) / CLAT / LSAT / AIMA-UGAT etc., and Academic Merit.

Shobhit Institute of Engineering & Technology Meerut
[NAAC 'A' Grade Accredited Deemed to-be University estd u/s 3 of UGC Act, 1956]
NH-58, Modipuram, Meerut-250110, Delhi NCR, India
7617505016 | www.shobhituniversity.ac.in

Shobhit University Gangoh, Saharanpur
[NAAC 'A' Grade Accredited University estd u/s 2(f) of UGC Act, 1956]
Babu Vijendra Marg, Gangoh-247341, Saharanpur, UP, India
7830810052 | www.sug.ac.in

Kunwar Shekhar Vijendra Ayurved Medical College and Research Centre Gangoh, Saharanpur
[A PG Institution with 200 bed hospital recognised by NCISM, Ministry of AYUSH, Government of India]

UGC | AICTE | AIU | PCI | NCISM | BCI | NCTE | CCRYN | 12B Status | UGC-DEB | SIRO | TBI | AICTE IDEA Lab | NCC

Scholarships available | RRTS Modipuram Metro Station is just 200 meters from the SU Meerut campus.

# कभी भारत आकर देखो, फिर बोलना

## ट्रम्प के विवादित पोस्ट पर ईरान ने कसा तंज, भारत की तारीफ में कही बड़ी बात

**मुंबई।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के एक सोशल मीडिया पोस्ट के बाद बड़ा कूटनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। ट्रम्प ने एक पोस्ट साझा किया था, जिसमें भारत और चीन जैसे देशों को नरक जैसे देश कहा गया था और अमेरिका की नागरिकता नीति में बदलाव की मांग की गई थी। इस बयान के बाद ईरान ने ट्रम्प पर तंज कसा है।

भारत के मुंबई स्थित ईरानी वाणिज्य दूतावास ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर महाराष्ट्र की संस्कृति और पर्यटन से जुड़ा एक वीडियो साझा किया और कहा कि ट्रम्प को यहां की यात्रा सांस्कृतिक डिटाक्स की तरह करनी चाहिए। पोस्ट में लिखा गया कि शायद किसी को ट्रम्प के लिए एक वन-वे कल्चरल डिटाक्स बुक कर देना चाहिए, जिससे उनकी बिना मतलब की बयानबाजी कम हो सके। साथ ही

> ईरानी वाणिज्य दूतावास ने एक्स पर महाराष्ट्र की संस्कृति और पर्यटन से जुड़ा एक वीडियो साझा किया

लिखा गया कि कभी भारत आकर देखो, फिर बोलना। बता दें कि यह विवाद तब शुरू हुआ जब ट्रम्प ने अमेरिकी टिप्पणीकार माइकल सैवेज के एक पॉडकास्ट को रीपोस्ट किया, जिसमें भारत और चीन जैसे देशों के लिए अपमानजनक शब्दों का इस्तेमाल किया गया था। इसमें आरोप लगाया गया कि इन देशों से लोग अमेरिका आकर बच्चे पैदा कर लेते हैं, ताकि उन्हें नागरिकता मिल जाए। बता दें कि इससे पहले भारत ने भी ट्रम्प के इस पोस्ट पर करारा जवाब दिया था। भारत के विदेश मंत्रालय ने इसे गलत जानकारी, अनुचित और खराब स्वाद वाला बयान बताया। मंत्रालय ने कहा कि यह टिप्पणी भारत-अमेरिका रिश्तों की वास्तविकता को नहीं दर्शाती, जो आपसी सम्मान और सहयोग पर आधारित हैं। बाद में स्थिति को संभालने के लिए अमेरिकी दूतावास ने सफाई दी।

### भारत-अमेरिका व्यापार समझौते पर वाशिंगटन में हुई सार्थक चर्चा

**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच फरवरी में हुए द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) को अंतिम रूप देने के बारे में दोनों देशों के अधिकारियों के बीच वाशिंगटन में इसी सप्ताह हुई बातचीत को भारत ने 'दूरदर्शी और सार्थक' बताते हुए कहा है कि दोनों पक्ष बातचीत को इसी गति के साथ जारी रखेंगे।

बीटीए पर आधिकारिक बातचीत के लिए भारतीय अधिकारियों की टीम 20 से 23 अप्रैल तक वाशिंगटन की यात्रा

- बातचीत जारी रखेंगे दोनों पक्ष

पर थी। वाणिज्य मंत्रालय ने इस बातचीत के बारे में शुक्रवार को एक विज्ञप्ति में कहा कि बैठकें रचनात्मक और सकारात्मक माहौल में आयोजित की गईं। इनमें सार्थक और दूरदर्शी चर्चाएं हुईं, जिससे प्रमुख मुद्दों पर प्रगति संभव हुई। दोनों पक्ष ने आगे बढ़ते हुए इस गति को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्धता जताई।

## संक्षिप्त समाचार

### अगला सीएम बंगाल से जन्म लेने वाला होगा : अमित शाह

**कोलकाता।** गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता में कहा कि 4 मई को हमारी सरकार बनेगी। बंगाल का अगला सीएम यहीं जन्म लेने वाला होगा। बस दीदी का भतीजा नहीं होगा। बंगाल में गुरुवार को पहले फेज में 152 सीटों पर रिकॉर्ड 92.72४ मतदान हुआ है। दूसरे फेज में 29 अप्रैल को वोटिंग होगी। रिजल्ट 4 मई को आएंगे। पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव के पहले चरण में रिकॉर्ड तोड़ मतदान के बाद केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को दावा किया कि राज्य में बीजेपी की भारी जीत होगी। उन्होंने कहा कि अंदरूनी आकलन से पता चला है कि पार्टी पहले चरण की जिन 152 सीटों पर मतदान हुआ है, उनमें से 110 सीटों पर जीत दर्ज करेगी। कोलकाता में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए अमित शाह ने कहा कि रिकॉर्ड 92.58 प्रतिशत मतदान दिखाता है कि लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकास को चुना है और पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को अलविदा कह दिया है।

### विदेशी मुद्रा भंडार 2.362 अरब डॉलर बढ़ा

**मुंबई।** देश का विदेशी मुद्रा भंडार 17 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 2.362 अरब डॉलर बढ़कर पांच सप्ताह के उच्चतम स्तर 703.308 अरब डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा का देश का भंडार लगातार तीसरे सप्ताह बढ़ा है। गत 10 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में यह 3.825 अरब डॉलर बढ़कर 700.946 अरब डॉलर पर रहा था। रिजर्व बैंक द्वारा शुक्रवार को प्राप्त जानकारी के अनुसार गत 17 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में 1.481 अरब डॉलर की वृद्धि हुई और यह 557.463 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

# नेपाल से सटे जिलों में पेट्रो पदार्थों की मांग में उछाल

शाह टाइम्स ब्यूरो



- अफवाहों और कीमत अंतर से बढ़ी 'पैनिक बाइंग'
- पैनिक बाइंग का मिश्रण है न किसी आपूर्ति का संकट

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के नेपाल सीमा से लगे जिलों में पेट्रोल और डीजल की मांग में अचानक आई तेजी ने प्रशासन और तेल कंपनियों की चिंता बढ़ा दी है। अधिकारियों का कहना है कि यह स्थिति किसी वास्तविक कमी के कारण नहीं, बल्कि अफवाहों, सख्त एंटी-होर्डिंग उपायों और सीमा पार कीमतों के अंतर के चलते पैदा हुई 'डिमांड डिस्टॉर्शन' है।

अधिकारियों के अनुसार, नेपाल में पेट्रोल की कीमत भारत से करीब 60 प्रति लीटर अधिक होने के कारण सीमावर्ती क्षेत्रों में ईंधन के छोटे स्तर पर सीमा पार ले जाए जाने की आशंका है। हालांकि किसी संगठित तस्करी की पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन प्रशासन ने निगरानी कड़ी कर दी है। इसका सबसे ज्यादा असर बहराइच, लखीमपुर, गोंडा, महराजगंज और बस्ती जैसे जिलों में देखा जा रहा है, जहां कम समय में बिक्री में तेज उछाल दर्ज किया गया है। वहीं लखनऊ के आसपास के इलाकों में भी पेट्रोल पंपों पर सामान्य से अधिक भीड़ देखी जा रही है। स्थिति को और जटिल बनाने में तेल कंपनियों के एंटी-होर्डिंग उपायों की भी भूमिका है। कई जगहों पर एक बार में लगभग 20 लीटर तक ही ईंधन देने की सीमा तय कर दी गई है। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में खासकर किसानों को परेशानी हो रही है, जो आमतौर पर 200 लीटर के ड्रम में डीजल स्टोर करते हैं। अब उन्हें कई बार छोटे-छोटे लेनदेन करने पड़ रहे हैं, जिससे पेट्रोल पंपों पर दबाव बढ़ गया है। इसके अलावा सोशल मीडिया पर चुनाव के बाद ईंधन कीमतों में संभावित बढ़ोतरी की अफवाहों और वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों को लेकर चर्चाओं ने लोगों में चिंता बढ़ा दी है। नतीजतन लोग जरूरत से ज्यादा ईंधन खरीद रहे हैं, जिससे पंपों पर भीड़ और बढ़ गई है। उत्तर प्रदेश स्टेट पेट्रोलियम डीलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष रंजीत सिंह ने भी कहा कि यह स्थिति लॉजिस्टिक टाइमिंग, अफवाहों और पैनिक बाइंग का मिश्रण है, न कि किसी आपूर्ति संकट का संकेत है। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और सामान्य रूप से ही ईंधन खरीदें, क्योंकि राज्य में पेट्रोल और डीजल की पर्याप्त उपलब्धता बनी हुई है। तेल कंपनियों का कहना है कि आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। आईओसीएल के राज्य प्रमुख संजय भंडारी के अनुसार ष्पेट्रोल और डीजल की कोई कमी नहीं है। मौजूदा उछाल अफवाहों के कारण हो रही पैनिक बाइंग का नतीजा है। उन्होंने बताया कि सीमावर्ती जिलों में आपूर्ति बढ़ा दी गई है, कुछ जगहों पर तो डिलीवरी लगभग दोगुनी कर दी गई है।

# पदयात्रा में आई महिलाओं को सड़ा खाना खिलाया: अखिलेश यादव

शाह टाइम्स ब्यूरो



- सपा मुखिया का बीजेपी सरकार पर गंभीर आरोप

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में भारतीय जनता पार्टी की पदयात्रा पर गंभीर आरोप लगाया है। यूपी के पूर्व सीएम ने दावा किया है कि जिन महिलाओं को पदयात्रा में बुलाया गया उन्हें पता ही नहीं था कि किस लिए बुलाया गया है, उन्हें जबरदस्ती बुलाया गया था।

राजधानी लखनऊ स्थित सपा मुख्यालय पर अखिलेश यादव ने प्रेस वार्ता में कहा कि महिलाओं को बुलाकर उन्हें सड़ा खाना खिलाया गया। अखिलेश ने तंजिया लहजे में कहा कि लखनऊ आई महिलाएं खोज रहीं थीं कि उन्हें आवास कौन देगा। इससे पहले कन्नौज सांसद ने पूर्व राज्यपाल अजीज कुरैशी को उनके जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि उनका समाज के प्रति योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने कहा कि पूरे जीवन का आकलन करें, तो अजीज कुरैशी गंगा-जमुनी तहजीब के बड़े पुरोधा रहे और भारतीयता व हिंदुस्तानियत को आगे बढ़ाने का काम किया। अखिलेश यादव ने उनके व्यक्तित्व को सिद्धांतवादी बताते हुए कहा कि उन्होंने जीवनभर सेक्युलर फैब्रिक को मजबूत किया और बड़े फैसले लेने से कभी पीछे नहीं हटे, जैसे लखनऊ आने के बाद रामपुर में बनी यूनिवर्सिटी का एक्ट पास कराना। इस दौरान उन्होंने गाजीपुर और हाथरस प्रकरण का जिक्र करते हुए प्रदेश सरकार पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि हाथरस मामले में पीड़िता की अंतिम इच्छा तक पूरी नहीं होने दी गई, जबकि उन्होंने खुद डीएम से इस बारे में बात की थी। उन्होंने कहा कि सरकार को किसी से कोई लेना-देना नहीं है और मीडिया पर भी सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि कई चैनलों को पिछले 10 साल में भारी फंडिंग मिली। अखिलेश यादव ने कहा कि प्रदेश में कानून-व्यवस्था की स्थिति खराब है और 'बब्बर शेर' की छवि को भी नुकसान पहुंचाया जा रहा है।

# कश्मीर को राज्य का दर्जा न देना सजा के समान: उमर

श्रीनगर, वार्ता



मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने भारतीय जनता पार्टी पर आरोप लगाया कि वह जम्मू- कश्मीर को राज्य का दर्जा देने में देरी कर रही है और इसे जनता के मतदान के लिए 'सजा' के रूप में देखा जा रहा है।

मुख्यमंत्री का यह बयान उस समय आया, जब विपक्ष के नेता सुनील शर्मा ने अब्दुल्ला सरकार पर ष्काम न करने, भ्रष्टाचार और गलत प्राथमिकताओं के आरोप लगाए थे। विपक्ष के नेता ने शुक्रवार को कहा कि राज्य का दर्जा अपने समय पर मिलेगा, लेकिन इसे किसी एक नेता के मुख्यमंत्री बनने से जोड़कर नहीं देखा जा सकता। इसके जवाब में अब्दुल्ला ने कहा कि हाल में राजौरी जिले के नौशेरा क्षेत्र में हुए एक बड़े कार्यक्रम से भारतीय जनता पार्टी असहज हो गई है और अब वह खुलकर यह स्वीकार कर रही है कि राज्य का दर्जा इसलिए नहीं दिया जा रहा, क्योंकि लोगों ने नेशनल कांफ्रेंस को वोट दिया। उन्होंने सामाजिक माध्यम पर कहा कि यह दर्शाता है कि जनता को उनके मतदान के लिए दंडित किया जा रहा है।

अब्दुल्ला ने विपक्ष के नेता पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उनकी अनुपस्थिति में विधानसभा अधिक शांत और उत्पादक ढंग से चली। इस बीच नेशनल कॉन्फ्रेंस के प्रवक्ता और विधायक तनवीर सादिक ने भी विपक्ष के नेता पर टिप्पणी करते हुए कहा कि वह उनके लापता होने की रिपोर्ट दर्ज कराने वाले थे।

## यूपी में वक्फ सम्पत्तियों के डिजिटलीकरण के तहत बड़ा खुलासा

# 12 हजार से अधिक सम्पत्तियों का पंजीकरण खारिज

शाह टाइम्स ब्यूरो



- सबसे ज्यादा लखनऊ में खारिज हुए, बिजनौर सहारनपुर, बाराबंकी, अमरोहा व बागपत में कम मामले सामने आए

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में वक्फ संपत्तियों के डिजिटलीकरण के तहत बड़ा खुलासा हुआ है। उम्मीद पोर्टल पर अपलोड किए गए करीब एक लाख वक्फ संपत्तियों के रिकॉर्ड की ऑडिट में 12,000 से अधिक पंजीकरण खारिज कर दिए गए हैं।

अधिकारियों के अनुसार यह कार्रवाई मुख्य रूप से डाटा एंट्री में त्रुटियों और अधूरे दस्तावेजों के कारण की गई है। सूत्रों की मानें तो खारिज की गई सूची के अनुसार सबसे अधिक पंजीकरण लखनऊ (1,114) में खारिज हुए हैं। इसके बाद बिजनौर (1,003) और सहारनपुर (990) का स्थान है। अन्य जिलों में बाराबंकी (577) और अमरोहा (85) शामिल हैं, जबकि बागपत (60) और बरेली (17) में अपेक्षाकृत कम मामले सामने आए हैं।

बोर्ड के एक सदस्य ने बताया कि प्रभावित संपत्तियों में छोटी मस्जिदों की जमीन से लेकर कुछ जिलों में 300 एकड़ से अधिक क्षेत्रफल वाले बड़े कब्रिस्तान भी शामिल हैं। सूत्रों के मुताबिक ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार सबसे ज्यादा खारिज किये गये कब्रिस्तानों के मामलों में हुआ है, इसके बाद मस्जिदों का स्थान है। इसके अलावा मदरसे, ईदगाह, इमामबाड़ा, दरगाह और कुछ आवासीय व आय अर्जित करने वाली संपत्तियां भी प्रभावित हुई हैं।

इस संबंध में वक्फ बोर्ड के सूत्रों ने बताया कि वक्फ संस्थानों का उम्मीद पोर्टल पर पंजीकरण कार्य जारी है और इसकी अंतिम तिथि छह जून 2026 निर्धारित है। उन्होंने कहा कि जिन पंजीकरणों को खारिज किया गया है, उन्हें अब पांच जून तक सही जानकारी और पर्याप्त दस्तावेजों के साथ दोबारा अपलोड करना होगा। राज्य में उत्तर प्रदेश सुन्नी वक्फ बोर्ड के अधीन 1.26 लाख से अधिक वक्फ संस्थान हैं।

### पूरी प्रक्रिया केन्द्र सरकार के उम्मीद पोर्टल के माध्यम से की जा रही है

यह पूरी प्रक्रिया केंद्र सरकार के उम्मीद पोर्टल के माध्यम से की जा रही है, जिसे जून 2025 में वक्फ संपत्तियों का डिजिटल रिकॉर्ड तैयार करने और प्रबंधन में पारदर्शिता लाने के उद्देश्य से शुरू किया गया था। वक्फ (संशोधन) अधिनियम, 2025 के तहत इस पोर्टल पर पंजीकरण अनिवार्य किया गया है, जो पांच अप्रैल से लागू हो चुका है। पहले तकनीकी दिक्कतों के कारण अपलोडिंग की गति धीमी थी, लेकिन बाद में सुधार होने के बाद अंतिम समय में बड़ी संख्या में आवेदन अपलोड किए गए। गौरतलब है कि शुरुआती अंतिम तिथि छह दिसंबर 2025 थी, जिसे बाद में वक्फ ट्रिब्यूनल के निर्देश पर 10 दिसंबर 2025 को छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया था।

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज़ पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

## अर्थ व्यापार

सेंसेक्स 76664.21
निफ्टी 23897.95
सोना 150664 प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)
चांदी रु. 240890 प्रति किलो



# आईटी सेक्टर में भारी बिकवाली सेंसेक्स एक हजार अंक लुढका

मुंबई, वार्ता



घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को आईटी सेक्टर की कंपनियों में तेज बिकवाली देखी गयी जिससे सकल निवेश धारणा प्रभावित हुई और बीएसई का सेंसेक्स एक हजार अंक टूट गया।

सेंसेक्स सुबह 180 अंक नीचे खुला और एक समय 1,260 अंक गिर गया था। अंत में यह 999.79 अंक (1.29 प्रतिशत) की गिरावट में 76,664.21 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में सबसे ज्यादा नुकासान उठाने वाली चारों कंपनियां आईटी सेक्टर से हैं। इंफोसिस का शेयर सात प्रतिशत से अधिक लुढ़क गया। एचसीएल टेक्नोलॉजीज में तकरीबन छह प्रतिशत, टीसीएस में पौने पांच प्रतिशत और टेक महिंद्रा में चार प्रतिशत के आसपास गिरावट रही। आईटी कंपनियों में गिरावट की मुख्य वजह निकट भविष्य के परिदृश्य को लेकर है। इंफोसिस के वित्तीय परिणामों में बताया गया है कि मौजूदा वित्त वर्ष में उसकी राजस्व वृद्धि दर बेहद धीमी रह सकती है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी.50 सूचकांक भी 275.10 अंक यानी 1.14 प्रतिशत नीचे 23,897.95 अंक पर बंद हुआ। चौतरफा बिकवाली के बीच मझौली कंपनियों का मिडकैप-50 सूचकांक 1.15 अंक और स्मॉलकैप.100 सूचकांक 0.96 प्रतिशत गिर गया। आईटी सेक्टर का सूचकांक 5.29 प्रतिशत टूट गया। मीडिया, फार्मा, रियलटी और स्वास्थ्य सेक्टरों के सूचकांक एक से दो प्रतिशत तक फिसल गए। बैंकिंग, वित्त, एफएमसीजी, तेल एवं गैस और टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद समूहों पर भी काफी दबाव रहा। सेंसेक्स में आईटी कंपनियों के अलावा सनफार्मा का शेयर साढ़े तीन फीसदी से अधिक टूट गया। एशियन पेंट्स, आईसीआईसीआई बैंक, हिंदुस्तान यूनीलिवर, बीईएल, आईटीसी, इटरनल, भारती एयरटेल, एलएंडटी, बजाज फिनसर्व और टाइटन के शेयरों में एक से दो प्रतिशत तक गिरावट रही।

### पश्चिम एशिया संकट से टूटे सोने-चांदी के दाम

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया संकट का असर सर्राफा बाजार पर भी पड़ रहा है। शुक्रवार को सोने-चांदी की कीमतें गिरावट के साथ खुली हैं। 24 कैरेट वाले शुद्ध सोने का भाव 150664 रुपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी 240890 रुपये प्रति किलोग्राम है। केडिया एडवाइजरी के फाउंडर अजय केडिया ने बताया कि गोल्ड-सिल्वर का मार्केट अभी कमजोर दिख रहा है, क्योंकि महंगाई के बढ़ने से ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद कम हो रही है और कच्चे तेल की कीमतें बढ़ने से डॉलर मजबूत हो रहा है, जो गोल्ड-सिल्वर समेत सभी बेस मेटल्स के लिए नेगेटिव है। अजय केडिया ने कहा कि हालांकि सोने-चांदी में यह गिरावट अस्थाई है और प्रॉफिट बुकिंग के चलते अगले 2-4 महीने गोल्ड-सिल्वर गिरावट के साथ एक दायरे में कारोबार करते रहेंगे। इसके बाद ही एक नई तेजी देखने को मिल सकती है।सोने-चांदी में गिरावट की मुख्य वजह मजबूत अमेरिकी डॉलर, ब्याज दर और मध्य पूर्व संघर्ष को लेकर बनी अनिश्चितता है, क्योंकि बाजार अमेरिका-ईरान शांति वार्ता की संभावनाओं को लेकर सतर्क रहे। दरअसल ईरान ने होर्मुज से अमेरिकी नौसैनिक नाकाबंदी हटाने की मांग की।

# चावल, दालों के भाव बढ़े, गेहूं नरम, खाद्य तेलों में रही घट-बढ़

नई दिल्ली, वार्ता

घरेलू थोक जिंस बाजारों में शुक्रवार को चावल का औसत भाव बढ़ गया। चावल के साथ दालों में भी तेजी देखी गई। गेहूं में नरमी का रुख रहा, जबकि खाद्य तेलों के दामों में घट-बढ़ रही।

औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 83 रुपये बढ़कर 3,851 रुपये प्रति क्विटल पर पहुंच गई। गेहूं पांच रुपये सस्ता हुआ और 2,773 रुपये प्रति क्विटल बोला गया। आटे की कीमत 12 रुपये बढ़ गई। दाल. दलहनों में मजबूती रही। उड़द दाल 64 रुपये प्रति क्विटल मजबूत हुई। मसूर दाल की कीमत 53 रुपये और तुअर दाल की 51 रुपये बढ़ गयी। मूंग दाल 41 रुपये और चना दाल 21 रुपये प्रति क्विंटल मजबूत हुआ। मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में जुलाई का पाम ऑयल वायदा 16 रिंगिट चढ़कर 4,595 रिंगिट प्रति टन पर पहुंच गया। जुलाई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.04 प्रतिशत की बढ़त के साथ 71.08 सेंट प्रति पौंड के भाव बोला गया। स्थानीय बाजारों में पाम ऑयल की औसत कीमत 208 रुपये और मूंगफली तेल की 124 रुपये प्रति क्विंटल बढ़ गई। सूरजमुखी तेल 119 रुपये और वनस्पति 77 रुपये महंगा हुआ। सरसों तेल में 35 रुपये की बढ़त रही। वहीं सोया तेल 12 रुपये प्रति क्विटल महंगा हुआ। मीठे के बाजार में आज गुड़ का औसत भाव 39 रुपये प्रति क्विटल बढ़ गया। वहीं चीनी गत दिवस के स्तर पर पड़ी रही। सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे: दाल-दलहन: दाल चना 7688.88 रुपये, मसूर काली 8092.42 रुपये, मूंग दाल 10180.18 रुपये, उड़द दाल 10821.07 रुपये, तुअर दाल 11249.21 रुपये प्रति क्विटल रही। अनाज: (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2773.49 रुपये और चावल 3851.19 रुपये प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3258.66 रुपये प्रति क्विंटल रहा।

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फेटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिज़ीज़ आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**राघव चड्ढा...** कहा कि हमने फैसला किया है कि हम, राज्यसभा में आम आदमी पार्टी के दो-तिहाई सदस्य, भारत के संविधान के प्रावधानों का प्रयोग करते हुए भाजपा में विलय कर लेंगे। इसके अलावा उन्होंने यह भी जानकारी दी कि स्वाति मालीवाल और पूर्व क्रिकेटर हरभजन सिंह भी भाजपा में शामिल होंगे। राघव चड्ढा ने कहा कि उन्होंने अपने खून-पसीने से पार्टी को सींचा और अपनी जवानी के 15 साल दिए। उनके अनुसार, पार्टी अब अपने सिद्धांतों, मूल्यों और मूल नैतिकता से पूरी तरह भटक गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी अब देश या राष्ट्रीय हित के लिए काम नहीं कर रही है। बल्कि, यह व्यक्तिगत लाभ के लिए कार्य कर रही है। चड्ढा ने महसूस किया कि वह गलत पार्टी में सही आदमी हैं। संदीप पाठक ने इस दौरान कहा कि मैंने अपने जीवन में नहीं सोचा था ये स्थिति आएगी, और ये आ गई। मैं किसान परिवार से आया फिर पढ़ाई लिखाई की। मैं राजनीति में सिर्फ इस मकसद से आया कि देश के लिए कुछ बड़ा कर सकूं। देश सेवा के मकसद से ही आम आदमी पार्टी में जुड़ा था। दरअसल केजरीवाल और राघव चड्ढा में दूरियां उसी दिन से नजर आने लगी थी जब केजरीवाल जेल में थे और राघव अपनी पत्नी परिनीति के साथ लंदन में घूमते व मस्ती की फोटो सोशल मीडिया पर अपलोड कर रहे थे। राघव को लोकसभा चुनाव में भी पंजाब से दूर रखा गया। औपचारिक तौर पर वे श्री आनंदपुर साहब सीट पर नजर आए थे। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि पिछले कुछ समय से राघव चड्ढा पार्टी के अहम मुद्दों पर अपेक्षाकृत शांत नजर आ रहे थे। विपक्ष जहां इसे आप के अंदरूनी मतभेद का संकेत बता रहा है। वहीं पार्टी के वरिष्ठ नेता संजय सिंह और नए उपनेता डा. अशोक कुमार मित्तल ने इसे एक सामान्य संगठनात्मक प्रक्रिया करार दिया है, जिसका मकसद अन्य सांसदों को भी जिम्मेदारी देना है।

### एनएचआरसी ने तमिलनाडु में 18 श्रमिकों की मौत का स्वत: संज्ञान लिया

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले में एक निजी पटाखा निर्माण इकाई में हुए विस्फोट में 18 श्रमिकों की मौत और छह अन्य के घायल होने की घटना का स्वत: संज्ञान लिया है एनएचआरसी ने आज बताया कि आयोग ने तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले के कट्टानारपट्टी क्षेत्र में निजी पटाखा निर्माण इकाई में हुए विस्फोट का स्वत: संज्ञान लिया है। इस विस्फोट में कम से कम 18 श्रमिकों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए। खबरों के अनुसार 19 अप्रैल को जब यह घटना घटी, तब कारखाने में महिलाओं सहित 100 से अधिक श्रमिक मौजूद थे। बताया जा रहा है कि रासायनिक मिश्रण और निर्माण प्रक्रिया के दौरान घर्षण के कारण विस्फोट हुआ। खबरों के मुताबिक जिले में हाल ही में हुई इसी तरह की एक घटना में चार लोगों की मौत हो गई थी। आयोग ने पाया है कि यदि समाचार रिपोर्ट में दी गई जानकारी सही है, तो इससे पीड़ितों के मानवाधिकारों के गंभीर उल्लंघन के मामले सामने आते हैं। आयोग ने तमिलनाडु के मुख्य सचिव और विरुधुनगर के पुलिस अधीक्षक को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के अंदर इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। उल्लेखनीय है कि 20 अप्रैल को प्रकाशित मीडिया रिपोर्ट के अनुसार घायल श्रमिकों को विरुधुनगर सरकारी मेडिकल कॉलेज अस्पताल में स्थानांतरित कर दिया गया था।

# बेहतर दिल्ली के लिए युकां मई से शुरू करेगी अभियान

नई दिल्ली, वार्ता



- दुनियाभर में भारत की राजधानी दिल्ली की पहचान प्रदूषित के रूप में पहचान है

कांग्रेस ने कहा है कि राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में जीवन को बेहतर बनाने के लिए उसका युवा संगठन युवा कांग्रेस ने 'बेहतर दिल्ली, संवाद, संघर्ष और समाधान' कार्यक्रम शुरू करने का निर्णय लिया है जिसके तहत मोहल्ला स्तर पर नागरिकों के साथ संवाद के लिए अभियान चलाया जाएगा।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तथा पार्टी के कोषाध्यक्ष अजय माकन, युवा कांग्रेस के अध्यक्ष उदय भानु चिब, दिल्ली प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव तथा दिल्ली प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष अक्षय कालरा ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि दिल्ली की तस्वीर को तबाह किया जा रहा है और दुनिया भर में भारत की राजधानी दिल्ली की पहचान सबसे बड़े प्रदूषित शहर के रूप में हो रही है। उन्होंने आम आदमी पार्टी और भाजपा पर आरोप लगाया कि उनके भ्रष्टाचार की वजह से दिल्ली के लोगों का सम्मानजनक जीवन जीने का हक छिन गया है। माकन ने कहा कि दिल्ली को बर्बाद करने के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार यहां की तबाह की गई सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था और आये दिन हो रहे निर्माण कार्य हैं। दिल्ली में प्रदूषण तथा अन्य समस्याओं का समाधान इन दिक्कतों की वजह से सबसे ज्यादा बढ़ रहा है और प्रदूषण दिल्ली के लोगों के लिए गहरा संकट बन गया है। उन्होंने कहा कि जब से भाजपा सरकार ने मनरेगा खत्म किया है, तब से शहरों पर दबाव बढ़ गया है और देश की 40 प्रतिशत आबादी गांव में रोजगार नहीं मिलने के कारण शहरों की तरफ पलायन कर रही है। उन्होंने कहा मनरेगा खत्म होने से रेहडी पटरी वाले, गिग वर्कर्स तथा अन्य की समस्याएं शहरों में बढ़ रही है, जिससे लोगों का शहरी जीवन ज्यादा कठिन हो गया है। उनका कहना था कि फिलहाल दिल्ली को जल भराव और कूड़ा संकट से मुक्ति दिलाने की सख्त जरूरत है। चिब ने कहा कि उनका संगठन शहरी इलाकों में लोगों की समस्याओं के निराकरण के लिए सबसे पहले दिल्ली में संवाद संघर्ष और अभियान की शुरुआत कर रहा है और उसका यह कार्यक्रम एक मई से शुरू हो जाएगा।

### ग्राम स्वराज से ही मजबूत होगा लोकतंत्र: खड़गे



**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने पंचायतों को लो. कतंत्र की मजबूत नींव बताया और कहा है कि ग्राम स्वराज से ही लो. कतंत्र मजबूत होगा। खड़गे ने शुक्रवार को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर देशवा. सियों को शुभकामनाएं दीं और महात्मा गांधी के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि पंचायती राज सच्चे लोकतंत्र का प्रतिनिधित्व करता है और भारत की असली ताकत गांवों में बसती है। उन्होंने सोशल मीडिया के माध्यम से कहा कि 'ग्राम स्वराज' की अवधारणा, जिसे महात्मा गांधी और विनोबा भावे ने आगे बढ़ाया, आज भी देश के विकास की दिशा तय करती है। उन्होंने बताया कि कांग्रेस सरकार के दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्री राजिव गांधी के प्रयासों से 73वां संविधान संशोधन लागू हुआ, जिससे पंचायती राज संस्थाओं को संस्थागत मजबूती मिली और लोकतंत्र जमीनी स्तर तक पहुंचा।

# अस्पताल की ओपीडी नम्बर एक में स्टाफ-स्टाफ के बीच हुआ घमासान

## महिला चिकित्सालय के ड्राइवर पर लगाए गए गंभीर आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** अक्सर जिला अस्पताल में वाद-विवाद बीमार-तीमारदार व अस्पताल के स्टाफ के बीच झडपों के मामले सामने आते रहते है और विवाद की शुरूआत अक्सर ओपीडी नम्बर एक से ही होती है, जबकि यहां जिला अस्पताल में 14 से लेकर 15 से अधिक ओपीडी है, लेकिन सोचने और गंभीर विषय यही है कि आखिर इस ओपीडी पर अक्सर वाद-विवाद के मामले सामने क्यो आते है? यह गौर करने का भी विषय है। यह अलग बात है कि बीमार का तीमारदार आगे बढ़ने को लेकर विवाद कर देता है, लेकिन इस ओपीडी नम्बर एक पर झगडे और विवाद का क्या कारण है? आखिर यहां क्यो होते है वाद-विवाद? यहां पर अस्पताल के आला अफसर को गौर करना चाहिए। सुनने में तो आया है कि इस ओपीडी में 4 से 5 डॉक्टर बैठते है, लेकिन मरीजों को कई-कई घंटे लम्बी लाइन में खडा होना पड़ता है। मरीज गंभीर हो या नॉर्मल लेकिन सबके लिए टाइम बराबर है। चाहे मरीज की जान ही क्यो ना चली जाए, लेकिन यहां पांच डॉक्टर के होते हुए भी लम्बी लाइन में कई-कई घंटा खडा होना पड़ता है। यह बात हम नहीं कह रहे है यह तो अस्पताल में आने वाले मरीजों और तीमारदारों का कहना है ऐसा भी नहीं है कि यह मामले अस्पताल के आला अधिकारियों के संज्ञान में ना हो और ऐसे मामलों में जांच पड़ताल की जाए तो सारी हकीकत सामने आ जाएगी।

शुक्रवार को भी जिला अस्पताल में ओपीडी नम्बर एक पर जमकर घमासान हुई। कुछ देर के लिए यहां कुश्ती का अखाडा बन गया। जैसा कि अस्पताल के स्टाफ का कहना है कि महिला अस्पताल का संविदाकर्मी खुद का स्टाफ बताकर ओपीडी नम्बर एक में मरीज को दिखाने की जल्दी कर रहा था और इसी बीच यहां ड्यूटी पर तैनात कर्मी के साथ मारपीट शुरू हो गई। इस दौरान एक दिव्यांग व्यक्ति को भी पीटा गया। बताया जाता है कि जिला महिला अस्पताल में संविदाकर्मी गौरव बालियान मरीज को दिखाने की जल्दी करने लगा। और यहां तैनात स्टाफ ने नियम के अनुसार अंदर जाने की बात कही तो इसी बात को लेकर यहां मारपीट शुरू हो गई। अस्पताल में हंगामा होता देख यहां का स्टाफ एकत्रित हो गया। बताया जाता है कि दिव्यांग व्यक्ति के कान पर गंभीर चोटे आई। गौरव बालियान जिला महिला अस्पताल में संविदा पर ड्राइवर के पद पर तैनात है। सलमान का आरोप है कि वह अक्सर मरीजों को लेकर यहां आता है और जल्द ही मरीज को दिखाने के लिए लाइन के अंदर घुस जाता है। इस संबंध में वरिष्ठ फिजीशन डॉक्टर तीरखा ने महिला अस्पताल की सीएमएस आभा आत्रे से बात की तो उन्होने कार्यवाही की बात कहकर इस मामले की इतिश्री कर दी।

इस दौरान राजकीय कर्मचारी संयुक्त परिषद के जिला अध्यक्ष डॉक्टर संजीव लाबा ने कहा कि अस्पताल में किसी भी कर्मचारी के खिलाफ बदसलूकी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उधर डॉक्टर योगेन्द्र तीरखा ने सलमान और दिव्यांग व्यक्ति का मेडिकल परिक्षण कराया और उन्होने थाने में तहरीर देने की भी बात कही है।

इस मामले में क्या कार्यवाही होगी यह पुलिस जांच का विषय है, लेकिन अगर अस्पताल के मामले में गौर किया जाए तो ओपीडी नम्बर एक में अक्सर वाद-विवाद सामने आते रहते है। यहां सबसे बडी बात यही है कि मरीजों को काफी-काफी समय तक लम्बी लाइन में खडा होना पड़ता है।

## एसएसपी ने कार्यालय का किया उद्घाटन

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी इस्पेक्टर ब्रजेश शर्मा ने थाना परिसर का सौदर्यकरण करते हुए यहां निर्मित कराए गए कार्यालय और अत्याधुनिक जन सुनवाई हाल का एसएसपी संजय कुमार वर्मा और एसपी सिटी अमृत जैन ने उद्घाटन किया। दोनो अधिकारियों ने कोतवाल बृजेश शर्मा की इस कार्यशैली की सराहाना की है। उद्घाटन करने के बाद पुलिस कप्तान ने कार्यालय और जनसुनवाई हाल का निरीक्षण किया। और कहा कि जनसुनवाई व्यवस्था को प्रभावी प्रारदर्शी और जवाबदेही बनाया जाए जिससे पीड़ित को न्याय मिल सके और जल्द समाधान हो सके। इस दौरान कोतवाल की कार्यशेली की सराहना की गई।

## फ्रेंड्स कॉलौनी में युवक की सड़क पर गिरकर मौत

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र की फ्रेंड्स कॉलोनी में गुरुवार देर रात एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। युवक सड़क पर लड़खड़ाकर गिरा और कुछ ही देर में उसने दम तोड़ दिया। यह घटना रात करीब 10 बजे की है। लगभग 30 वर्षीय अज्ञात युवक सड़क पर अचानक लड़खड़ाकर गिर पड़ा। पूरी घटना पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। फुटेज में दिख रहा है कि युवक पहले लड़खड़ाता है, फिर सड़क पर गिर जाता है।

गिरने के बाद वह उठने का प्रयास करता है, लेकिन दोबारा जमीन पर गिर पड़ता है और फिर नहीं उठा।

# भाजपा को छोड़कर सभी के लिए खुला दरवाजा:रतन

## संयुक्त कार्यक्रम में कुलदीप सिंह साथियों सहित असपा के हुए

**कार्यक्रम में पूर्व सांसद अमीर आलम का न आना बना चर्चा**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** नई मंडी के एक पार्टी हाल में हुए आजाद समाज पार्टी एवं भीम आर्मी भारत एकता मिशन के संयुक्त कार्यक्रम में कुलदीप सिंह ने अपने साथियों के संग आसपा की सदस्यता ग्रहण की। मुख्य अतिथि भीम आर्मी भारत एकता मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रतन सिंह ने पत्रकार वार्ता में कहा कि सदस्यता अभियान चलाकर लोगों को जोड़ा जा रहा है। प्रत्येक गांव में कार्यकर्ता तैयार किए जाएंगे। उन्होने कहा कि देश एवं प्रदेश में तानाशाही सरकार है। किसान और मजदूर समेत हर वर्ग इस सरकार में दुखी हो चुका है। तानाशाही व्यवस्था का जवाब देने के लिए भीम आर्मी और आसपा मिलकर काम कर रही है। एक सवाल के जवाब में उन्होने कहा कि इसके लिए कमेटी बनाई गई है, लेकिन भाजपा से विधानसभा में गठबंधन नहीं होगा। देश की विचारधारा और व्यवस्था को बचाने के लिए भाजपा को छोड़कर अन्य दलों का साथ देने के लिए दरवाजे खुले हैं। महिला आरक्षण के नाम पर भाजपा राजनीति कर रही है। अब तक सभी बिल पास कराए हैं, लेकिन महिला आरक्षण पर धोखा किया गया। आरक्षण में एससी-एसटी, ओबीसी समेत अल्पसंख्यक वर्ग की महिला के लिए प्रतिशत तय कर कोटा रखा जाए। मजबूती से आसपा और भीम आर्मी चुनाव की तैयारी कर रही है। प्रदेशभर में स्मार्ट मीटर को लेकर कहा कि इससे आम उपभोक्ता पर बोझ बढ़ेगा। बड़ी-बड़ी इकाइयों पर हजारों करोड़ रुपये बिल बकाया है, स्मार्ट मीटर वहां लगाया जाएगा। इस दौरान आसपा जिलाध्यक्ष दिनेश बावरा, भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष रजत निठारिया, मास्टर हिदायतुल्ला, कुलदीप सिंह मौजूद रहे।



मुजफ्फरनगर: प्रेसवार्ता करते भीम आर्मी के पदाधिकारी विनय रतन सिंह।

## कोल्हू की गर्म राख से पांच बिटौड़ों में लगी आग

**बुढ़ाना।** गांव अलीपुर अटेरना में शुक्रवार को कोल्हू संचालक की लापरवाही से बड़ा हादसा हो गया। कोल्हू से निकली गर्म राख डालने के कारण गांव में रखे पांच बिटौड़ों में भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। बिटौड़ा मालिकों में घटना को लेकर भारी रोष है। सूचना मिलते ही भाजपा के पूर्व विधायक उमेश मलिक मौके पर पहुंचे। उन्होंने तत्काल फायर ब्रिगेड को बुलवाया। दमकल की गाड़ी ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। तब तक पांचों बिटौड़े जलकर राख हो चुके थे।

ग्रामीणों का हजारों रुपये का नुकसान हुआ है। पूर्व विधायक उमेश मलिक ने पुलिस प्रशासन को मौके पर बुलाया व कोल्हू संचालक के खिलाफ कठोर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लापरवाही किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पीड़ितों को न्याय दिलाया जाएगा। इस दौरान भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष मोनू मलिक और भाजपा नेता अंकुश राठी भी मौजूद रहे। नेताओं ने पीड़ित परिवारों से मिलकर उन्हें हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।

ग्रामीणों ने मांग की है कि कोल्हू संचालक से नुकसान की भरपाई कराई जाए और भविष्य में ऐसी घटनाएं न हों, इसके लिए पुख्ता इंतजाम किए जाएं। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## जर्जर तारों की चिंगारी से कई बीघा गन्ना जला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** ब्लाक क्षेत्र के गांव मिंडकाली में बिजली विभाग की लापरवाही से एक किसान को काफी नुकसान उठाना पड़ा। जर्जर बिजली के तारों से निकली चिंगारी ने गेहूं के अवशेष यानी फानों में आग पकड़ ली। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और पास के खेतों में खड़ी कई बीघा गन्ने की फसल को अपनी चपेट में ले लिया। आग इतनी तेज थी कि जब तक ग्रामीण काबू पाते पूरी फसल जलकर राख हो चुकी थी। पीड़ित किसान मास्टर सतीश का अनुमान है कि इस अग्निकांड में लाखों रुपये की गन्ने की फसल बर्बाद हो गई। साल भर की मेहनत एक झटके में स्वाहा हो गई। घटना के बाद किसान ने बिजली विभाग व तहसील प्रशासन को सूचना दी लेकिन घंटों बाद कोई भी जिम्मेदार अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा। इससे आक्रोशित किसान ने विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। किसान का आरोप है कि कई बार जर्जर तार बदलने की शिकायत की गई लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। ग्रामीण ने प्रशासन से मांग की है कि नुकसान का तत्काल आंकलन कराकर मुआवजा दिया जाए व गांव में झूल रहे जर्जर तारों को तुरंत बदला जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाए ना हो सकें।

# राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष ने सुनी जन समस्याएं

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** राष्ट्रीय महिला आयोग में पंजीकृत 48 प्रकरणों एवं अन्य उपस्थित प्रकरणों में जनसुनवाई कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही करते हुए संबंधित अधिकारियों को निस्तारण सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त प्रकरणों मे संबंधित अधिकारियों को अनुपालन आख्या आयोग को उपलब्ध कराने के निर्देश दिये गये। इसके साथ ही महिला जनसुनवाई हेतु उपस्थित महिलाओं/ बालिकाओं को भारत सरकार एवं उ0प्र0 सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं-जैसे मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना, उ0प्र0 मुख्य बाल सेवा योजना, प्रधान मंत्री



आवास योजना, मनरेगा, एवं स्पॉन्सरशिप योजनाओं से लाभान्वित किए जाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

महिला जन-सुनवाई उपरांत अध्यक्ष ने समीक्षा बैठक में महिलाओं संबंधी योजनाओं/कार्यक्रमों एवं उनके क्रियान्वयन के विषय में डीएम एवं एसएसपी, मुख्य विकास अधिकारी सहित जनपद स्तरीय अधिकारीगणों से विस्तृत जानक. ारी प्राप्त की गयी।

महिलाओं का कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न (निवारण, प्रतितोष, प्रतिषेध) 2013 के अन्तर्गत गठित आंतरिक समिति एवं जनपद स्तर पर गठित स्थानीय समिति के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।

महिलाओं को सुरक्षित एवं सम्मानजनक कार्यस्थल हेतु शपथ भी दिलाई गयी। बैठक में डीएम उमेश मिश्रा, एसएसपी संजय कुमार वर्मा, सीडीओ कंडारकर कमलकिशोर, एसपी क्राइम इंदु सिद्धार्थ, सीएमओ डा. सुनील तेवतिया, समस्त सीओ रूपाली राय, राजू कुमार साव, रविशंकर मिश्रा, सु ऋषिका सिंह, जिला विकास अधिकारी दिग्विजय नाथ तिवारी, परियोजना निदेशक, उपायुक्त उप निदेशक कृषि/जिला कृषि अधिकारी राहुल तेवतिया, सहायक आयुक्त उद्योग आशीष कुमार, अग्रणी बैंक प्रबंधक, अधिशासी अभियंता, परियोजना अधिकारी पंकज प्रकाश राठौर, जिला प्रोबेशन अधिकारी संरक्षण अधिकारी संजय कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी सुशील कुमार, डाक विभाग के पदाधिकारीगण, समस्त सदस्य स्थानीय समिति सु विशाखा, हेमलता, केन्द्र प्रशासक (वन स्टॉप सेंटर) पूजा नरूला तथा पुलिस/प्रशासन से संबंधित अधिकारीगण शामिल रहे। उक्त कार्यक्रम में महिला कल्याण के समस्त कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## चोरी की बाइकों के साथ दो युवक गिरफ्तार

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाइन पुलिस ने शातिर वाहन चोर गिरोह के दो लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके पास से चोरी की बाइक बरामद होना बताया है। सिविल लाइन पुलिस का कहना है कि पुलिस ने मुजिम्मल अहमद पुत्र अहमद अली निवासी मार्डल टाउन कॉलौनी थाना सिविल लाइन ने सिविल लाइन पुलिस को सूचना देकर बताया था कि बदमाशों ने उसकी बाइक संख्या यूपी बारह बीजे 8507 को चोरी कर ली है। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज किया और एक ओर मामले में प्रियांशु ग्रोवर पुत्र स्व. मुकेश ग्रोवर निवासी पंजाबी कॉलौनी मीरांपुर ने भी पुलिस को तहरीर देकर अपनी बाइक चोरी होने की शिकायत की। इस शिकायत के आधार पर भी पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया और सीसीटीवी कैमरों की जांच पडताल की। पुलिस ने इस मामले में सीसीटीवी के साथ यश ऐप पर आरोपियों का अवलोकन किया जहां आकाश उर्फ राजा व इस्तेफाक प्रकाश में आए। पुलिस ने इनके कब्जे से गिरफ्तारी के बाद दोनों बाइके बरामद की। पुलिस का कहना है कि पकडे गए आरोपियों का एक गिरोह है जो बाइके चोरी करने के बाद उन्हे बेच देते है। बता दे कि पुलिस एक माह में कई वाहन चोर गिरोह को जेल भेज चुकी है। और इस मामले में वांछित लोगों की तलाश की जा रही है। पुलिस का कहना है कि पकडे गए आरोपियों से भारी संख्या में वाहन बरामद होंगे।

# महिला आरक्षण बिल पर विपक्ष के रवैए पर निकाला आक्रोश मार्च

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मोरना।** मोरना में शुक्रवार को भाजपा की महिला कार्यकर्ताओं ने इकठा होकर जन आक्रोश मार्च निकाला।भाजपाइयों ने महिला आरक्षण बिल पर विपक्ष के रवैये को लेकर नारेबाजी की व महिलाओं के अधिकारों व उनके सम्मान को लेकर सरकार की नीति को विस्तार से बताया।

मोरना में स्थित ड्रीम वेन्यू में शुकतीर्थ मंडल अध्यक्ष अरुण पाल के द्वारा एक सभा का आयोजन किया गया।जिसमे जिला उपाध्यक्ष रोहतास पाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण एवं संसद की सीटें बढ़ाने



का जो महत्वपूर्ण निर्णय लिया उसका विपक्ष ने सम्मान नहीं किया । महिलाओं के मान ,सम्मान और स्वावलंबन के लिए भाजपा सरकार हमेशा प्रयत्शील रही है किंतु विपक्ष महिलाओं को उनके अधिकारों से वंचित रखना चाहता है। जिसका नतीजा विपक्ष को चुनावों में भुगतना पड़ेगा ।महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष सुषमा देवी ने कहा कि महिलाएं प्रधानमंत्री मोदी के साथ मजबूती से खड़ी है ।कांग्रेस ,सपा और टीएमसी ने घोर पाप किया है जिसे महिलाएं सहन नहीं करेगी।जिसके बाद जनाक्रोश रैली मुख्य मार्ग से निकाली गयी। इस दौरान महिला मोर्चा की मण्डल मन्त्री राज. कुमारी देवी , ममतेश , पूजा , पूनम देवी सीमा, गीता, बोबी, नीलम ,रेशमा ,सुदेश, सुमन, पिंकी, बबीता, मालती, निर्देश, तारावती रीता कृष्णा आदि उपस्थित रही।जनाक्रोश रैली शुक्रताल मार्ग से होकर चौधरी चरण सिंह चौक तक पहुंची जहां मंडल अध्यक्ष अरुण पाल , जिला संयोजक रामकुमार शर्मा , किसान मोर्चा से ब्रजवीर सिंह ,मनोज कुमार, कंवर पाल सिंह,डॉ. ओमपाल सिंह चौहान ,सुखवीर सिंह चौहान ने महिलाओं का सहयोग किया।



मुजफ्फरनगर। अप्रैल माह में ही पड़ने लगी तेज गर्मी, तेज धूप के चलते मुंह ढककर जाती महिलाएं।

# शिव मूर्ति मंदिर में अचानक लगी आग

## ट्रांसफार्मर में फाल्ट के बाद उठी आग की लपटें

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** शहर के बीचो बीच शिव चौक पर स्थित भगवान शिव मंदिर के पास अचानक आग लग जाने से अफरा-तफरी मच गई। घटना शुक्रवार दोपहर तीन बजे के बाद की बताई गई है।

इस दौरान प्रतिमा के पीछे से स्टील फर्नीचर के ऊपर से अचानक लपटे उठने लगी थी कुछ ही देर के बाद यहां आसपास के श्रद्धालुओं व आम लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गइ। प्रत्यादर्शियों का कहना था कि कुछ समय पहले पास के ट्रांसफार्मर में फाल्ट हुआ था जिसके कुछ देर बाद ही आग भडक उठी। सूचना मिलने के कुछ देर बाद ही दमकल विभाग की गाडी मौके पर पहुची और काफी महनत के बाद आग पर काबू पाया। दमकल विभाग का कहना है कि घटना शॉर्ट सर्किट से हुई है।



ADMISSION OPEN
Mom & Me
NURTURING WITH LOVE
PLAY | NURSERY | LKG | UKG | 1st to 4th
M.: 9997023008
Branch1- New Mandi, Near Bala ji Dham Chowk
Branch2- Circular Road, Opp. Canara Bank

जो माता-पिता अपने बच्चों की पढ़ाई से संतुष्ट नहीं हैं और अपने बच्चों को किसी भी क़ीमत पर होशियार और सफल बनाना चाहते हैं तो संपर्क करें!
ESTD. 1995
Unique COACHING CENTRE
UNIQUE SUCCESS POINT
पहले देखे! फिर विश्वास करें!
FREE 10 DAYS DEMO
आपकी एक मीटिंग हमारे साथ आपके बच्चों का जीवन बदल सकती है!
BOTH U.P. & C.B.S.E. BOARD STUDENTS CLASS I TO X
+91 7505612792
+91 9412507193
DIR- LOKESH CHAUHAN
M.Sc (Phy.), B.Ed.

# रॉयल्टी बकाया पर प्रशासन हुआ सख्त



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** राजस्व वसूली अभियान के तहत स्थानीय तहसील प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए गांव कल्याणपुर स्थित दीवान ब्रिक फील्ड को सील कर दिया। भट्टा स्वामी गुलफाम पर सरकारी रायल्टी की मोटी रकम लंबे समय से बकाया चल रही थी। एसडीएम कृष्णकांत बिश्वकर्मा नायब तहसीलदार रोहित व राजस्व टीम के साथ सीधे कल्याणपुर पहुंचे। मौके पर अभिलेखों की जांच की गई तो पता चला कि कई बार नोटिस देने के बावजूद भठा मालिक ने बकाया रायल्टी जमा नहीं की। इसके बाद प्रशासन ने तत्काल भट्टे को सील करने के आदेश दिए। प्रशासन की इस अचानक कार्रवाई से क्षेत्र के ईंट भठा संचालकों में हड़कंप मच गया। कई भट्टा मालिक आनन-फानन में अपने कागजात दुरुस्त कराने और बकाया जमा करने की तैयारी में जुट गए हैं। एसडीएम कृष्णकांत विश्वकर्मा ने दो टूक कहा कि सरकारी राजस्व की अनदेखी किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि जिन भठा संचालकों पर रायल्टी बकाया है वह तुरंत भुगतान करें। ऐसा न करने पर उनके खिलाफ भी इसी तरह से सख्त कदम उठाए जाएंगे। तहसील प्रशासन की इस कार्रवाई को राजस्व वसूली अभियान की कड़ी में अहम माना जा रहा है। अधिकारियों के मुताबिक आने वाले दिनों में बकायादारों पर और शिकंजा कसा जाएगा।

# गौ सम्मान अभियान को मिल रहा व्यापक समर्थन, हस्ताक्षर अभियान ने पकड़ी रफ्तार

**शाहटाइम्स सवांददाता**

**खतौली।** गौ संरक्षण और सम्मान के उद्देश्य से चलाया जा रहा 'गौ सम्मान आह्वान अभियान' अब क्षेत्र में जनसमर्थन जुटाने में सफल होता दिखाई दे रहा है। अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप देने के लिए एलआईसी एनिमल्स वेलफेयर के संस्थापक पुनीत अरोरा के नेतृत्व में तहसील क्षेत्र के गांव-गांव हस्ताक्षर अभियान शुरू किया गया है।

शुक्रवार को मैन चौपला पर आयोजित एक विशेष शिविर में बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लेकर गौ संरक्षण के समर्थन में हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम का शुभारंभ वरिष्ठ समाजसेवी मदन छाबड़ा ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर जिला सचिव चंद्रपाल राजपूत, अभिनव यदुवंशी, तुषार रावत, अनमोल रावत, विवेक रहेजा, राजेंद्र फूल, शाकिब, मदन रहेजा, संजय गुप्ता, सचिन, दीपक गर्चा और नरेश सैनी सहित अनेक सामाजिक कार्यकर्ता मौजूद रहे। दिनभर चले इस अभियान में सैकड़ों लोगों ने भाग लेकर गौवंश संरक्षण के लिए अपनी आवाज बुलंद की। अभियान का नेतृत्व कर रहे पुनीत अरोरा ने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति की आधारशिला हैं और उनके संरक्षण के लिए ठोस कदम उठाना आवश्यक है। उन्होंने चेताया कि यदि समय रहते उचित कदम नहीं उठाए गए, तो यह जनसमर्थन एक बड़े आंदोलन का रूप ले सकता है। क्षेत्र में मिल रहे समर्थन से स्पष्ट है कि गौ सम्मान का विषय अब लोगों की भावनाओं और जागरूकता से गहराई से जुड़ता जा रहा है।

# सीओ रामाशीष यादव को भावुक विदाई, लखनऊ में अपर पुलिस उपायुक्त बने

**खतौली।** खतौली में तैनात क्षेत्राधिकारी रामाशीष यादव को पदोन्नति के बाद लखनऊ स्थानांतरित किए जाने पर शुक्रवार को भावभीनी विदाई दी गई। उन्हें राजधानी में अपर पुलिस उपायुक्त के महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त किया गया है।इस अवसर पर आयोजित विदाई समारोह में पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों और मीडिया कर्मियों ने उन्हें फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया तथा स्मृति चिन्ह भेंट किए। सहकर्मी अधिकारियों ने उनके कार्यकाल को याद करते हुए कहा कि उन्होंने अपने कार्यों से एक मजबूत और सकारात्मक छवि बनाई। अधिकारियों ने बताया कि रामाशीष यादव ने अपने कार्यकाल में कई जटिल मामलों को कुशलता से सुलझाया और कानून व्यवस्था को बेहतर बनाए रखने में अहम भूमिका निभाई। उनके मिलनसार व्यवहार और पारदर्शी कार्यशैली की भी सभी ने सराहना की। मीडिया कर्मियों ने भी उनके सहयोगात्मक रवैये की प्रशंसा करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विदाई के दौरान माहौल भावुक रहा और सभी ने उन्हें नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दीं। अधिकारियों ने कहा कि पद छोटा हो या बड़ा, यदि कार्य ईमानदारी और समर्पण से किया जाए तो पहचान स्वयं बन जाती है। रामाशीष यादव का प्रमोशन इसका उत्कृष्ट उदाहरण है।



## बैंकट हाल स्वामी से रंगदारी मांगने के मामले में जमानत

**बुढ़ाना।** बैंकट हाल स्वामी से झूठी शिकायत वापस लेने के नाम पर 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगने के आरोप में जेल में बंद 3 अभियुक्तों को 4 महीने बाद शुक्रवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट से जमानत मिल गई है। संभवत: शनिवार देर रात या रविवार सुबह तीनों लोग जिला कारागार मुजफ्फरनगर से रिहा हो जाएंगे। बुढ़ाना कोतवाली में दर्ज रिपोर्ट के अनुसार कस्बे के मोहल्ला काजीवाड़ा निवासी नौशाद जिया का एक बैंकट हाल सफीपुर पटी स्थित पुल पार फल मंडी के सामने है। कुछ माह पहले उनके पड़ोस में रहने वाले चार युवकों ने तहसील दिवस में शिकायत की थी कि बैंकट हाल बंजर जमीन पर बना है। जांच में बैंकट हॉल सही जमीन पर बना पाया गया और नौशाद जिया को अधिकारियों से क्लीन चिट मिल गई थी।

आरोप है कि जांच के दौरान चारों शिकायतकर्ता नौशाद जिया से कह रहे थे कि वे 10 लाख रुपये देने पर शिकायत वापस ले लेंगे वरना मुख्यमंत्री तक जाएंगे। नौशाद जिया ने इसकी शिकायत बुढ़ाना पुलिस से की। पुलिस ने अंदरूनी जांच के बाद बीते वर्ष 26 दिसंबर को तीन आरोपियों को उनके घरों से हिरासत में लेकर जेल भेज दिया था। मामले में नामजद चार आरोपियों में से एक की जमानत पहले ही बाहर से हो गई थी जबकि 3 अभियुक्त मुजफ्फरनगर जेल में बंद थे। शुक्रवार को इलाहाबाद हाईकोर्ट ने तीनों को जमानत दे दी। कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद तीनों की रिहाई रविवार को होने की संभावना है।

# शाहपुर में ऐतिहासिक बालाजी धाम वार्षिकोत्सव शोभायात्रा की तैयारियां जोरों पर

**( भाग्य शर्मा )**



**शाहपुर।** धर्मनगरी शाहपुर में करोडो लोगो की आस्था का केंद्र सि)पीठ श्री बालाजी धाम के वार्षिकोत्सव पर तीन दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। पूज्य श्री चंद्रकिरन गर्ग गुरुजी और प्रसि) परम श्र)य आदरणीय श्री राजीव गोयल गुरुजी के पावन सानिध्य में प्रथम दिन विशाल भजन संध्या में प्रसि) भजन गायक शीतल पांडे के द्वारा भक्तों को बाबा के भजनों का रसपान कराया जाएगा। दूसरे दिन विशाल शोभायात्रा का आयोजन किया जाएगा और तीसरे दिन संकट मोचन हवन एवं विशाल भंडारे के साथ कार्यक्रम का भव्य समापन किया जाएगा। नगर में हर वर्ष निकलने वाली ऐतिहासिक एवं भव्य शोभायात्रा पश्चिमी उत्तर प्रदेश में अपना विशेष स्थान रखती है। कस्बे व देहात क्षेत्र की सबसे बड़ी श्री बालाजी शोभायात्रा 12 घंटे तक चलती है। इस विशाल शोभायात्रा को देखने एवं शामिल होने के लिए अपने परिवार सहित व मित्रो को लेकर अन्य कस्बों व जनपदो से भी बालाजी के भक्त नगर में अपने मित्रों शुभचिंतकों व रिश्तेदारों के यहां आकर रुकते है। बालाजी शोभायात्रा के दिन नगर बालाजी मय हो जाता है। इस दिन रूद्र अवतारी श्री बालाजी महाराज, स्वर्णजडित रथ पर होकर सवार नगर भ्रमण पर रहेंगे। सभी नगरवासी भक्त जनों को अपना आशीर्वाद देंगे। इस दिन का सभी नगरवासी इंतजार करते हैं बाबा की शोभायात्रा का सैकडो स्थानो पर नगर में जबरदस्त स्वागत होता है। हजारों भंडारे लगते हैं, 12 घंटे चलने वाली शोभायात्रा में लाखों भक्तों का महाकुंभ उपस्थित रहता है। जहां-जहां यात्रा जाती है। सभी अपने निवास व प्रतिष्ठान पर बाबा का आशीर्वाद लेकर खुशी से नृत्य करते हुए शोभायात्रा में पूरे परिवार सहित शामिल होते हैं। इस अवसर पर कस्बे के युवाओं में बाबा की भक्ति का अलग ही रंग होता है। बाबा के रथ को युवा पैदल ही खींचते हुए लेकर चलते हैं, इससे पहले युवाओं की टोलियां रथ के आगे जबरदस्त सफाई पानी का छिड़काव करती हुई चलती है, पूरे नगर को अद्भुत लाइटों से सजाया गया है जगह जगह तोरण द्वार व झंडे लगाए जाते हैं, सभी डीजे, हलवाई बुक कर दिए गए है। श्री बालाजी धाम मंदिर सेवा समिति की कमेटी की बहुत सुंदर व्यवस्था के साथ सभी तैयारी पूर्ण कर ली गई है। इस अवसर पर पुलिस प्रशासन की व्यवस्था भी प्रशंसनीय रहती है।

# ऑल इंडिया मजलिस ने चलाया सदस्यता अभियान

**बुढ़ाना।** आल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन ने बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र में संगठन विस्तार तेज कर दिया है। शुक्रवार के दिन पार्टी पदाधिकारियों ने सक्रिय सदस्यता अभियान चलाकर दर्जनों लोगों को पार्टीके सदस्यता कार्ड वितरित किए।

बुढ़ाना विधानसभा क्षेत्र के नये अध्यक्ष सैय्यद बाबर की अगुवाई में हुए कार्यक्रम में बुढ़ाना विधानसभा महासचिव गफ्फार सिद्दीकी, सदबर, ग्राम अध्यक्ष सद्दाम मलिक और बुढ़ाना नगर अध्यक्ष आजम फारूकी विशेष रूप से मौजूद रहे। सभी पदाधिकारियों ने नए कार्यकर्ताओं को पार्टी का सक्रिय सदस्यता कार्ड सौंपा और उन्हें संगठन की रीति नीति से अवगत कराया।



इस मौके पर महासचिव गफ्फार सिद्दीकी ने कहा कि पार्टी हमेशा दबे कुचले और अल्पसंख्यक समाज की आवाज बनकर खड़ी रही है। बुढ़ाना क्षेत्र में बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी मुद्दों को पार्टी प्रमुखता से उठाएगी।

विधानसभा अध्यक्ष सैय्यद बाबर ने बताया कि आने वाले दिनों में गांव-गांव जाकर सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। युवाओं को पार्टी से जोड़कर मजबूत संगठन खड़ा किया जाएगा। नगर अध्यक्ष आजम फारूकी व ग्राम अध्यक्ष सद्दाम मलिक ने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं के समाधान के लिए पार्टी कार्यकर्ता हर स्तर पर संघर्ष करेंगे। कार्यक्रम में स्थानीय लोग शामिल हुए और पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

# जीईई मैन में द अचीवर्स एकेडमी ने बनाया नया कीर्तिमान

**मुजफ्फरनगर।** हाल ही में प्राप्त हुए जी मैप के रिजल्ट में गाँधी कॉलोनी स्थित अचीवर्स एकेडमी के छात्रें ने सफलता के नये कीर्तिमान बनाये हैं। अनिकेत त्यागी ने 99.12 परसेन्टली, अपूर्व कुच्छल ने 98.08 परसेन्टली, हंशिका राठी ने 96.88 परसेन्टली, जन्मय त्यागी ने 96.8 परसेन्टली, अभिमन्यु ने 96.41 परसेन्टली, आरुषी गोयल ने 96.04 च्परसेन्टली, पीयूष सैनी ने 95.5 परसेन्टली प्राप्त कर अध्यापकों व माता-पिता का नाम रोशन किया। एकेडमी में सफल विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।एकेडमी के डायरेक्टर सौरभ आर्य ने बताया कि एकेडमी से





मैथमैटिक्स में अनिकेत त्यागी ने 99.44 परसेन्टली, जन्मय त्यागी ने 98.65 परसेन्टली, आरुषी गोयल ने 96.98 परसेन्टली, केशव आनन्द ने 95.56 परसेन्टली, आदित्य जैन ने 94.64 परसेन्टली, नक्षत्र राज ने 94.01 परसेन्टली, अपूर्व कुच्छल ने 93.05 च्परसेन्टली प्राप्त किए। केमिस्ट्री में अब्दुल्ला काज़मी ने 99.38 परसेन्टली, पीयूष सैनी ने 99.18 परसेन्टली, जन्मय त्यागी ने 98.77 परसेन्टली, केशव आनन्द ने 96.14 परसेन्टली, अदिति सोनी ने 96.16 परसेन्टली, अनिकेत त्यागी ने 95.86 परसेन्टली प्राप्त किए। फिजिक्स में अनिकेत त्यागी ने 99.28 परसेन्टली, आरुषी गोयल ने 96.40 परसेन्टली, केशव आनन्द ने 96.40 परसेन्टली, अभिमन्यु ने 96.39 परसेन्टली, हंशिका राठी ने 94.85 परसेन्टली, वैभव ढींगरा ने 91.62 परसेन्टली प्राप्त किए।सौरभ आर्य ने बताया कि एकेडमी से लगभग 25 विद्यार्थियों ने जेईट ऐडवान्सड के लिए क्वालीफाई कर लिया है। एकेडमी के अध्यापकों ने इन विद्यार्थियों व इनके माता-पिता को शुभकामनायें दी व आने वाले एग्जाम के लिए मार्गदर्शन दिया।

**सूचना**

मेरा पुत्र अंकित व प्रियंका गलत संगत में पड गये है। उनका उठना बैठना गलत किस्म के लोगो मे है मेरा कहना नही मानते है। मै अपने पुत्र अंकित व उसकी पत्नी प्रियंका को उनकी गलत आदतो के चलते अपनी चल व अचल समस्त सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। उनके किसी भी प्रकार के लेन देन या किये गये गलत कृत्य से मेरा आज के बाद कोई भी मतलब वास्ता नही होगा।

**श्रीमति आनन्दवती पत्नी महावीर निवासी ग्राम मन्सूरपुर, थाना मन्सूरपुर तहसीली खतौली, जिलो मुजफ्फरनगर**

**सूचना**

मेरे पुत्र/पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र स0क्रमश:7715/29.07.16 व 11836/05.11.12 मे गलती से माता का नाम अरफ़ात अंकित करा दिया गया जबकि वास्तविक नाम अरफ़ात प्रवीन है और भविष्य मे भी इसी नाम से जाना जाएगा। शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**मौ० नासिर पुत्र सिकंदर अली 01,लुहारी खुर्द, मुजफ्फरनगर**

# अप्रैल को निकलेगी भगवान परशुराम जन्मोत्सव की भव्य शोभायात्रा

**खतौली।** नगर में भगवान परशुराम जन्मोत्सव को लेकर उत्साह चरम पर है। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा के नेतृत्व में इस बार भी पर्व पारंपरिक श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाने की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। कार्यक्रम की रूपरेखा तय होने के साथ ही पूरे नगर में उत्सव का माहौल नजर आने लगा है।

महासभा के अध्यक्ष केपी शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि 26 अप्रैल, रविवार को भगवान परशुराम की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। यात्रा का शुभारंभ बुढ़ाना रोड स्थित श्री शिव संस्कृत विद्यालय, थानेश्वर महादेव मंदिर परिसर से होगा। इसके बाद शोभायात्रा जीटी रोड के मुख्य मार्गों से गुजरते हुए जमुना विहार स्थित श्री परशुराम भवन पर समापन करेगी। इन झांकियों में भगवान परशुराम के जीवन प्रसंगों के साथ-साथ सनातन संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी। यात्रा के दौरान भजन-कीर्तन और धार्मिक धुनों से वातावरण पूरी तरह भक्तिमय बना रहेगा। आयोजन को सफल और सुव्यवस्थित बनाने के लिए सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं पर भी विशेष ध्यान दिया जा रहा है। एआर बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड के डायरेक्टर राम अवतार शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। महासभा के पदाधिकारियों ने नगरवासियों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर शोभायात्रा को सफल बनाने की अपील की है। महामंत्री पंडित मुकेश शर्मा, कोषाध्यक्ष प्रदीप शर्मा, संयोजक दिनेश शर्मा, सहसंयोजक डॉ. आदित्य शर्मा, विकास कौशिक सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे। आयोजकों का कहना है कि हर साल की तरह इस बार भी कार्यक्रम को और अधिक भव्य और व्यवस्थित बनाने का पूरा प्रयास किया जा रहा है।

## एसडीएम ने सुलझाया चकरोड़ विवाद

**बुढ़ाना।** गांव विज्ञाना में लंबे समय से चले आ रहे चकरोड़ विवाद का आज समाधान हो गया। उप जिला अधिकारी कृष्णकांत बिश्वकर्मा ने खुद गांव पहुंचकर मामले की सुनवाई की। नायब तहसीलदार रोहित व राजस्व टीम को साथ लेकर उन्होंने मौके पर पैमाइश कराई और चकरोड़ की सही स्थिति स्पष्ट की। पैमाइश के बाद एसडीएम के निर्देश पर चकरोड़ से अतिक्रमण तुरंत हटवाया गया। रास्ता खुलने से ग्रामीणों ने राहत की सांस ली। ग्रामीणों का कहना था कि रास्ता बंद होने से रोजमर्रा की आवाजाही में भारी दिक्कत हो रही थी। इसी दौरान ग्रामीणों ने एसडीएम को बताया कि पिछले एक सप्ताह से गांव में जगह-जगह जलभराव और गंदगी फैली हुई है। शिकायत पर एसडीएम ने खंड विकास अधिकारी को तलब कर सफाई व्यवस्था तत्काल दुरुस्त करने के निर्देश दिए। सडीएम कृष्णकांत विश्वकर्मा ने कहा कि जन समस्याओं के समाधान में किसी भी स्तर पर ढिलाई स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी अधिकारियों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया है। प्रशासन की इस त्वरित कार्रवाई से ग्रामीणों में संतोष है।

## लिपिक की हत्या में दो आरोपी गिरफ्तार

**खतौली।** सैनी नगर कॉलोनी में एक मामूली सड़क विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया और नगर पालिका के लिपिक चंकी भारद्वाज की जान चली गई। ई-रिक्शा से साइड लगने के बाद शुरू हुआ विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट में बदल गया, जिसमें गंभीर चोट लगने से उनकी मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, दयालपुरम कॉलोनी निवासी चंकी भारद्वाज गुरुवार शाम डड्यूटी के बाद स्कूटी से घर लौट रहे थे। सैनी नहर धर्मशाला के पास सामने से आ रहे ई-रिक्शा से हल्की टक्कर के बाद दोनों पक्षों में बहस शुरू हो गई। देखते ही देखते मामला गाली-गलौज और हिंसा तक पहुंच गया। आरोप है कि ई-रिक्शा चालक और उसके साथ मौजूद लोगों ने बैसाखी से चंकी पर हमला कर दिया, जिससे उनके सिर पर गंभीर चोट आई। घायल अवस्था में चंकी किसी तरह घर पहुंचे, लेकिन रात में उनकी हालत बिगड़ गई। परिजन उन्हें तत्काल मेरठ के अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना से परिवार में मातम छा गया, वहीं नगर पालिका कर्मचारियों में भी गहरा आक्रोश देखने को मिला। पोस्टमार्टम के बाद शव को उनके आवास लाया गया, जहां नम आंखों के बीच अंतिम संस्कार किया गया। शुक्रवार को आक्रोशित पालिका कर्मचारी कोतवाली पहुंचे और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की मांग की।पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच की और आरोपियों की पहचान कर ली। अंकित पुत्र ताराचंद और पिंकेश पुत्र नरेश, निवासी ग्राम चिंदौड़ा थाना जानसठ को गिरफ्तार कर लिया गया है। दोनों के खिलाफ सख्त धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

**सूचना**

मेरा पुत्र सागर का उठना बैठना गलत किस्म के लोगो मे है और आवारा गर्दी करता रहता। मेरा पुत्र सागर गलत संगत मे पड गया है तथा मेरा पुत्र सागर व उसकी पत्नी शालू मेरा कहना नही मानते है। मै अपने पुत्र सागर व उसकी पत्नी शालू को उनकी गलत आदतो के चलते अपनी चल व अचल समस्त सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। उनके किसी भी प्रकार के लेन देन या किये गये गलत कृत्य से मेरा आज के बाद कोई भी मतलब वास्ता नही होगा।

**श्रीमती बबीता पत्नी पप्पू निवासी ग्राम अतरपुरा, थाना खतौली तहसील खतौली जिला मुजफ्फरनगर**

**सम्मन इस्तहारी न्यायालय उपजिलाधिकारी महोदय बुढाना जिला मुजफ्फरनगर, वाद संख्या-** T- 202509550309884, सन 2005, 1- रविन्द्र कुमार, 2- जसविंद्र पुत्रगण हरपाल सिंह निवासीगण ग्राम खेड़ीगनी तहसील बुढ़ाना जिला मुजफ्फरनगर, बनाम, 1- अनंगपाल 2- ब्रजवीर सिंह पुत्रगण भोपाल सिह, 3- उदयवीर 4- राजबली पुत्रगण जयपाल 5- ओमपाल, 6-देशपाल, 7- नरेश कुमार 8- रतनपाल पुत्रगण सत्यपाल सिंह, 9- नीरज मलिक पुत्र ओमवीर सिंह, 10 विनीत मलिक पुत्र ओमबीर, 11- सूर्या मलिक पुत्र प्रदीप समस्त निवासीगण ग्राम खेड़ी गनी तहसील बुढ़ाना जिला मुजफ्फरनगर 12- ग्राम पंचायत खेडी गनी द्वारा प्रधान ग्राम पंचायत खेडी गनी तहसील बुढ़ाना जिला मुजफ्फरनगर, .... प्रतिवादीगण धारा-116 यूपीआरसी 2006, मौजा- खेडीगनी, दरगाह वादी ने आपके नाम उपरोक्त वाद वास्ते खाता तकसीम दायर किया है लिहाजा आपको हुकम होता है कि तारीख 29 के जो माह 4 सन 2026 ई. समय 10 को आप असलामत या मार्फत वकील के जो मुकदमे हालात से कर वाकई वाकिफ किया गया हो और कुछ उमर अहम मुसलिका मुकदमे का जवाब दे सके या जिसके साथ कोई और साक्ष्य हो कि जो जवाब ऐसे सवालात दे सके हाजिर जवाबदेही दावा करे और उसी रोज अपना जुमला गवाही को जिसका शहादत पर निजी तमाम दस्तावेज को जिस पर अपनी जवाबदेही की ताईद में इस्तेमाल करना चाहते हो पेश करें। अगर बजोर मजकूर अजाहिर न होंगे मुकदमा बगैर हाजरी आपके मसमूह फैसला होगा। परवाना मेरे दस्तख्त और मोहर अदालत के दिनांक 23 माह 4 सन 2026 को जारी किया गया है।

**आज्ञा से- न्यायालय, उपजिलाधिकारी बुढाना।**

# चिल्ड्रन एकेडमी में शगुन व निष्ठा बने स्कूल टॉपर



**मुजफ्फरनगर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (यू.पी.बोर्ड) द्वारा घोषित किए गए हाईस्कूल और इंटरमीडिएट के परीक्षा परिणामों में चिल्ड्रन एकेडमी सीनियर सेकेंड्री स्कूल के विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल छा गया और सफल छात्रों को बधाई देने वालों का तांता लग गया। प्रधानाचार्य अमर पांचाल ने बताया कि कक्षा 12वीं (इंटरमीडिएट) में शगुन ने 79.2 प्रतिशत (396/500) अंक प्राप्त कर विद्यालय में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। वहीं, आशु पाल 76.8 प्रतिशत (384/500) अंकों के साथ दूसरे और सलोनी 76 प्रतिशत (380/500) अंक लेकर तीसरे स्थान पर रहीं।इसी प्रकार कक्षा 10वीं (हाईस्कूल) के परीक्षा परिणाम में भी छात्र-छात्राओं का शानदार प्रदर्शन रहा। निष्ठा त्यागी ने 85 प्रतिशत (510/600) अंक अर्जित कर टॉप किया, जबकि कृष्णा सैनी 84.83 प्रतिशत (509/600) अंक पाकर दूसरे स्थान पर रहे। अनमोल ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए 82.33 प्रतिशत (494/600) अंकों के साथ तीसरा स्थान हासिल किया। छात्रों की इस शानदार उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए प्रधानाचार्य अमर पांचाल ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई दी। उन्होंने कहा कि यह सफलता विद्यार्थियों के कड़े परिश्रम, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने सभी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए भविष्य में भी इसी प्रकार निरंतर प्रगति करने के लिए प्रेरित किया।

## ई-रिक्शा चार्जिंग प्वाईंट में लगी आग

**मुजफ्फरनगर।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र में गुरुवार को बाला जी इलेक्ट्रिक नामक ई-रिक्शा बैटरी चार्जिंग प्वाइंट पर भीषण आग लग गई। यह घटना कच्ची सड़क पुलिस चौकी के सामने हुई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी और देखते ही देखते फैल गई। आग लगने के बाद चार्जिंग पर लगी कई ई-रिक्शा बैटरियों में एक के बाद एक धमाके होने लगे। सूचना मिलने पर दमकल विभाग की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। आग की तीव्रता के कारण कुछ समय के लिए पूरे इलाके में धुएं का गुबार छा गया था और सामान और बैटरियां जलकर नष्ट हो गईं। पुलिस और दमकल विभाग की टीमों ने स्थिति को संभाला और आसपास के लोगों को सुरक्षित दूरी पर हटाया।

# आर्य कन्या इंटर कॉलेज के मेधावी सम्मानित

**बुढ़ाना।** यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 का परिणाम घोषित होते ही आर्य कन्या इंटर कॉलेज बुढ़ाना की छात्राओं के चेहरे खुशी से खिल उठे। बीती 23 अप्रैल को परीक्षा फल देखते ही विद्यालय परिसर में जश्न का माहौल बन गया। बीते कल ही विद्यालय में हाईस्कूल व इंटरमीडिएट में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली समस्त मेधावी छात्राओं को सम्मानित किया गया। कक्षा 10 में छात्रा मानसी ने 600 में से 535 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। छात्राश्वेता 533 अंक के साथ दूसरे और छात्रा मंतशा 509 अंक लाकर तीसरे स्थान पर रहीं। तीनों छात्राओं ने विद्यालय को गौरवान्वित किया। इंटरमीडिएट में छात्रा विशाखा ने 500 में से 428 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्रा अनुष्का 424 अंक के साथ द्वितीय और छात्रा सायना 405 अंक लाकर तृतीय स्थान पर रही। कालेज की प्रधानाचार्या प्रमेश कुमारी ने समस्त सफल छात्राओं को शुभकामनाएं और आशीर्वाद दिया। उन्होंने छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की साथ ही कालेज के प्रबंधक अमित कुमार गर्ग और सभी शिक्षिकाओं को बधाई दी जिनकी लगन और मेहनत से विद्यालय का परीक्षाफल उत्कृष्ट रहा।

**सूचना**

मैंने अपना नाम GYAN DEVI से बदलकर GYANO रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाए।

**पता**
**GYANO W/O KARAN SINGH ग्राम अभीपूरा मंसूरपुर मुजफ्फरनगर उत्तर प्रदेश पिन 251201**

**सूचना**

मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र स03924/01.04.18 मे गलती से पुत्री का नाम अम्बिका,पिता का नाम रवि कुमार शर्मा अंकित करा दिया गया जबकि वास्तविक नाम क्रमश:अम्बिका शर्मा व रवि शर्मा है और भविष्य मे भी इन्ही नाम से जाना जाएगा।शुद्धिकरण हेतु आवेदन पत्र सम्बन्धित विभाग मे प्रस्तुत किया जा रहा है।

**रवि शर्मा पुत्र जगमोहन लाल शर्मा 70 गौशाला नदी रोड, मुजफ्फरनगर**

# अब आधार कार्ड बनवाने व सुधार के लिए जनता को नहीं भटकना पड़ेगा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुज़फ्फरनगर।** जनपद और आसपास के लोगों को आधार बनवाने या उसमें कोई सुधार कराने के लिए अब परेशान होने की जरूरत नहीं है। मुज़फ्फरनगर में यूआईडीएआई का अपना पहला आधार सेवा केंद्र सुचारू तौर पर काम करने लगा है। ये सेंटर दीपक पैलेस, नानकी हास्पिटल के सामने, रुड़की रोड पर स्थित है। सेंटर इंचार्ज के अनुसार अब आधार सेंटर में सभी सुविधाएं सुचारू रूप से शुरु हो चुकी हैं।अत्याधुनिक सेंटर, आसान कामये पूरा सेंटर अत्याधु. निक तकनीक से लैस है। आमतौर पर सीएससी, बैंक, पोस्टऑफिस आदि जगह में सामने आने वाली समस्याओं से यहां आपका सामना नहीं होगा। ये पूरा सेंटर पासपोर्ट सेवा केंद्र की तर्ज पर होने का एहसास कराता है। हर एक काम के लिए अलग स्टाफ नियुक्त किया गया है। रोज़ाना तकरीबन 600 आधार से जुड़े आवेदनों को पूरा करने के लिए लिहाज से इस सेंटर को तैयार किया गया है। नागरिकों की सुविधा के लिए इस सेंटर पर हेल्प डेस्क बनाई गई है।

कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं आधार सेवा केंद्र में आधार से जुड़े सभी काम हो रहें हैं। मसलन नया आधार, आधार में पता अपडेट कराना, मोबाइल नंबर, ईमेल या फिर फोटो या बॉयोमेट्रिक अपडेट कराने तक के सभी काम किए जा रहें हैं। नाम, लिंग और जन्म तिथि में बदलाव भी यहां कराया जा सकता है। इसके साथ ही यहां यूआईडीएआई द्वारा निर्धारित शुल्क ही लिया जाता है।

**इस दिन रहेगा बंद**

आधार सेवा केंद्र सप्ताह के सातों दिन खुला रहेगा। इसके साथ ही सेंटर सुबह 09 बजे से शाम 5:30 बजे तक खुला रहेगा। आप यूआईडीएआई की साइट से अपना अप्वाइंटमेंट बुक करके भी आ सकते

## कैबिनेट मंत्री की मौजूदगी में एसडीएम ने तीन सभासद को दिलाई शपथ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**पुरकाजी।** नगर पंचायत के नामित सभासदों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजन कर मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री की मौजूदगी में एसडीएम सदर ने दिलाई शपथ शासन द्वारा नगर पंचायत पुरकाजी में तीन सभासद नामित किए गए हैं जिनका शपथ ग्रहण समारोह खंड विकास कार्यालय पुरकाजी में किया गया जिसमें मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार रहे कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने शासन द्वारा नामित सभासद संजय धीमान उर्फ पप्पू रजत गोयल वीर सिंह बाबरा को बधाई देते हुए कहां की सभी सभासद मिलकर कस्बे की तरक्की एवं विकास के लिए पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ कार्य करें। कस्बे में 15 वार्ड है 15 निर्वाचित सभासद और तीन नामित कुल 18 सभासद हो गए हैं और सरकार किसी का मुंह देखकर पैसा नहीं दे रही हिंदू मुस्लिम सिख इसाई सभी का बराबर कार्य हो रहा है कस्बे में सरकार द्वारा गरीबों के 1618 आवास बनाए गए हैं जिसमें 1200 के लगभग केवल मुस्लिम समाज के आवास बने हैं। सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यमों से बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य हो रहे हैं जिनके जो भी काम है वह मुझे बताएं मैं उनको पूरा करने का पूरा प्रयास करूंगा कैबिनेट मंत्री ने कहा कि सपा की कैराना सांसद हमारी छोटी बहन इकरा हसन कह रही हैं।

इससे पहले हमारा गठबंधन कांग्रेस सपा से भी रह चुका है 50 सिट तो उन्होंने भी हमें नहीं दी थी। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधान मेघराज सिंह तथा संचालन भाजपा मंडल अध्यक्ष अजय पवार एवं पंडित भानु शर्मा ने संयुक्त रूप से किया।

## कैबिनेट मंत्री ने मृतक परिवार को दी सांत्वना

**पुरकाजी।** पुरकाजी थाना क्षेत्र के गांव फलौदा निवासी एक व्यक्ति की सड़क दुर्घटना में 3 दिन पूर्व देहांत हो गया था शुक्रवार को कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार ने उनके निवास पर पहुंचकर उनके परिजनों को सांत्वना दी। फलौदा निवासी नितिन पुॉ अशोक कुमार कुमार 40 वर्ष अपने पिता की इकलौती संतान थे तथा किसी दवाई की फार्मा कंपनी में काशीपुर में मैनेजर की पोस्ट पर तैनात थे तीन दिन पूर्व वह अपने पारिवारिक भतीजी के शादी समारोह में शामिल होने के लिए आए थे 21 अप्रैल को सुबह 11:00 बजे वह अपनी गाड़ी से अपनी पत्नी और बेटे के साथ काशीपुर जा रहे थे हल्द्वानी पहुंचने पर उनकी गाड़ी का टायर पंचर होने से दुर्घटना हुई थी। दुर्घटना की सूचना मिलने पर कैबिनेट मॉ़ी अनिल कुमार आज उनके निवास पर पहुंचे।

# एनजीओ करेगा स्ट्रीट डॉग की नसबंदी

**मुजफ्फरनगर।** आवारा कुत्तों की बढ़ती संख्या और उनके हमलों से परेशान गांधी कॉलोनी के निवासियों ने अब खुद समाधान की पहल की है। स्थानीय लोगों ने एक एनजीओ की मदद से स्ट्रीट डॉग्स की नसबंदी का अभियान शुरू किया है। इसका उद्देश्य कुत्तों की बढ़ती आबादी को नियॉंित करना और लोगों में व्याप्त डर को कम करना है। यह अभियान शुक्रवार को शुरू हुआ। अर्जुन फाउंडेशन की टीम ने गांधी कॉलोनी क्षेॉ से लगभग 10 स्ट्रीट डॉग्स को पकड़ा। इन कुत्तों को नसबंदी और वैक्सीनेशन के लिए वातानुकूलित एनिमल एंबुलेंस के माध्यम से बाहर भेजा जा रहा है। निर्धारित प्रक्रिया पूरी होने के बाद उन्हें वापस उनके क्षेॉ में छोड़ दिया जाएगा। अर्जुन फाउंडेशन के सदस्य डॉ. संदीप अरोरा ने बताया कि उनकी संस्था पिछले एक वर्ष से जनपद में सक्रिय है और अब तक लगभग 200 कुत्तों की नसबंदी करा चुकी है। उन्होंने कहा कि टीम प्रतिदिन औसतन 10 कुत्तों को पकड़ेगी और यह अभियान तब तक जारी रहेगा, जब तक कॉलोनी के सभी आवारा कुत्ते कवर नहीं हो जाते। डॉ. अरोरा ने स्पष्ट किया कि कानून के तहत किसी भी जानवर को उसके मूल स्थान से हटाया नहीं जा सकता। इसलिए, नसबंदी और वैक्सीनेशन ही इंसान और जानवरों के बीच बढ़ते टकराव को कम करने का एकमाॉ प्रभावी उपाय है। उन्होंने यह भी बताया कि संस्था घायल या बीमार पशुओं के इलाज में भी सक्रिय भूमिका निभाती है और आवश्यकता पड़ने पर सरकारी व निजी अस्पतालों की मदद लेती हैगांधी कॉलोनी हाउसिंग सोसायटी के अध्यक्ष पवन छाबड़ा ने बताया कि क्षेॉ में पिछले कुछ समय से कुत्तों और बंदरों के हमलों की घटनाएं बढ़ी हैं, जिससे निवासी परेशान हैं। प्रशासन से कई बार शिकायत के बावजूद तत्काल समाधान न मिलने पर अब जनसहयोग से यह अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस पहल से जल्द ही इलाके में राहत मिलेगी। स्थानीय लोगों का कहना है कि यह अभियान न सिर्फ उनकी सुरक्षा के लिए जरूरी है, बल्कि बेजुबान जानवरों के लिए भी एक मानवीय पहल है, जिससे उन्हें सुरक्षित और नियॉंित वातावरण मिल सके।

# बोर्ड परीक्षा में मेधावियों ने लहराया परचम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बुढ़ाना।** राष्ट्रीय इंटर कालेज बुढ़ाना के यूपी बोर्ड परीक्षा के परिणामों में छात्र छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर बुढ़ाना क्षेत्र का नाम रोशन किया है। हाई स्कूल और इंटरमीडिएट दोनों ही वर्गों में मेधावी विद्यार्थियों ने शानदार अंक प्राप्त किए। हाई स्कूल में शौर्य मलिक पुत्र मनोज कुमार ने 600 में से 549 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान हासिल किया। लव ने 541 अंक के साथ द्वितीय और आर्यन ने 530 अंक लाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। ;षि ने 513 अंक पाकर चौथे और पांचवें स्थान पर आकार शिवा ने 490 अंक प्राप्त किए।

अन्य मेधावियों में अमित 489, विकास 485, सागर 468, विकास 465, मनीष 463 और विशाल 459 अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण हुए। इंटरमीडिएट में उजमा पप्पू ने 500 में से 402 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। मुस्कान ने 401 अंक के साथ दूसरा स्थान हासिल किया।


कविता मलिक ने तीसरे स्थान पर 398 अंक, शिवानी मलिक ने चौथे स्थान पर 395 अंक और निशा ने 393 अंक पाकर पांचवां स्थानघ्र प्राप्त किया। इसके अलावा प्रिया 393, शिवानी 383, प्रियंका 383, राधा 378 व साक्षी 375 अंकों के साथ उत्तीर्ण हुई। सभी सफल छात्र-छात्राओं को शिक्षकों व क्षेत्र के गणमान्य लोगों ने बधाई दी है।



अभिभावकों ने बच्चों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन की सराहना की। कालेज की आनर अनुपमा चौधरी ने सब छात्र छात्राओं को फूल मालाओं, मिठाई खिलाकर सम्मानित किया। कालेज की अक्नार अनुपमा चौधरी ने सब मेधावी छात्र छात्राओं को बधाई देते हुए कहा राष्ट्रीय इंटर कालेज केवल पढ़ाई ही नही बल्कि बच्चों के उज्ज्वल भविष्य, अनुशासन व संस्कारों पर ध्यान देता है। यही कारण है हर वर्ष विद्यालय का परिणाम बेहतर आता है।

## छात्रा गुंजन शर्मा ने 89.5 % अंक लाकर की सफलता हासिल

**पुरकाजी।** यूपी बोर्ड हाई स्कूल परीक्षा 2026 में दयानंद उत्तर माध्यमिक विद्यालय की मेधावी छात्रा गुंजन शर्मा पुत्री महेश शर्मा द्वारा 89.5: बनाना अपने गांव हेरटी अपने विद्यालय और क्षेत्र का नाम रोशन किया गुंजन की किस उपलब्धि पर खुशी का माहौल है प्रधानाचार्य ने गुंजन को बधाई देते हुए उसके उसके उज्जवल भविष्य की कामना कीहै गुंजन ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता कठिन परिश्रम और गुरुजनों को दिया है



## श्री सुक्खनलाल आदर्श कन्या इंटर कॉलेज का शानदार रहा रिजल्ट

**मीरापुर।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा घोषित वर्ष 2026 के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में श्री सुक्खनलाल आदर्श कन्या इंटर कॉलेज की छात्रओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया। परीक्षा परिणाम घोषित होते ही विद्यालय परिसर में खुशी का माहौल बन गया, जहां छात्रओं, अभिभावकों और शिक्षकों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशियां मनाईं। हाईस्कूल परीक्षा में विद्यालय की कुल 228 छात्रएं सम्मिलित हुईं और सभी छात्रएं सफलता पूर्वक उत्तीर्ण रहीं। विद्यालय का हाईस्कूल परीक्षाफल शत-प्रतिशत रहा, जो अपने आप में एक बड़ी उपलब्धि है। हाईस्कूल वर्ग में खुशी वर्मा ने 526 अंक (87.66:) प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। इति ने 516 अंक (86:) के साथ द्वितीय स्थान हासिल किया, जबकि रिया चौधरी ने 511 अंक (85.16:) प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया।वहीं इंटरमीडिएट परीक्षा में कुल 279 छात्रएं सम्मिलित हुईं, जिनमें से 263 छात्रएं उत्तीर्ण रहीं, जबकि 16 छात्रएं अनुत्तीर्ण रहीं। विद्यालय का कुल इंटरमीडिएट परीक्षाफल 94.26 प्रतिशत दर्ज किया गया।इंटरमीडिएट वर्ग में नरगिस ने 427 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। अंजली ने 415 अंक के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, जबकि जोया रहीम ने 395 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान हासिल किया।विद्यालय की प्रधानाचार्या रेनू बेदी ने सभी सफल छात्रओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह सफलता छात्रओं की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। विद्यालय परिवार ने इस उपलब्धि पर गर्व व्यक्त करते हुए आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने का संकल्प लिया।

## श्रीराम प्रसाद कात्यायन कॉलेज का बोर्ड रिजल्ट रहा शानदार

**बुढ़ाना।** श्री राम प्रसाद कात्यायन इंटर कॉलेज बुढ़ाना ने यूपी बोर्ड परीक्षा 2026 में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। विद्यालय का हाईस्कूल परीक्षाफल 93.5 प्रतिशत तथा इंटरमीडिएट का परिणाम 96 प्रतिशत रहा। विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉक्टर नीलेश वशिष्ठ ने बताया कि इस वर्ष छात्रों एवं शिक्षकों के कठोर व निरंतर परिश्रम का ही परिणाम है कि लगभग सभी बच्चों ने बहुत अच्छे अंकों के साथ सफलता प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया है। उन्होंने उत्तीर्ण होने वाले सभी छात्र-छात्राओं, उनके अभिभावकों तथा शिक्षकों को बधाई दी। हाई स्कूल में छात्रा अक्सा ने 600 में से 494 अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। छात्र केशव 480 अंकों के साथ द्वितीय और सक्षम शर्मा 459 अंक लेकर तृतीय स्थान पर रहे। इंटरमीडिएट में छात्र निखिल कुमार ने 500 में से 362 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया। छात्र पप्पू 300 अंकों के साथ द्वितीय और छात्रा चांदनी 297 अंक लाकर तृतीय स्थान पर रही। भूमि विकास बैंक के अध्यक्ष विना. द सैनी ने विद्यालय के समस्त शिक्षकों की मेहनत व कर्मठता की प्रशंसा की। प्रधानाचार्य डॉ नीलेश वशिष्ठ ने बताया कि विद्यालय का नाम रोशन करने वाले छात्र छात्राओं को जल्द ही समारोह आयोजित कर पुरस्कृत करेंगे।

# महिला कांस्टेबल योगेश ने जीते 3 मेडल

**बुढ़ाना।** कोतवाली बुढ़ाना में तैनात महिला कांस्टेबल कुमारी योगेश ने उत्तर प्रदेश पुलिस का नाम रोशन किया है। योगेश ने राष्ट्रीय स्तर की पुलिस खेल प्रतियोगिता में गोल्ड मेडल सहित कुल तीन मेडल अपने नाम किए। योगेश ने 4 गुणा 400 मीटर रिले दौड़ में उत्तर प्रदेश पुलिस टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए शानदार प्रदर्शन किया। फाइनल मुकाबले में यूपी की टीम ने पंजाब की मजबूत टीम को हराकर गोल्ड मेडल जीता। इस जीत से उत्तर प्रदेश पुलिस का परचम पूरे देश में लहराया। इसके अलावा योगेश ने व्यक्तिगत स्पर्धाओं में भी दो पदक जीते। कांस्टेबल योगेश अब इंटरनेशनल ओपन खेलों की तैयारी में जुट गई हैं। उन्होंने बताया कि देश के लिए मेडल जीतना उनका सपना है। डयूटी के साथ-साथ रोज सुबह-शाम घंटों अभ्यास करती हैं। शुक्रवार को बुढ़ाना कोतवाली परिसर में इस उपलब्धि पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया।



कोतवाल सुभाष बाबू अत्री ने कांस्टेबल योगेश को शॉल ओढ़ाकर व स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि योगेश की इस जीत से न सिर्फ यूपी पुलिस बल्कि बुढ़ाना कोतवाली का भी मान बढ़ा है। महिला सशक्तिकरण की यह मिसाल है। इस मौके पर कोतवाली बुढ़ाना के सभी पुलिसकर्मियों ने तालियां बजाकर योगेश का हौसला बढ़ाया और मिठाई बांटकर खुशी जाहिर की गई। क्षेत्र के लोगों ने भी योगेश को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### मोरना मिल ने किया 15577. 21 लाख रुपये का भुगतान

**मोरना।** दि गंगा किसान सहकारी चीनी मिल्स लिमिटेड मोरना द्वारा कुल 15577.21 लाख रुपये का समस्त गन्ना भुगतान किसानों के खातों में भेजा जा चुका है। मिल के प्रधान प्रबन्धक वीपी पाण्डेय ने बताया कि मिल ने सत्र में कुल 38.94 लाख कुन्तल गन्ने की पेराई की गई। शुगर मिल ने 162 दिन में चार लाख 21 हजार 680 कुंतल चीनी का उत्पादन किया। मुख्य लेखाकार सलील खरे ने बताया कि कुल समस्त गन्ना मूल्य 15577.21 लाख रुपये किसानों के खातों में भेजा जा चुका है। उन्होंने किसानों से आ]वान किया कि वे स्वीकृत गन्ना प्रजातियों की बुवाई कर गन्ने की फसल की सुरक्षा अपनाकर अधिक से अधिक उत्पादन प्राप्त करें।

## पब्लिक गर्ल्स की छात्राओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

**देवबन्द।** यूपी बोर्ड के हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के घोषित परीक्षा परिणाम में पब्लिक गर्ल्स इंटर कालेज व एचएवी इंटर कालेज की छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम रोशन किया। हाईस्कूल में अशफिया ने 84. 66 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, लबीबा फाईजा ने 83.50 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और जुवेरिया ने 79.16 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि इंटरमीडिएट में तूबा रिजवान ने 79 प्रतिशत अंकों के साथ प्रथम, युसरा मोहम्मद नजम और सानिया दिलशाद 77.80 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय और नशरा ने 76.60 प्रतिशत अंकों के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रबंधक सुहेल सिद्दीकी, सचिव मोहम्मद अनस सिद्दीकी एवं प्रधानाचार्य सबा हसीब सिद्दीकी ने छात्राओं को बधाई दी। एचएवी इंटर कालेज में हाईस्कूल का परीक्षा परिणाम 91 प्रतिशत और इंटरमीडिएट का परिणाम 90 प्रतिशत रहा। हाईस्कूल में प्रिंस प्रथम स्थान पर रहे। जबकि सौरभ कुमार ने द्वितीय स्थान पाया। वहीं, इंटरमीडिएट में ज्योति ने प्रथम और आर्यन द्वितीय स्थान पर रहे। प्रधानाचार्य हेम सिंह व प्रबंधक उषा मिश्रा ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

# हाईस्कूल व इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम देख छात्र-छात्राओं में खुशी

**मुजफ्फरनगर।** यूपी बोर्ड की हाई स्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया स जिसमें डॉक्टर शिवराज सिंह इंटर कॉलेज ,रामपुरी ,मुजफ्फरनगर का हाई स्कूल परीक्षा का रिजल्ट 94. 90 एवं इंटरमीडिएट परीक्षा का रिजल्ट 96.12 रहा स हाई स्कूल परीक्षा में प्रथम स्थान उदय शंकर गोयल एवं शगुन सैनी ने संयुक्त रूप से प्राप्त किया द्वितीय स्थान कुमारी परी एवम् तृतीय आसमीन ने प्राप्त किया स इसी विद्यालय में इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रथम स्थान वंशिका पुत्री अजय गोयल द्वितीय स्थान वंशिका पुत्री मनोज कुमार एवं तृतीय स्थान अदनान पुत्र अब्दुल ने प्राप्त किया दीवान सिंह इंटर कॉलेज ,तितावी मुजफ्फरनगर का हाई स्कूल परीक्षा का परिणाम 96.7: एवं इंटरमीडिएट परीक्षा का परीक्षा परिणाम 92.6 : रहा ।विद्यालय में इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में प्रथम स्थान अंशु 82.4 : द्वितीय स्थान वासु 80.8: व तृतीय स्थान ऋतिक कुमार 75.2: ने प्राप्त किया हाई स्कूल परीक्षा में छात्रा वर्षा ने 89.5: अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान वंश कुमार ने 87.66: अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान व उमंग ने 86.17 अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया पीटी उषा इंटर कॉलेज मुजफ्फरनगर का इंटरमीडिएट परीक्षा का परीक्षा परिणाम 98.2: व हाई स्कूल परीक्षा का परिणाम 98: रहा इंटरमीडिएट परीक्षा विज्ञान वर्ग




में रिया ने 81.8: अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान वंदना ने 81: अंक प्राप्त कर द्वितीय स्थान एवं शगुन और नेहा ने संयुक्त रूप से 80.6: अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। प्रबंधक डॉ विपिन कुमार सिंह एवं विद्यालयों के अधिशासी समन्वयक प्रवीण कुमार पुंडीर प्रधानाचार्य तरसपाल पुंडीर प्रधानाचार्य उषा सिंह प्रधानाचार्य आशा चौहान ने छात्र-छात्राओं को एवं विद्यालय में प्रथम ,द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को अपनी शुभकामनाएं दी।

## सोनू कुमार की पत्नी को बीएसए ने मृतक कोटे से दिया नियुक्ति पत्र

**मुजफ्फरनगर।** सोनू कुमार सहायक अध्यापक कंपोजिट विद्यालय (1-8) चित्तौड़ा, ब्लॉक जानसठ, जनपद मुजफ्फरनगर की हृदय गति रुकने के कारण मृत्यु हो गई थी। 24 अप्रैल 2026 को स्वर्गीय सोनू कुमार की धर्मपत्नी रीना चौधरी को मृतक आश्रित कोटे से कंपोजिट विद्यालय चित्तौड़ा ब्लॉक जानसठ में ही चतुर्थ श्रेणी की नौकरी दे दी गई है। प्रार्थिनी के परिवारजन इस हेतु विभाग का हृदय से आभार व्यक्त करते हैं।



# महिलाओं को बिना महरम के सफर का नहीं है हुक्म

**देवबन्द।** जमीयत दावतुल मुस्लिमीन के संरक्षक कारी इस्हाक गोरा ने बिना महरम (जिनसे पर्दा जायज नहीं) के हज का सफर करने वाली महिलाओं पर एतराज जताया। कहा कि पिछले कुछ सालो में ऐसी महिलाओं की संख्या लगातार बढ़ रही है जो कि शरीयत के अहकाम के खिलाफ है। मीडिया में जारी बयान में कारी इस्हाक गोरा ने बिना महरम हज पर जाने वाली महिलाओं के हज करने पर सवाल करते हुए कहा कि जो सफर शरीयत के अहकाम के खिलाफ हो उस हज की कबूलियत कैसे होगी। कहा कि शरीयत में महिलाओं को बिना महरम के सफर का हुक्म नहीं है। कहा कि ऐसी महिलाओं को शरीयत की हिदायत को समझना जरुरी है। उन्होंने सवाल करते हुए पूछा कि क्या उन्हें इस अहम मसअले पर मुफ्ती या आलीम-ए-दीन की रहनुमाई हासिल कर अपने सफर की शरई पहलू पर गौर किया? कारी इस्हाक गोरा ने कहा कि इस्लाम मजहब में इबादत सिर्फ नियत का नाम नहीं है बल्कि सही तरीका अदा करना भी उतना ही अहम है। उन्होंने शरीयत के हवाले से कहा कि यदि कोई अमल शरीयत के दायरे से बाहर हो जाए तो उसकी कबूलियत पर भी सवाल खड़े हो सकते हैं। इसलिए शरीयत के उसूलों को नजरअंदाज करना किसी भी सूरत में सही नहीं ठहराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि जज्बात में आकर या समाजी रुझान देखकर फैसला लेने के बजाए दीन की रोशनी में कदम उठाना चाहिए।

# सड़क हादसो में युवक की मौत एक घायल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवबन्द।** अलग-अलग स्थानों पर हुए सड़क हादसों में नागल निवासी 45 वर्षीय पप्पू की वाहन की चपेट में आकर मौत गई। जबकि दूसरी घटना में बाइक सवार कपड़ा व्यापारी दीवार से टकरा कर ओवरब्रिज से नीचे गिर गया। जिसे गंभीर हालत में हायर सेंटर रेफर किया गया। नागल थाना क्षेत्र के गंगडोली निवासी 45 वर्षीय पप्पू रात साखन नहर के पास पैदल सड़क पार कर रहा था इसी दौरान देवबन्द की ओर से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने उसे टक्कर मारदी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को राहगीरों ने सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। घायल की उपचार के दौरान मौत हो गई। **वहीं,** दूसरा हादसा

बाइक अनियंत्रित होकर ओवरब्रिज की दीवार से टकराई जिससे बाइक सवार घायल हुआ।

शुक्रवार की सुबह तल्हेड़ी बुजुर्ग-चंदेना कोली ओवरब्रिज पर हुआ। ग्राम सुहागिनी निवासी कुर्बान देवबंद में कपड़े की दुकान चलाता है। प्रतिदिन की तरह वह बाइक पर सवार होकर अपनी दुकान पर जा रहा था। जैसे ही वह ओवरब्रिज पर पहुंचा तो उसकी बाइक अनियंत्रित होकर साइड की दीवार से जा टकराई। टक्कर के कारण कुर्बान उछलकर नीचे सड़क पर जा गिरा। इसमें वह गंभीर रुप से घायल हो गया। राहगीरों ने उसे सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद हायर सेंटर रेफर कर दिया।

# 28 को पुलिस कार्यालय पर पहुंचने का आह्वान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मुजफ्फरनगर।** भारतीय किसान यूनियन (तोमर) के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर ने एक सभा गांव बढ़ेडी संदीप चौधरी के आवास पर हुई जहां लगभग सैकड़ो पद अधिका. रियों और कार्यकर्ताओं और किसानों ने हिस्सा लिया और सभी में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी संजीव तोमर ने 28 अप्रैल को होने जा रही पंचायत के लिए मजबूती से भाग लेने कि बात कही है उन्होंने कहा काफी मुद्दों को लेकर संगठन हरिद्वार एसएसपी आफिस पंजायत करने जा रहा है उनमें प्रमुख मुद्दे रहैगे जैसे अवैध खनन पर पूर्ण रुप रोक लगायी जाए और ओवरलोडिंग वाहनों पर



रोक लगायी जाए पशुओं के अवैध कटान बंद किये जाए देश और प्रदेश नशा मुक्त किया जाए और प्रदेश को भ्रष्टाचार मुक्त किया जाए इसे ही मुद्दों को लेकर संगठन 28 अप्रैल हरिद्वार एसएसपी ओफिस पर होगी पंचायत में चौधरी संजीव तोमर ने सभी से आह्वान किया है कि भारी संख्या में भाग ले बैठक में मोजूद सभी पद अधिकारियों ने मजबूत अश्वासन दिया है कि हम सब आपस में पंचायत को सफल बनाने का काम करें इस मोके पर राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रतिनिधि पवन त्यागी जिला अध्यक्ष निखिल चौधरी दीपक तोमर अजय त्यागी हसीर शानू आदि मौजूद रह।

## लाल सुखलाल सनातन धर्म कॉलेज का परीक्षा परिणाम रहा उत्कृष्ट

**पुरकाजी।** कस्बे के लाल सुखलाल सनातन धर्म इंटर कॉलेज का हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट गणित विषय का परीक्षा परिणाम इस वर्ष अत्यंत उत्कृष्ट रहा। विद्यालय के कई छात्र-छात्राओं ने गणित में 100 में 100 अंक प्राप्त कर न केवल विद्यालय बल्कि पूरे जनपद का नाम रोशन किया है।इस शानदार उपलब्धि के पीछे विद्यालय के वरिष्ठ गणित शिक्षक धीरज कुमार का विशेष योगदान माना जा रहा है। उनकी कड़ी मेहनत, समर्पण और प्रभावी शिक्षण पद्धति का ही परिणाम है कि विद्यार्थियों ने यह उल्लेखनीय सफलता हासिल की।



विद्यालय प्रबंधन, अभिभावकों एवं अन्य शिक्षकों ने इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए धीरज कुमार को बधाई दी है। साथ ही मेधावी छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी 'शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड' के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, सूजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**मुख्यालयः**
मोबाइल-9720007290
R.N.I. No. 71843/99
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# देहरादून एक्सप्रेसवे पर कार का एक्सल टूटा, पलटी कार एक की मौत तीन घायल

❑ मृतक के परिजन बिना कार्यवाही के शव को अपने साथ ले गए ।



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेसवे पर शुक्रवार तड़के एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया जिसमें हरिद्वार दर्शन के लिए जा रहे एक युवक की मौत हो गई जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके परअफरा-तफरी मच गई और आसपास के ग्रामीणों की भीड़ जुट गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिल्ली निवासी यश पुत्र सचिन, अतुल पुत्र रामनिवास, पार्थ पुत्र कृष्ण शर्मा व वैभव पुत्र कृष्ण शर्मा अपनी निजी कार से हरिद्वार जा रहे थे। सुबह करीब 4 बजे जैसे ही उनकी कार थानाभवन क्षेत्र के गांव ख्यावड़ी कट के पास एक्सप्रेसवे पर पहुंची तो अचानक कार का एक्सल टूट गया। एक्सल टूटते ही कार अनियंत्रित होकर तेज रफ्तार में पलट गई। हादसे के बाद गाड़ी में सवार लोगों की चीख-पुकार सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुंचे और तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही थानाभवन पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को बाहर निकालकर एंबुलेंस के जरिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थानाभवन भिजवाया। चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के दौरान वैभव पुत्र कृष्ण शर्मा को मृत घोषित कर दिया जबकि अन्य घायलों का उपचार जारी है। घटना की सूचना मिलते ही मृतक के परिजन भी अस्पताल पहुंच गए जहां उनका रो-रोकर बुरा हाल था।

थानाभवन पुलिस निरीक्षक बिजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि मृतक के परिजनों ने किसी भी कानूनी कार्रवाई से इनकार करते हुए शव को अपने साथ ले गए।

# जर्जर सड़क होने से धंसा टैंपो, लगा जाम



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** कस्बे की जर्जर सड़कों ने एक बार फिर प्रशासनिक दावों की पोल खोल दी। कस्बे के मोहल्ला राजो की मोरी में उस समय अफरा-तफरी मच गई जब शामली से एक व्यापारी का सामान लेकर आया टेंपो पानी से भरे गहरे गड्ढे में फंस गया। देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और वाहन को बाहर निकालने के प्रयास शुरू कर दिए गए लेकिन काफी देर तक सफलता नहीं मिल सकी।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार जिस सड़क पर यह घटना हुई वह लंबे समय से बदहाल स्थिति में है। पानी के लीकेज के कारण सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं जो आए दिन हादसों को न्योता दे रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस समस्या की कई बार शिकायत की जा चुकी है लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। टेंपो चालक अनस ने बताया कि वह व्यापारी का सामान लेकर कस्बे में पहुंचा ही था कि अचानक वाहन गड्ढे में धंस गया। काफी प्रयासों के बावजूद जब टेंपो नहीं निकला तो मजबूरन सामान नीचे उतारना पड़ा।

जिसके बाद किसी तरह वाहन को बाहर निकाला जा सका। घटना के बाद स्थानीय लोगों में प्रशासन के प्रति भारी रोष देखने को मिला। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही सड़कों की मरम्मत और पानी के लीकेज की समस्या का समाधान नहीं किया गया तो भविष्य में कोई बड़ा हादसा हो सकता है। उन्होंने संबंधित विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की है ताकि कस्बेवासियों को इस परेशानी से राहत मिल सके।

टंकी के गड्ढो के चलते सड़क की हालत पिछले काफी समय से खराब है। कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही है, जिससे लोगों को रोजाना परेशानी उठानी पड़ रही है। **भरत नारंग।**

पानी का लीकेज बंद नहीं किया गया तो हालात और बिगड़ सकते हैं। प्रशासन को तुरंत इस ओर ध्यान देना चाहिए, ताकि किसी बड़े हादसे से बचा जा सके। **शशांक गर्ग।**

# चार वर्षीय बच्चे को लेकर विवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कांधला निवासी एक व्यक्ति ने चार वर्षीय बच्चे को लेकर गंभीर आरोप लगाते हुए कोतवाली में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। परिजनों का आरोप है कि एक महिला व उसके परिजनों ने बच्चे को अपने पास रखकर उसके खिलाफ साजिश रची और फर्जी दस्तावेज तैयार करा लिए। इन्तिज़ार पुत्र इंतीयाज़ निवासी मोहल्ला खैल कांधला ने कोतवाली दी तहरीर में बताया है कि एक परिचित महिला उसके बच्चे को अपने साथ ले गई थी और उसकी देखभाल करने की बात कही थी। आरोप है कि इसी दौरान महिला व उसके परिजनों ने बच्चे को नुकसान पहुंचाने की योजना बनाई। साथ ही बच्चे का फर्जी जन्म प्रमाण पत्र व आधार कार्ड बनवाने का भी आरोप लगाया गया है। परिजनों का कहना है कि उन्हें मामले की जानकारी मिलने पर उन्होंने तुरंत पुलिस से शिकायत की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो सकी है। पीड़ित परिवार ने कोतवाली पहुंचकर लिखित तहरीर देते हुए आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने और बच्चे को सुरक्षित वापस दिलाने की मांग की है।

**शाह टाइम्स की खबर का हुआ असर**

# कचोरी नाथ मंदिर निर्माण का कार्य फिर शुरू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** कस्बे के प्राचीन सिद्ध पीठ मंदिर कचोरी नाथ में लंबे समय से रुके सौंदर्यीकरण कार्य को लेकर उठे विवाद के बाद अब स्थिति में सुधार नजर आने लगा है। दैनिक शाह टाइम्स द्वारा मामले को प्रमुखता से प्रकाशित किए जाने के बाद ठेकेदार हरकत में आया और मंदिर परिसर में जेसीबी मशीन लगाकर सफाई व प्रारंभिक कार्य शुरू करा दिया गया।ज्ञात हो कि प्रदेश सरकार की योजना के तहत करीब 1 करोड़ 9 लाख रुपये की लागत से मंदिर परिसर में हॉल व कमरा अन्य निर्माण कार्य प्रस्तावित हैं लेकिन महीनों से काम ठप पड़ा था। इससे महंतों व स्थानीय लोगों में भारी नाराजगी थी और महंत योगी सतीश नाथ व योगी अर्जुन नाथ ने भूखहड़ताल करने की चेतावनी भी दी थी। शाह टाइम्स में खबर प्रकाशित होने के बाद ठेकेदार मौके पर पहुंचा और जेसीबी के माध्यम से परिसर में उगी घास व झ्रों की सफाई करवाई। साथ ही ठेकेदार ने दो-तीन दिन के भीतर निर्माण कार्य तेज गति से शुरू करने का आश्वासन दिया है।मंदिर के महंतों ने फिलहाल ठेकेदार के आश्वासन को देखते हुए आंदोलन स्थगित रखने की बात कही है लेकिन उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि कार्य में फिर लापरवाही हुई तो भूख हड़ताल का निर्णय लिया जाएगा।स्थानीय लोगों का कहना है कि धार्मिक स्थल के विकास में किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अब सभी की निगाहें इस बात पर टिकी हैं कि निर्माण कार्य कितनी तेजी और गुणवत्ता के साथ पूरा किया जायेगा।




# अवैध चमड़ा-हड्डी गोदाम का विरोध करने पर धमकी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कस्बे के मोहल्ला छड़ियान गली निवासी एक व्यक्ति ने मुख्यमंत्री को प्रार्थना पत्र भेजकर मोहल्ले में अवैध रूप से संचालित चमड़ा व हड्डी के गोदाम के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित का आरोप है कि इस गोदाम के कारण क्षेत्र में गंदगी फैल रही है, जिससे लोगों में गंभीर बीमारियों का खतरा बढ़ रहा है

प्रार्थना पत्र में बताया गया है कि मोहल्ले में रहने वाले कुछ लोग रिहायशी इलाके में ही अवैध रूप से चमड़ा और हड्डी का गोदाम चला रहे हैं, जिससे आसपास दुर्गंध और गंदगी फैलती है। आरोप है कि इसके चलते कई लोग बीमारी की चपेट में आ रहे हैं। पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि गोदाम संचालक अक्सर सड़क पर ट्रक और गाड़ियां खड़ी कर रास्ता बाधित कर देते हैं। जब मोहल्ले के लोग इसका विरोध करते हैं तो उनके साथ अभद्रता की जाती है। घटना का जिक्र करते हुए बताया गया कि 23 अप्रैल 2026 को भी आरोपियों ने सड़क पर वाहन खड़ा कर रास्ता पूरी तरह बंद कर दिया था। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित के अनुसार, आरोपी ने खुद को लाइसेंसी शस्त्र धारक बताते हुए गोली मारने तक की धमकी दी।पीड़ित ने मुख्यमंत्री से शिकायत कर मामले में रिपोर्ट दर्ज कराकर आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा रिहायशी इलाके में चल रहे अवैध गोदाम को बंद कराने की मांग की है।

# 83 लाख की ठगी में हुआ मुकदमा दर्ज

❑ पहले से बिकी भूमि का कराया फर्जी बैनामा, विरोध पर दी जान से मारने की धमकी

। एसपी के आदेश पर धोखाधड़ी-फर्जीवाड़े के संगठित गिरोह पर शिकंजा कसने की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** कैराना क्षेत्र में जमीन खरीद-फरोख्त के नाम पर 83 लाख रुपये की बड़ी ठगी का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोप है कि एक संगठित गिरोह ने पहले से बिक चुकी जमीन का दोबारा फर्जी बैनामा कराकर पीड़ित से मोटी रकम ऐंठ ली ।मामले में पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह के आदेश पर थाना कैराना में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

मोहल्ला बिसातियान निवासी राशिद पुत्र जहूर हसन ने एसपी को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि वह कांधला क्षेत्र में जमीन खरीदना चाहता था। इसी दौरान कुछ लोगों ने उसकी मुलाकात नदीम जंग व अन्य लोगों से कराई। आरोप है कि सभी ने सुनियोजित साजिश के तहत उसे भरोसे में लिया और 8.30 लाख रुपये प्रति बीघा के हिसाब से जमीन का सौदा तय किया। पीड़ित के अनुसार,उसने कुल 83 लाख रुपये आरोपियों को दिए, जिसमें 25 लाख रुपये बैंक खाते में ट्रांसफर किए गए, जबकि 58 लाख रुपये नकद दिए गए। इसके बाद 15 जून 2024 को उप निबंधक कार्यालय कैराना में उसके पिता के नाम बैनामा भी करा दिया गया। पीड़ित का आरोप है कि 25 जुलाई 2024 को जब वह जमीन पर कब्जा लेने पहुंचा, तो वहां पहले से अन्य लोग काबिज मिले। उन्होंने बताया कि उक्त जमीन वर्ष 2019 में ही खरीदी जा चुकी है और वर्तमान में उनकी पत्नियों के नाम खतौनी में दर्ज है।

यह सुनते ही पीड़ित के पैरों तले जमीन खिसक गई। आरोप है कि जब पीड़ित ने अपने पैसे वापस मांगे, तो आरोपियों ने साफ इनकार कर दिया। इतना ही नहीं, उन्होंने धमकी दी कि वे पहले भी कई लोगों को इसी तरह ठग चुके हैं और उनका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता।विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए पीड़ित व उसके साथियों को मौके से भगा दिया गया और दोबारा पैसे मांगने पर जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित के मुताबिक, 83 लाख रुपये के अलावा करीब 4 लाख रुपये बैनामा व अन्य खर्चों में भी खर्च हो चुके हैं। इस तरह कुल नुकसान करीब 87 लाख रुपये का हो गया है। पीड़ित का कहना है कि उसने कई बार थाना कैराना में शिकायत दी, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। बाद में एसपी एन.पी. सिंह के हस्तक्षेप के बाद पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला धोखाधड़ी, जालसाजी, आपराधिक षडयंत्र और जान से मारने की धमकी जैसे गंभीर अपराधों से जुड़ा है। जांच के आधार पर जल्द ही आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# सड़क चौड़ीकरण में विद्युत पोल बने बाधा



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झिंझाना।** कस्बे की मुख्य सड़क, जो पिछले करीब 12 वर्षों से जर्जर हालत में पड़ी हुई थी। जिसको लोक निर्माण विभाग द्वारा हाल ही में सड़क के चौड़ीकरण और नई काली सड़क निर्माण का कार्य शुरू कराया गया है। सड़क चौड़ीकरण के दौरान विद्युत विभाग के कुछ पोल सड़क निर्माण में बाधा बने हुए हैं, जिसके चलते काम अपेक्षित गति से नहीं चल पा रहा है।

बता दें कि लंबे समय से टूटी और गड्ढो से भरी इस सड़क के कारण राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। धूल, कीचड़ और आवागमन में दिक्कतें आम बात हो गई थीं, जिससे स्थानीय लोगों में काफी नाराजगी बनी हुई थी। चौड़ीकरण के दायरे में आ रहे इन विद्युत पोलों के कारण मशीनों के संचालन और सड़क को निर्धारित चौड़ाई तक विस्तार देने में दिक्कतें आ रही हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि समय रहते इन पोलों को नहीं हटाया गया, तो निर्माण कार्य और अधिक प्रभावित हो सकता है। इस संबंध में लोक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता राजकुमार ने बताया कि विद्युत विभाग को इस समस्या से अवगत करा दिया गया है। उन्होंने आश्वासन दिया कि जल्द ही चौड़ीकरण में आ रहे विद्युत पोलों को हटाने की कार्रवाई की जाएगी, जिसके बाद निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ सकेगा। क्षेत्रवासियों को उम्मीद है कि विभागों के समन्वय से यह महत्वपूर्ण सड़क जल्द ही पूरी तरह तैयार होकर आमजन के लिए सुगम यातायात का मार्ग बनेगी।

# गर्म होकर तेल उगल रहा विद्युत ट्रांसफार्मर, हादसे की आशंका से दहशत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** दिल्ली-सहारनपुर हाईवे स्थित एक विद्युत ट्रांसफार्मर इन दिनों स्थानीय लोगों के लिए खतरे का सबब बना हुआ है। बताया जा रहा है कि ट्रांसफार्मर अधिक लोड और गर्मी के चलते बार-बार ओवरहीट होकर तेल उगलने लगता है, जिससे आसपास काम करने वाले लोगों में भय का माहौल बना हुआ है।

हाईवे किनारे स्थित दुकानों पर कार्य कर रहे मिस्त्री अनस, नईम, सदा सहित अन्य लोगों का कहना है कि ट्रांसफार्मर से अचानक तेल टपकने और छिटकने की घटनाएं कई बार हो चुकी हैं। ऐसे में किसी बड़े हादसे की आशंका से वह हर समय सहमे रहते हैं। उनका कहना है कि यदि समय रहते ट्रांसफार्मर की मरम्मत या बदलाव नहीं कराया गया, तो कभी भी गंभीर दुर्घटना हो सकती है। स्थानीय लोगों के अनुसार ट्रांसफार्मर के आसपास पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था भी नहीं है। न तो इसके चारों ओर उचित बैरिकेडिंग की गई है और न ही कोई चेतावनी बोर्ड लगाया गया है, जिससे राहगीरों और दुकानदारों को जोखिम का अंदाजा हो सके। दुकानदारों ने बताया कि दिनभर यहां लोगों का आना-जाना लगा रहता है।

ऐसे में ट्रांसफार्मर से तेल गिरना और चिंगारी निकलने की आशंका किसी भी वक्त बड़ा हादसा करा सकती है। उन्होंने विद्युत विभाग से कई बार शिकायत करने की बात भी कही, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। स्थानीय लोगों ने विभागीय अधिकारियों से मांग की है कि ट्रांसफार्मर की तत्काल जांच कर उसे सुरक्षित बनाया जाए या आवश्यकता पड़ने पर उसे बदला जाए, ताकि संभावित हादसे को टाला जा सके।

# टूटी सड़क बनी तालाब, ग्रामीण परेशान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** कस्बे के बिजलीघर के पास सहकारी समिति मार्ग पर करीब बीस मीटर सड़क टूटकर नाले में तब्दील हो गई है। नाला टूटने से पानी सड़क पर भर गया है, जिससे कीचड़ और जलभराव की समस्या बन गई है। गेहूं खरीद के चलते भारी वाहनों की आवाजाही से हालात और बिगड़ गए हैं, जिससे राहगीरों और किसानों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

चौसाना कस्बे के बिजलीघर के बराबर से सहकारी समिति होते हुए भडी गांव को जाने वाले इस मुख्य मार्ग की हालत बेहद खराब हो चुकी है। सड़क के किनारे बना नाला टूट गया है, जिससे कस्बे का गंदा पानी सीधे सड़क पर भर रहा है। स्थिति यह है कि सड़क अब तालाब जैसी नजर आने लगी है। इसी मार्ग पर स्थित सहकारी समिति में इन दिनों गेहूं खरीद जारी है, जिसके चलते ट्रैक्टर-ट्रॉली और अन्य भारी वाहन लगातार गुजर रहे हैं। भारी वाहनों के दबाव से सड़क और नाले की हालत और खराब हो गई है। ग्रामीण मुबारिक अली, अफजाल, बाबर, मुजम्मिल, आदिल और रशीद का कहना है कि यह सड़क पीडब्ल्यूडी विभाग के अधीन है और इसकी शिकायत कई बार विभागीय अधिकारियों से की जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका आरोप है कि विभाग की अनदेखी के चलते कई लोग वाहन समेत फिसलकर गिर चुके हैं और चोटिल भी हुए हैं।



सड़क की स्थिति की जानकारी विभाग को है। इसके निर्माण का प्रस्ताव पिछले वर्ष प्रशासन को भेजा गया था, लेकिन स्वीकृति नहीं मिल सकी। अब दोबारा प्रस्ताव भेजा गया है, स्वीकृति मिलते ही मरम्मत कार्य शुरू कराया जाएगा।

**जेई पंकज कुमार**
**पीडब्ल्यूडी**

# जिला उद्योग बंधुओं की बैठक में हुआ मंथन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** विकास भवन सभागार में जिला उद्योग बंधु की बैठक का आयोजन सीडीओ विनय कुमार तिवारी की अध्यक्षता में हुआ। बैठक में विभिन्न उद्यमियों ने कई महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की और उन्हें शीघ्र समाधान की आवश्यकता जताई।

शुक्रवार को विकास भवन सभागार में जिला उद्योग बन्धु समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी श्री विनय कुमार तिवारी जी द्वारा की गई, बैठक में जनपद में औद्योगिक विकास से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। टिटौली ड्रेन की सफाई के संबंध में अध्यक्ष महोदय द्वारा अधिशासी अभियंता, सिंचाई विभाग को निर्देशित किया गया कि पुलिस प्रशासन के सहयोग से ड्रेन पर अतिक्रमण हटाते हुए शीघ्र सफाई कार्य सुनिश्चित कराया जाए, जिससे जल प्रवाह सुचारू रूप से संचालित हो सके।इसके अतिरिक्त शामली औद्योगिक क्षेत्र से पूर्वी यमुना नहर तक लगभग 03 किलोमीटर लंबी नल पाइपलाइन डाले जाने के प्रस्ताव पर भी चर्चा की गई। इस संबंध में अध्यक्ष महोदय द्वारा मेरठ विकास प्राधिकरण द्धएमडीएऋ के साथ अलग से बैठक आयोजित कर विषय का समाधान सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए गए।कैराना रोड, शामली पर विराज होटल के आगे स्थित औद्योगिक इकाइयों से लेकर पूर्वी यमुना नहर तक कच्चे नाले की मरम्मत के संबंध में अधिशासी अभियंता, पीडब्ल्यूडी द्वारा अवगत कराया गया कि कार्य 1-2 माह में पूर्ण कर लिया जाएगा, जिस पर अध्यक्ष महोदय द्वारा समयबद्ध रूप से कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए गए। कलेक्ट्रेट एवं विकास भवन परिसर में जल निकासी की समस्या के संबंध में अध्यक्ष महोदय द्वारा जल निगम को विस्तृत सर्वे कर आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश दिए गए। उद्योगों के जीएसटी रिटर्न के संबंध में डीसी जीएसटी द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि उद्यमियों को लगभग ध्4 करोड़ का रिफंड प्राप्त हुआ है। इस पर समिति द्वारा संतोष व्यक्त करते हुए प्रकरण को निक्षेपित करने के निर्देश दिए गए।बैठक में अनुपस्थित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए गए तथा बैठक में दिए गए निर्देशों का अनुपालन आख्या आवश्यक रूप से उपायुक्त उद्योग को प्रेषित करने हेतु सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया। अंत में अध्यक्ष महोदय द्वारा सभी अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि उद्यमियों की समस्याओं का समयबद्ध एवं प्रभावी निस्तारण सुनिश्चित करें तथा औद्योगिक विकास को गति देने हेतु आपसी समन्वय के साथ कार्य करें।

बैठक में उपायुक्त उद्योग श्रीमती रतिका गुप्ता, अधिशासी अभियंता सिंचाई विभाग, अधिशासी अभियंता पीडब्ल्यूडी, जिला पंचायत के अधिकारी, अधिशासी अभियंता विद्युत विभाग, शाखा प्रबंधक ईएसआई मुजफ्फरनगर, एलडीएम पीएनबी तथा अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



# माँ बगलामुखी जयंती पर छात्रा राधिका को मिली छात्रवृत्ति

**कांधला।** नगर के मन्दिर महादेव मारूफ शिवाला कांधला धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा शुक्रवार को माँ बगलामुखी जयंती के अवसर पर शिवाला हकीम शिवनाथ सिद्ध पीठ अंदोसर मंदिर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ट्रस्ट पदाधिकारियों द्वारा माँ बगलामुखी की पूजा-अर्चना और पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।इस दौरान माता बगलामुखी बीना कौशिक एडवोकेट कन्या छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत सत्र 2026-27 के लिए चयनित छात्रा का नाम घोषित किया गया। रचनात्मक कार्यों एवं शैक्षणिक उपलब्धियों के आधार पर ईडन कॉन्वेंट स्कूल की कक्षा पांच की होनहार छात्रा कुमारी राधिका को छात्रवृत्ति हेतु चुना गया। अध्यक्ष पंडित राधेश्याम शर्मा, मुख्य अतिथि धर्म सिंह एवं विशिष्ट अतिथि वीरेंद्र जैन 'लाले' ने छात्रा को 2100 रुपये की धनराशि, सम्मान चिन्ह, ट्रस्ट की पत्रिका शिवस्य प्रसादह्, मूल रामायण, सुंदरकांड की प्रति, वस्त्र व मिष्ठान भेंट कर सम्मानित किया।कार्यक्रम में ट्रस्ट की ओर से समाज सेवा के क्षेत्र में योगदान देने वाले दो गोपालकों को भी सम्मानित किया गया। जसाला निवासी मुकेश कुमार और कांधला निवासी संजीव वर्मा, जिन्होंने निराश्रित गायों को आश्रय देकर आजीवन पालन-पोषण का संकल्प लिया है, उन्हें प्रशस्ति पत्र, व धनराशि तथा धार्मिक पुस्तकें भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ट्रस्ट अध्यक्ष शालिनी कौशिक एडवोकेट, महासचिव डॉ. शिखा कौशिक, प्रदीप कुमार, पारुल रानी, वंशिका मौजूद रहे।

# एसीएमओ का छापा, हॉस्पिटल सीज

शाह टाइम्स संवाददाता

**सढौली कदीम।** एसीएमओ कपिलदेव ने एक शिकायत पर बेहट कस्बे में शाकंभरी देवी रोड पर अवैध रूप से संचालित एक हॉस्पिटल पर छापा मारा। इस दौरान उन्होंने हॉस्पिटल संचालक से कागजात मांगे, लेकिन वह नही दिखा सका। इस पर हॉस्पिटल को सीज कर दिया गया, जबकि अन्य दो हॉस्पिटल संचालको को नोटिस जारी किया गया।

एसीएमओ ने बताया कि क्षेत्र के किसी व्यक्ति ने मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत थी कि कस्बा बेहट में शाकंभरी देवी रोड पर एक अवैध रूप से बच्चो का अस्पताल संचालित किया जा रहा है। इस पर शुक्रवार को उन्होंने अपनी टीम के साथ छापेमारी की। छापेमारी के दौरान उन्हें हॉस्पिटल से बच्चों को रखने की मशीनें मिली। जब उन्होंने इन्हें संचालित करने वाले चिकित्सको के बारे में जानकारी दी, तो अस्पताल संचालक उन्हें कोई जानकारी नहीं दे सका। इसके अलावा उन्होंने पास ही संचालित सिटी व साथी हॉस्पिटल पर भी जांच की। उन्होंने वहां मौजूद स्टॉफ से हॉस्पिटल के बाहर लगे बोर्डों पर लिखे चिकित्सको के बारे मे जानकारी ली। इस पर उन्हें कोई संतोषजनक जवाब नही मिल पाया। जिस



पर उन्होंने हॉस्पिटल को नोटिस जारी किया। उन्होंने बताया कि अभियान चलाकर अवैध रूप से संचालित हॉस्पिटलो के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# जांच को पहुंचीं राजस्व टीम

**चिलकाना।** सुल्तानपुर नगर पंचायत कार्यालय द्वारा नजूल बताई जाने वाली भूमि पर वर्षों से अपने आवास बनाकर रहते आ रहे परिवारों द्वारा की गई भेदभाव की शिकायत पर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने जिलाधिकारी को उक्त प्रकरण की जांच कार्यवाही के लिए निर्देशित किया था। डीएम के आदेश पर राजस्व टीम ने मौके पर पहुंच प्रकरण की जांच की है।

बतातें चले कि नगर पंचायत सुल्तानपुर चिलकाना के मोहल्ला कोठीवाला (किला) जिसको नगर पंचयात द्वारा नजूल की भूमि बताया जाता है। उक्त भूमि को फ्री होल्ड करवाने व प्रधानमंत्री आवास योजना में शामिल किये जाने की मांग करते हुए वर्षों से यहां पर आवास बनाकर रहते आ रहे परिवारो ने मुख्यमंत्री, प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग तथा राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग को शिकायती पत्र लिखकर बताया था कि उक्त भूमि पर नगर पंचायत द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ देने से मना कर दिया जाता है। जबकि वह लोग नगर पंचायत को जल कर व भवन कर भी देते चले आ रहे है।

पीड़ित परिवारों द्वारा उन्हें उक्त भूमि पर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलवाए जाने की मांग की गई थी। तत्पश्चात मानवाधिकार आयोग की ओर से जिलाधिकारी को उक्त प्रकरण की जांच अगले 2 माह में करते हुए पूर्ण जानकारी आयोग को मुहैया कराये जाने के लिए निर्देशित किया गया था। आज शुक्रवार को डीएम के आदेश पर नायाब तहसीलदार मुकुल, लेखपाल योगेंद्र चौहान व रोबिन द्वारा मौके पर जाकर प्रकरण की जांच की गई। नायाब तहसीलदार मुकुल ने बताया कि जांच रिपोर्ट उच्च अधिकारियों को सौंप दी जाएगी।

# बैंड बाजों के साथ मूर्तियों का नगर भ्रमण

शाह टाइम्स संवाददाता

**रामपुर मनिहारान।** श्री शिव मंदिर में स्थापित होने वाली मूर्तियों से पूर्व नगर भ्रमण किया गया बैंड बाजों के साथ विभिन्न मूर्तियों को नगर भ्रमण कराया गया जहां जगह-जगह मूर्तियों का स्वागत किया गया।

शिवपुरी स्थित श्री शिव मंदिर में स्थापित होने वाली श्री खाटू श्याम जी, श्री काल भैरव, की मूर्ति व श्री शनि देव की शिला, की स्थापना से पूर्व नगर भ्रमण कराया गया।पाँच दिन चले धार्मिक कार्यक्रमों के बाद गुरुवार को नगर भ्रमण आरंभ हुआ। इससे पूर्व विभिन्न रथ का उद्घाटन मुकेश अग्रवाल, रविन्द्र चौधरी, डॉ किरण पाल, मधु शर्मा ने किया ने किया।मंदिर से आरंभ सभी रथ विभिन्न मौहल्लों में होते हुए वापस मंदिर पर पहुंचे। विभिन्न रास्तों में सभी मूर्तियों का



श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। यात्रा में शामिल बैंड बाजों ने वातावरण को भक्ति में बनाए रखा। सभी मूर्ति शुक्रवार को मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के साथ स्थापित की जाएगी। मुख्य यजमान डॉ विनोद शर्मा प्रमिला शर्मा, विजय शर्मा अमीन ,सपना शर्मा, मनोज शर्मा रहे। रथ यात्रा में मंदिर समिति अध्यक्ष मनोज शर्मा , प्रेमचंद शर्मा, प्रधानाचार्य दीपक श्रीवाल,अजय सिंघल, मोहन मित्तल, श्रीमती मधु शर्मा,वंदना कर्णवाल, संतोष , सरोज शर्मा, सुषमा, सीमा चौधरी, हरिओम शर्मा, सुरेन्द्र चौधरी बॉबी, प्रधानाचार्य सुरेंद्र चौहान, आदि काफी श्रद्धालु मौजूद रहे।

# पंचायतीराज दिवस पर लगाई चौपाल

**छुटमलपुर।** मुजफ्फराबाद ब्लॉक की ग्राम पंचायत भैंसराऊ में शुक्रवार को राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस के अवसर पर ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) योगेंद्र चौधरी ने की। चौपाल के दौरान बीडीओ ने ग्रामीणों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को उनके समाधान के निर्देश दिए। उन्होंने पेयजल, विद्युत आपूर्ति, सड़क, आवास, शौचालय, राशन कार्ड, परिवार रजिस्टर नकल, पेंशन, मनरेगा कार्य, स्वच्छता और स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं पर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया।

इस मौके पर ग्राम पंचायत



द्वारा डिजिटल लाइब्रेरी का उद्घाटन कर उसे ग्रामीण युवाओं को समर्पित किया गया। बीडीओ योगेंद्र चौधरी ने "पढ़ेगा भारत, बढ़ेगा भारत" का संदेश देते हुए युवाओं से डिजिटल लाइब्रेरी का अधिक से अधिक उपयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि युवाओं को निशुल्क पुस्तकें उपलब्ध कराई जाएंगी, जिससे उनकी शिक्षा और ज्ञान में वृद्धि होगी। बीडीओ ने ग्राम सचिव राजीव सैनी को निर्देशित किया कि चौपाल में प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, वृद्धावस्था, विधवा और दिव्यांग पेंशन, आयुष्मान भारत योजना, स्वच्छ भारत मिशन, जल जीवन मिशन और राशन वितरण प्रणाली सहित विभिन्न सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्र लाभार्थियों से इनका लाभ उठाने की अपील की। इस अवसर पर ग्राम प्रधान सतीश कुमार, जितेंद्र कुमार, सूरज, ऋषिपाल सैनी, धीरज कुमार (एडवोकेट), रश्मि, बेबी रानी सहित आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, आशा, सफाई कर्मी, पंचायत सहायक और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# बिन बारिश नहरे बनी गंगोह की सड़कें

शाह टाइम्स संवाददाता

**गंगोह।** नगर में बिना बारिश के ही जलभराव की समस्या ने स्थानीय लोगों की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। हालात ऐसे हैं कि राहगीरों को आवागमन में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है, वहीं स्कूली बच्चों को भी रोजाना परेशानी झेलनी पड़ रही है।

यह मामला मिर्जा नर्सिंग होम मोहल्ला कोटला का है, जहां पिछले कई दिनों से चल रहे निर्माण कार्य के कारण रास्ते की स्थिति खराब हो गई है। स्थानीय लोगों के अनुसार निर्माण कार्य के चलते जलनिकासी बाधित हो गई, जिससे सड़क पर पानी जमा हो गया है। निवासियों का आरोप है कि कई दिनों से निर्माण कार्य भी बंद पड़ा है, लेकिन जलभराव की समस्या अब तक दूर नहीं की गई है। इससे न सिर्फ आमजन बल्कि स्कूल जाने वाले बच्चों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द ही जलनिकासी की समुचित व्यवस्था कराई जाए और अधूरे निर्माण कार्य को पूरा किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को राहत मिल सके।

## पेड़ों पर आरा चलने से चिंता बढ़ी

**स्योहारा।** क्षेत्र में इन दिनों पेड़ों के लगातार हो रहे कटान को लेकर ग्रामीणों में चिंता का माहौल बना हुआ है। क्षेत्र के ग्राम अमीनाबाद में हाल ही में तुन और शीशम के पेड़ों के कटे होने की चर्चा ग्रामीणों के बीच तेजी से फैल रही है। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र में हरियाली लगातार कम होती दिखाई दे रही है और पेड़ों का कटान अब आम होता जा रहा है। बताया जाता है कि कुछ दिन पहले ही ग्राम मुकरपुरी में भी आस्था से जुड़ा एक पुराना पेड़ काटे जाने का मामला सामने आया था। इसके बाद से ग्रामीणों में यह चर्चा और तेज हो गई है कि इलाके में लकड़ी कटान की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार सीमित संख्या में पेड़ों की अनुमति ली जाती है, लेकिन मौके पर उससे अधिक पेड़ों का कटान कर दिया जाता है।

## वाहनों के चालान काटे

शाह टाइम्स ब्यूरो

**सहारनपुर।** यातायात पुलिस ने विशेष अभियान चलाते हुए दस वाहनों का चालान काटकर एक लाख रूपये अधिक का जुर्माना वसूल किया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनदंन के निकट पर्यवेक्षण व पुलिस अधीक्षक यातायात शैलेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन में आज जनपद में यातायात पुलिस द्वारा यातायात प्रभारी अमित तोमर के नेतृत्व में मॉडिफाइड साइलेंसर, प्रेशर हार्न एवं हूटर की बढ़ती प्रवृत्ति पर नियंत्रण हेतु विशेष अभियान चलाया गया, जिसके अन्तर्गत यातायात पुलिस द्वारा संघन चौकिंग अभियान चलाते हुये 10 वाहनों के चालान करते हुये 1 लाख से अधिक जुर्मान लगाया गया है।

# स्कूलों में अव्वल आने वाले यूपी बोर्ड के मेधावी छात्र छात्राएं किए गए सम्मानित

शाह टाइम्स संवाददाता

**नकुड़।** यूपी बोर्ड के अंग्रेजी माध्यम के घोषित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा परिणाम में कस्बे के आर.एन. टैगोर विद्या पीठ इंटर कॉलेज ने शत-प्रतिशत परिणाम के साथ शानदार सफलता हासिल की। विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय और अभिभावकों में खुशी का माहौल रहा।

इंटरमीडिएट में वंदना ने 87.4% अंक प्राप्त कर टॉप किया। वहीं अमरदीप (81.6%), अदीबा (81.2%), निगहत, वंशिका सैनी और हबीबा (79.2%) तथा दक्ष गोयल (78.4%) ने टॉप टेन में स्थान बनाया। हाईस्कूल में अतिशा ने 92% अंक के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि मधु (91.5%), अंजली (88%), इंशा व प्रिंसी (87.67%), पूर्वा धीमान व पूर्वा वर्मा (86.16%), सानिया (85.6%), अरीब (84.83%) और नशरा (83.83%) ने भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रबंधक चन्द्र शेखर मित्तल, प्रधानाचार्या अर्चना गुप्ता व निदेशक सत्यम मित्तल ने विद्यार्थियों को बधाई देकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

**चिलकाना।** सुलतानपुर नगर के नव जनोदय इंटर कॉलेज का परीक्षाफल शत प्रतिशत रहा।

नव जनोदय इंटर कॉलेज में हाईस्कूल के छात्र लविश सैनी एवं ईनु ने 88.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला, अनुराधा 87.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा, सिद्धार्थ पाल ने 86.83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा






तथा आयुष ने 84.67 अंक प्राप्त किया चौथा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा प्रियांशु ने 83.32 प्रतिशत, करण ने 82.83 प्रतिशत, शुभ सैनी ने 82.33 प्रतिशत, फरदीन ने 81% प्रतिशत, रितिक ने 83.50 प्रतिशत, विक्रांत ने 81.6 प्रतिशत, विशाल ने 84.50 प्रतिशत, वंशिका ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। इंटरमीडिएट में तीन छात्र देवांश, हर्ष तथा शिफा चौधरी ने 80.40 अंक प्राप्त कर पहला, वंशिका ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरा तथा अभय ने 79.80 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा सृष्टि ने 79.20 प्रतिशत, निखिल ने 70.20 प्रतिशत, अक्षित ने 78.20 प्रतिशत, आर्यन ने 78.20 प्रतिशत, प्रिंसी ने 78.20 प्रतिशत तथा जसवंत ने 78 प्रतिशत अंक प्राप्त किये। कॉलेज में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र-छात्राओं का सम्मान किया गया।

**गंगोह।** श्री जगन्नाथ सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गंगोह की छात्राओं ने शानदार सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। छात्रा वंशिका पांचाल ने इंटर परीक्षा में 88.8 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जनपद में छठा स्थान हासिल किया, जबकि शिवांशी शर्मा ने हाईस्कूल परीक्षा में 92.83 प्रतिशत अंक लेकर टॉप-10 में 9वां स्थान प्राप्त किया। दोनों छात्राओं की सफलता पर कॉलेज में मिठाई बांटकर खुशी मनाई गई। इस अवसर पर अध्यक्ष उमेश गोयल, प्रबंधक नीरज अग्रवाल, राकेश तायल, प्रधानाचार्य शुभम गुप्ता आदि मौजूद रहे। गंगोह के होनहार छात्र विशांग कुमार ने इंटर परीक्षा में 89.2 प्रतिशत अंक हासिल कर जनपद में 5वां स्थान प्राप्त किया है।

हिन्दू राष्ट्रीय इंटर कॉलेज के छात्र की इस शानदार सफलता से कॉलेज, परिवार और गांव में खुशी की लहर दौड़ गई। परिजनों ने मिठाई खिलाकर खुशी मनाई, वहीं शिक्षकों और ग्रामीणों ने उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। रामकृष्ण मेहता इण्टर कालेज में इंटर परीक्षा में इकरा 77 प्रतिशत, जैद 80 प्रतिशत, लवी 71.4 प्रतिशत हाईस्कूल में सारा ने 87 प्रतिशत, मो. शान 86 प्रतिशत, आयु 84 प्रतिशत व कनक ने 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने माता पिता व विद्यालय का नाम रोशन किया। इस मौके पर कॉलेज अध्यक्ष प्रदीप तायल, उपाध्यक्ष अरविंद सिंह कपूर, कोषाध्यक्ष डा. अनूप भटनागर, नितिन गोयल, प्रधानाचार्य रोी. हताश कुमार ने परीक्षा परिणाम पर अपनी खुशी व्यक्त करते हुये छात्र-छात्राओं को उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनायें दी।

# छात्र-छात्राओं ने किया गुरुजनों व माता-पिता का नाम रोशन



तनु 90.00% | गुंजन 88.66% | प्रियांशु सहगल 88.33% | अर्पणा 86.50% | अनमोल 85.16% | शौर्य राणा 85.00%

**नागल।** माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा घोषित परिणाम मे कस्बे के नैशनल मॉडल इंटर कॉलेज के छात्रा तनु ने हाई स्कूल मे 90 प्रतिशत अंक व इण्टरमीडिएट मे शाह आलम ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया। स्वामी रामकृष्ण परमहंस इंटर कॉलेज मे हाईस्कूल के छात्र आलम ने 92 प्रतिशत व इंटर मीडिएट मे खुशी सैनी ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया। छात्र छात्राओ की इस उपलब्धि पर परिणाम के दूसरे दिन भी खुशी का माहौल रहा और सफलता हासिल करने वाले परीक्षार्थियों को बधाई देने का सिलसिला जारी रहा। नैशनल मॉडल इंटर कॉलेज के प्रबंधक वत्सराज त्यागी ने बताया कि उनके विद्यालय का परिणाम शत प्रतिशत रहा। स्कूल की छात्रा कु तनु ने 600 में से 539 अंक प्राप्त कर कॉलेज टॉप किया । वही कुमारी गुंजन 89 प्रतिशत अंक कर प्राप्त दूसरे स्थान पर रही। प्रियांशु कुमार 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रहा। अर्पणा ने 86 प्रतिशत व अनमोल, शौर्य राणा ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। इण्टर मीडिएट में शाह आलम ने 500 में 426 अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया । सारिका सिंह 83 प्रतिशत अंक प्राप्त कर दूसरे स्थान पर व मेघा टैगोर 82 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तीसरे स्थान पर रही। आरिफ ने 80 प्रतिशत, वंशिका ने 75 प्रतिशत व कीर्ति ने 74 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। स्वामी रामकृष्ण परमहंस इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य जगपाल दत्त स्वामी ने बताया कि हाईस्कूल मे आलम ने 92 प्रतिशत व खुशी सैनी ने इंटरमीडिएट मे 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय टॉप किया। हाईस्कूल मे शगुन सैनी ने 91 प्रतिशत अंक प्राप्त कर द्वितीय व समरीन ने 89 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा तमन्ना ने 87 प्रतिशत लक्की , शमा व प्रिंस सैनी ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इंटरमीडिएट मे खुशी सैनी व मेघा ने 85 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान पाया। अमरीन, अंशु ने 80 प्रतिशत अंक प्राप्त दूसरा व अजीम ,दीपक ने 79 प्रतिशत अंक प्राप्त कर तृतीय स्थान प्राप्त किया । शारिक, आर्यन, करीमा, रीफा,महरबा, शगुन ने भी 78 प्रतिशत अंक प्राप्त किए। विद्यालय के निदेशक प्रोफेसर राहुल स्वामी ने छात्र छात्राओ की सफलता पर हर्ष व्यक्त कर बधाई दी है।

# शोभित विश्वविद्यालय में प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन

**गंगोह।** शोभित विश्वविद्यालय में विश्वविद्यालय ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट सेल द्वारा प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया गया। इस कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन एलएंडटी कंस्ट्रक्शन द्वारा डिप्लोमा सिविल इंजीनियरिंग के छात्रों के लिए आयोजित किया गया।

कैंपस प्लेसमेंट की शुरुआत यूनिवर्सिटी ट्रेनिंग एंड डेवलपमेंट सेल के कोर्डिनेटर डॉ. नवीन कुमार ने कुलपति प्रो. डॉ. रणजीत सिंह व कुलसचिव प्रो. डॉ. महिपाल सिंह का आभार व्यक्त करते हुए की। भर्ती प्रक्रिया का संचालन कंपनी के टेक्निकल मैनेजर अरुण माझी ने टेक्निकल असिस्टेंट सचिन कुमार के सहयोग से किया। ड्राइव के दौरान छात्रों का तकनीकी साक्षात्कार लिया गया, जिसमें कुल 10 छात्रों का अंतिम रूप से चयन किया गया। कंपनी के टेक्निकल मैनेजर अरुण माझी ने बताया कि चयनित सभी छात्रों को जॉब पर ऑनबोर्ड करने से पूर्व एलएंडटी कंस्ट्रक्शन साइट, बिजनौर में दो माह का प्रशिक्षण दिया जाएगा। इस प्रशिक्षण के दौरान छात्रों को साइट वर्क, क्वालिटी कंट्रोल और प्रोजेक्ट एग्जीक्यूशन का व्यावहारिक ज्ञान दिया जाएगा। विश्वविद्यालय के प्लेसमेंट सेल ने एलएंडटी कंस्ट्रक्शन की टीम का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस तरह के प्लेसमेंट ड्राइव छात्रों के तकनीकी कौशल को निखारने और उन्हें इंडस्ट्री के लिए तैयार करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। चयनित छात्रों ने भी हर्ष व्यक्त करते हुए विश्वविद्यालय और कंपनी प्रबंधन को धन्यवाद दिया। कुलपति, कुलसचिव व सीनियर डायरेक्टर देवेंद्र नारायण ने कैंपस प्लेसमेंट ड्राइव के आयोजकों व सभी छात्रों को शुभकामनाएं प्रेषित की। कुलपति ने कहा कि प्रतिस्पर्धात्मक युग में तकनीकी दक्षता, संचार कौशल और सकारात्मक दृष्टिकोण सफलता की कुंजी हैं। ऐसे आयोजनों से छात्रों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच मिलता है तथा उन्हें अपने कौशल को उद्योग की आवश्यकताओं के अनुरूप विकसित करने का अवसर प्राप्त होता है। इस अवसर पर स्कूल प्लेसमेंट टीम अजय शर्मा, महेंद्र कुमार, अनिल जोशी आदि मौजूद रहे।

# मंदिरों में धूमधाम के साथ मनाया मां पिताम्बरा का जन्मोत्सव

शाह टाइम्स संवाददाता

**बेहट।** श्री बगलामुखी सिद्धपीठ पर माँ पीतांबरा का दो जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जिसमे पहली रात्रि को जहां अतिथि कलाकारों ने सुरों की सरगम छेड़कर श्रद्धांलुओं को भक्ति रस का पान कराया वंही आज अंतिम दिन विश्व कल्याण व सनातन की रक्षार्थ विशेष आहुतियों के साथ यज्ञ एवं भंडारे से उत्सव का विधिवत समापन हो गया।

श्री शाकुम्भरी सिद्धांपीठ क्षेत्र के नागल माफी स्थित माँ बगलामुखी धाम मे श्री पीतांबरा देवी के जन्मोत्सव की शुरुआत गुरुवार शाम को भगवती जागरण से हुई द्य जिसका शुभारम्भ भैरव तंत्राचार्य सहजानंद महाराज ने दीप प्रजवलित करके किया। इसके पश्चात दिल्ली, हरियाणा व मुजफ्फरनगर से आये अतिथि कलाकारों ने शानदार भेंट व भजनो की प्रस्तुतियों के माध्यम से भक्तिरस की धारा बहाई। जिसमे रात भर बड़ी संख्या मे मौजूद रहे श्रद्धालुओं ने डुबकी लगाई। इस दौरान माता का भव्य श्रंगार ओर झाँकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोहा द्यकार्यक्रम का समापन शुक्रवार को यज्ञ एवं भंडारें के साथ किया गया। पूजा अर्चना पंडित प्रमोद शर्मा, पं अमन कौशिक, पं नितिन आदि ने संपन्न कराई जबकि समापन माता का जन्मोत्सव मनाते हुए सात्विक केक काटा गया ओर 56 भोग भी माता को अर्पित किये गए, जिनको समापन पर प्रसाद के रूप मे श्रद्धालुओं को वितरण भी किया गया। दो दिवसीय आयोजन मे मुख्य रूप



से महंत सहजानंद महाराज, मेयर अजय सिंह, विधायक राजीव गुम्बर, भाजपा जिलाध्यक्ष अजित राणा, भाजपा नेता सोनेन्द्र राणा, अभय राणा आचार्य पं प्रमोद शर्मा, पूर्व विधायक नरेश सैनी, वीरेंद्र पुंडीर, गुरप्रीत सिंह बग्गा, अमन कौशिक, नितिन शर्मा हेमंत अरोड़ा, रोहित सिंह राणा जिप सदस्य हंसराज,गौतम शंकर, अखिलेश कोशिश एड., के अलावा अभिषेक कौशिक, शुभम शर्मा विकास शर्मा, हर्षित शर्मा, उमंग मयूर, रुद्राक्ष, अभिषेक खुब्बनपुर, देहाती कलाकार राजू मलिक, अश्विनी आदि मौजूद रहे।

**नकुड़।** माँ बगलामुखी जयंती के पावन अवसर पर क्षेत्र में श्रद्धा और आस्था का माहौल रहा। श्रद्धालुओं ने माता पीताम्बरा की पूजा अर्चना कर सुख-शांति और समृद्धि की कामना की।

इस दौरान धार्मिक महत्व को ध्यान में रखते हुए गौ सेवा भी की गई, जिसे सनातन धर्म में विशेष पुण्यदायी माना जाता है। इसी क्रम में कान्हा गौशाला, नारायणपुर में पहुंचकर गौ माता की सेवा करते हुए विशेष भोग अर्पित किया गया। भोग में केले, तरबूज, खरबूजा, पपीता, खीरा, हल्दी, शक्कर, किशमिश, चोकर और गुलदाना शामिल रहे। बताया गया कि वैशाख शुक्ल अष्टमी को मनाए जाने वाले इस पर्व पर माता की आराधना से कष्टों और नकारात्मक शक्तियों का नाश होता है। श्रद्धालुओं ने क्षेत्र की खुशहाली के लिए प्रार्थना की।

# पृथ्वी दिवस पर बच्चों ने किया प्रतिभा व क्रिएटिविटी का प्रदर्शन

**गंगोह।** नामदेव पब्लिक स्कूल में पृथ्वी दिवस बड़े ही उत्साह और रचनात्मकता के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने अपनी अद्भुत प्रतिभा और क्रिएटिविटी का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने आकर्षक पोस्टर बनाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया तथा स्कूल के गार्डन में पौधारोपण कर पानी भी दिया।

कार्यक्रम के दौरान छोटे बच्चों ने कविताओं और स्लोगन के माध्यम से विद्यालय का वातावरण अत्यंत प्रेरणादायक बना दिया। पृथ्वी दिवस के महत्व पर बच्चों ने अपने विचार प्रस्तुत किए, वहीं क्विज प्रतियोगिता और गीतों के माध्यम से भी सभी को जागरूक किया गया। प्रधानाचार्य रजनी राजपूत, प्रबंधक पंकज राजपूत, वरिष्ठ अध्यापक अरविंद शर्मा गुरूजी तथा सभी शिक्षक शिक्षिकाओं ने बच्चों को पृथ्वी दिवस के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी और पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने विद्यार्थियों को पृथ्वी की रक्षा हेतु अनेक महत्वपूर्ण संदेश भी दिए। इस अवसर पर छोटे छोटे बच्चों ने अपनी मधुर कविताओं से सभी का दिल जीत लिया। अलीशा, आतिफ, अवनी चौधरी सहित कई विद्यार्थियों ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से कार्यक्रम को सफल बनाया।

# देहरादून एक्सप्रेस-वे बना मौत का रास्ता

- तेज रफ्तार थार गाड़ी की टक्कर से बाइक सवार तीन युवकों की मौके पर दर्दनाक मौत,
- मृतको के गांव में शोक की लहर।
- मरने वालों में दो रिश्ते में मौसेरे भाई थे।

थानाभवन।

क्षेत्र के गांव भैसानी इस्लामपुर के पास शुक्रवार रात्रि के समय दिल्ली-देहरादून एक्सप्रेस-वे पर उस समय दिल दहला देने वाला हादसा हो गया, जब एक तेज रफ्तार थार गाड़ी ने बाइक सवार तीन युवकों को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और तीनों युवक सड़क पर दूर जा गिरे, जिनकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसा इतना भयावह था कि मौके पर मौजूद लोग सहम गए। सूचना मिलते ही थाना भवन पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और गंभीर रूप से घायल युवकों को एंबुलेंस की मदद से साम.ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भिजवाया जहां डाक्टरों ने जांच के बाद तीनों को मृत घोषित कर दिया।मृतकों की पहचान राजू (32) वर्ष पुत्र राकेश निवासी हरड़फतेहपुर, राजेंद्र (40) वर्ष पुत्र ओमवीर तथा सुभाष (38) वर्ष पुत्र रणवीर निवासी गांव हिरणवाड़ा के रूप में हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया और बड़ी संख्या में लोग साम.ुदायिक स्वास्थ्य केंद्र थाना भवन पहु.ंचने लगे। अस्पताल परिसर में चीख-पुकार और मातम का माहौल छा गया। पुलिस ने तीनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतू भेज दिया स वहीं हादसे के बाद टक्कर



मारने वाला वाहन चालक मौके से फरार हो गया जिसकी तलाश में पुलिस जुट गई है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है ताकि वाहन की पहचान की जा सके।स्थानीय लोगों का कहना है कि एक्सप्रेस-वे पर तेज रफ्तार वाहनों और लापरवाही के कारण लगातार हादसे हो रहे हैं लेकिन इसके बावजूद सुरक्षा के पर्याप्त



इंतजाम नहीं किए जा रहे हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से इस मार्ग पर सख्त कार्रवाई और सुरक्षा उपाय बढ़ाने की मांग की है। इस दर्दनाक हादसे के बाद पूरे गांव में शोक की लहर है स हादसे की सूचना पर सीओ थाना भवन अमरजीत मौर्य, निरीक्षक बिज.ेंद्र सिंह रावत, भी थाना भवन अस्पताल में पहुंचे।

# नुकसान की जांच को पहुंची टीम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बिडौली।** क्षेत्र के गांव असरफपुर में 11000 वोल्ट की विद्युत लाइन में फाल्ट होने से किसान की खड़ी गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। सूचना मिलने पर तहसील प्रशासन के अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर निरीक्षण किया और पीड़ित किसान को मुआवजा दिलाने का आश्वासन दिया।

जानकारी के अनुसार मंगलवार को बलराज पुत्र रघुवीर सिंह निवासी असरफपुर के खेत में अचानक आग लग गई। किसान का आरोप है कि खेत के ऊपर से गुजर रही 11000 वोल्ट की बिजली लाइन में फाल्ट होने से निकली चिंगारी सूखी गेहूं की फसल पर गिर गई, जिससे आग भड़क उठी। तेज हवा के चलते आग ने कुछ ही समय में विकराल



रूप धारण कर लिया और करीब 16 बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई। आग की चपेट में पड़ोसी किसान सुरेश कुमार पुत्र सुखबीर सिंह के खेत में रखा गेहूं का पड़ा तुड़ा (भूसा) भी जल गया। ग्रामीणों का आरोप है कि सूचना देने के बावजूद समय पर फायर ब्रिगेड और बिजली विभाग के कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचे, जिससे नुकसान और बढ़ गया। घटना की सूचना ग्राम प्रधान सुमित चौहान द्वारा प्रशासन को दी गई।

इसके बाद तहसीलदार अर्जुन चौहान और लेखपाल शुभम कुमार मौके पर पहुंचे और जली फसल का मुआयना किया। अधिकारियों ने पीड़ित किसान को आश्वासन दिया कि जल्द ही नुकसान का आकलन कर मुआवजा प्रदान किया जाएगा।

## मां बगलामुखी मंदिर में हुआ हवन यज्ञ

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** मां बगलामुखी के जन्मोत्सव को लेकर शुक्रवार को क्षेत्र के मुंडेट रोड स्थित मां बगलामुखी मंदिर में हवन यज्ञ व पूजा अर्चना का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने एकत्रित होकर मां बगलामुखी की पूजा-अर्चना की और परिवार की सुख स्मृद्धि की कामना की। मां बगलामुखी जो कि दस महाविद्याओं में आठवीं अधिष्ठात्री देवी हैं, नकारात्मक शक्तियों को नियंत्रित करने और शत्रुओं से रक्षा करने वाली देवी के रूप में पूजा जाती हैं। उनकी पूजा से व्यक्ति के जीवन में सुख-शांति और समृद्धि का वास होता है। शुक्रवार को आचार्य मोहित नोटियाल ने पूरे विधि विधान से पूजन सम्पन्न कराया। इस पूजन के मुख्य यज्ञमान चेयरमैन अरविन्द संगल, मीनू संगल रहे। पूजन के पश्चात मां बगलामुखी यज्ञ का आयोजन भी किया गया।

# असजद ने 87.16 अंक लाकर किया नाम रोशन, विद्यालय में हुआ सम्मान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांधला।** कस्बे के प्रगति सीनियर सेकेंडरी स्कूल के छात्र लगातार शैक्षिक क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। इसी क्रम में क्षेत्र के गांव गढ़ी दौलत निवासी हाईस्कूल के छात्र असजद पुत्र अमजद ने 87.16 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण होकर उल्लेखनीय सफलता हासिल की है।असजद की इस उपलब्धि से न केवल उसके परिवार बल्कि पूरे गांव और क्षेत्र में खुशी का माहौल है। छात्र की सफलता पर विद्यालय प्रबंधन द्वारा उसे सम्मानित किया गया। स्कूल के मैनेजर जावेद जंग ने मेधावी छात्र को शील्ड देकर सम्मानित करते हुए उसके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस दौरान उन्होंने कहा कि विद्यालय के छात्र लगातार बेहतर



प्रदर्शन कर रहे हैं, जो स्कूल के लिए गर्व की बात है। वहीं, छात्र की सफलता पर परिजनों और ग्रामीणों ने भी खुशी जाहिर करते हुए मिठाइयां बांटी और एक-दूसरे को बधाई दी। असजद ने अपनी सफलता का श्रेय अपने गुरुजनों और अभिभावकों को देते हुए कहा कि उनकी मेहनत, मार्गदर्शन और सहयोग के बिना यह संभव नहीं था। उसने आगे भी इसी तरह मेहनत कर उच्च लक्ष्य हासिल करने की बात कही।छात्र की इस उपलब्धि से क्षेत्र में अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिल रही है।

# एसएन कॉलेज में सना और खुशी बनी टॉपर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कैराना।** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा घोषित बोर्ड परीक्षा-2026 के परिणाम में एसएन इंटर कॉलेज, कैराना के छात्र-छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विद्यालय का नाम रोशन किया है। हाईस्कूल और इंटरमीडिएट दोनों वर्गों में छात्रों ने बेहतरीन अंक हासिल कर सफलता का परचम लहराया।

हाईस्कूल परीक्षा में छात्रा सना ने 90.17 प्रतिशत अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं कनक ने 87.67 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा अलिजा खातून ने 87.17 प्रतिशत अंक लेकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। इंटरमीडिएट वर्ग में खुशी देवी ने 83.60 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पहला स्थान हासिल किया। समीर ने 82.60 प्रतिशत अंकों के साथ द्वितीय तथा नुजहत ने 82 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान



प्राप्त किया। विद्यालय का कुल परीक्षा परिणाम भी बेहद सराहनीय रहा। हाईस्कूल का परिणाम 98.50 प्रतिशत तथा इंटरमीडिएट का परिणाम 96 प्रतिशत दर्ज किया गया। इस उपलब्धि पर विद्यालय प्रबंधन में खुशी की लहर है। संस्थापक लियाकत अली व प्रबंधक याकूब अली तथा प्रधानाचार्य रवि कुमार मित्तल ने सभी सफल छात्र-छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। साथ ही जिन छात्रों का परिणाम अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा, उन्हें और मेहनत करने के लिए प्रेरित किया गया। टॉप-10 परीक्षार्थियों की सूची भी जारी की गई, जिसमें हाईस्कूल और इंटरमीडिएट दोनों वर्गों के मेधावी छात्रों के नाम शामिल हैं।

## एक नजर

### पॉलिटेक्निक चलो अभियान के तहत जागरूकता रैली निकाली

**कांधला।** क्षेत्र के गांव जसाला के निकट दिल्ली-सहारनपुर हाईवे स्थित एम.एम.आई.टी. पॉलिटेक्निक के छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ द्वारा पॉलिटेक्निक चलो अभियान के अंतर्गत जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ संस्थान के प्रधानाचार्य नवीन कुमार ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली पॉलिटेक्निक परिसर से शुरू होकर आसपास के गांवों और प्रमुख मार्गों से होकर निकली। रैली के दौरान छात्र-छात्राओं ने तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न जागरूकता नारों का उद्घोष किया, जिससे आमजन का ध्यान इस ओर आकर्षित हुआ। रैली के पथ संचालन के दौरान छात्र-छात्राएं श्रीमती लाडो देवी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, जसाला पहुंचे, जहां उन्होंने विद्यालय की छात्राओं को तकनीकी शिक्षा के प्रति प्रेरित किया। इस अवसर पर उपस्थित अध्यापकों ने छात्राओं को तकनीकी शिक्षा के महत्व, रोजगार के अवसरों तथा आत्मनिर्भर बनने के मार्ग के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि वर्तमान प्रतिस्पर्धात्मक युग में तकनीकी ज्ञान युवाओं के उज्ज्वल भविष्य की कुंजी है।इसके उपरांत रैली चौधरी अजब सिंह इंटर कॉलेज, पंजोखरा जसाला पहुंची, जहां पॉलिटेक्निक के छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ ने वहां के विद्यार्थियों और जनसामान्य को तकनीकी शिक्षा के प्रति जागरूक किया। इस दौरान ह्तकनीकी शिक्षा अपनाओ, भविष्य उज्ज्वल बनाओह्न जैसे नारों के माध्यम से लोगों को प्रेरित किया गया। अध्यापकों ने अपने संबोधन में कहा कि पॉलिटेक्निक शिक्षा के माध्यम से छात्र कम समय में रोजगारप.रक शिक्षा प्राप्त कर सकते हैं और विभिन्न तकनीकी क्षेत्रों में अपना करियर बना सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि सरकार द्वारा तकनीकी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए कई योजनाएं चलाई जा रही हैं, जिनका लाभ उठाकर युवा आत्मनिर्भर बन सकते हैं। इस अवसर पर संस्थान के शिक्षक एवं स्टाफ सदस्य अमित कुमार गौतम, लोकेश कुमार, जसवीर सिंह, जितेंद्र कुमार, कपिल देव अग्रवाल, कुमारीश्वेता, सुभाष चंद्र, धर्म प्रकाश, श्रवण कुमार, अभिनव, मानव सिंह गौतम सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### माता वाले बाग मंदिर में मूर्ति स्थापना

**थानाभवन।** दिल्ली-सहारनपुर रोड स्थित माता वाले बाग मंदिर में देवी-देवताओं की मूर्ति स्थापना को लेकर धार्मिक कार्यक्रमों का शुभारंभ हो गया है। कार्यक्रम के तहत 29 तारीख को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी, जिसमें आकर्षक झांकियां शामिल होंगी जबकि 30 तारीख को विधि-विधान के साथ मूर्ति स्थापना की जाएगी। इसके उपरांत विशाल भंडारे का आयोजन होगा, जिसमें क्षेत्र के हजारों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। मंदिर में चल रहे इन धार्मिक कार्यक्रमों को लेकर श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखा जा रहा है और लोग बढ़-चढ़कर इसमें सहभागिता कर रहे हैं।

### इनर व्हील क्लब की यात्रा का आयोजन

**शामली।** शहर के हनुमान रोड स्थित एक रेस्तरा में इनर व्हील क्लब शामली द्वारा मंडलाध्यक्ष शालिनी की आधिकारिक यात्रा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मंडलाध्यक्ष वीणा अग्रवाल ने दीप प्रज्वलित कर एवं इनर व्हील प्रेयर के साथ किया।

कार्यक्रम में भारती पब्लिक स्कूल मुंडेट के बच्चों ने शानदार स्वागत गीत और सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। क्लब सेक्रेटरी रेखा ने क्लब द्वारा वर्ष भर किए गए कार्यों की रिपोर्ट प्रस्तुत की। इस दौरान क्लब की ओर से कई सामाजिक पहल की गई। इनमें गरीब कन्याओं की शादी का सामान, एक असहाय महिला को घर का राशन, हार्वर्ड लाइब्रेरी में कंपटीशन की बुक डोनेट करना, और विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत महिलाओं का सम्मान शामिल था। इसके अलावा, स्कूली बच्चों को बैग, वॉटर बॉटल, स्टेशनरी जैसे उपयोगी सामान भी वितरित किए गए। इस अवसर पर स्वाति पत्रिका का विमोचन भी किया गया, जिसे क्लब की ओर से एक अहम पहल के रूप में प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्रिया भट ने किया। मौके पर डॉ. सुशीला सिंह, अर्चना गोयल, रेखा गोयल, अनीता जैन, संतोष बिंदल, रश्मि वर्मा, सुधा अग्रवाल, चंचल महेश्वरी, प्रिया भट, रीमा गोयल,श्वेता भारद्वाज, सपना भारद्वाज, रिया कुछचल, अंजलि गर्ग मौजूद रही।

# मंडी परिसर में गेहूं खरीद केन्द्रों ने पकड़ी रफ्तार

- 3000 कुंतल के करीब खरीद पूरी किसानों की उमड़ी भीड़।

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** कृषि उत्पादन मंडी समिति थाना भवन परिसर में सरकार द्वारा स्थापित गेहूं क्रय केंद्रों पर इस बार खरीद प्रक्रिया ने तेजी पकड़ ली है। केंद्र व राज्य सरकार के अलग-अलग क्रय केंद्रों पर अब तक लगभग 3000 कुंतल गेहूं की खरीद की जा चुकी है जिससे किसानों को राहत मिलती नजर आ रही है। लगातार बढ़ती खरीद के चलते मंडी परिसर में किसानों की भीड़ भी दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है।केंद्र सरकार के एफसीआई क्रय केंद्र के प्रभारी संघर्ष कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि उनका केंद्र 13 तारीख से संचा.लित हो रहा है। अब तक केंद्र पर बड़ी मात्रा में गेहूं खरीदा जा चुका है और प्रतिदिन खरीद का आंकड़ा बढ़ता जा रहा है। उन्होंने बताया कि आज शाम तक करीब 300 कुंतल गेहूं की और तौल होने की संभावना है। एफसीआई केंद्र पर व्यवस्थाओं को सुचारू बनाए रखने के लिए कर्मचारियों की तैनाती की गई है जिससे किसानों को किसी प्रकार की असुविधा न हो।वहीं राज्य सरकार के आरएफसी क्रय केंद्र जो 1 अप्रैल से संचालित है पर भी खरीद कार्य लगातार जारी है। केंद्र प्रभारी विजय कुमार के अनुसार अब तक



करीब 1500 कुंतल गेहूं की खरीद की जा चुकी है और किसानों से लगातार गेहूं आ रहा है। आने वाले दिनों में यह आंकड़ा और बढ़ने की उम्मीद है।मंडी परिसर में सुबह से ही किसानों की लंबी कतारें देखने को मिल रही हैं। किसान ट्रैक्टर-ट्रॉली और अन्य साधनों से अपना गेहूं लेकर पहुंच रहे हैं और अपनी बारी का इंतजार कर रहे हैं। हालांकि भीड़ के चलते कुछ किसानों को इंतजार भी करना पड़ रहा है, लेकिन प्रशासन द्वारा व्यवस्था को बेहतर बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।किसानों का कहना है कि इस बार खरीद प्रक्रिया पहले के मुकाबले बेहतर तरीके से संचालित हो रही है, जिससे उन्हें राहत मिली है। वहीं अधिकारियों का दावा है कि सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) पर ही खरीद की जा रही है और पारदर्शिता का पूरा ध्यान रखा जा रहा है।कुल मिलाकर थानाभवन मंडी समिति में गेहूं खरीद का कार्य रफ्तार पकड़ चुका है और आने वाले दिनों में खरीद का आंकड़ा और बढ़ने की संभावना है जिससे क्षेत्र के किसानों को सीधा लाभ मिलेगा।

## मिनी एक्सकेवेटर से चला सफाई अभियान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** नगर क्षेत्र की छोटे-छोटे नालों की सफाई व्यवस्था को सुचारू रूप से बनाए रखने के लिए नगर पालिका ने मिनी एक्सकेवेटर मशीन से नालों की सफाई का कार्य प्रारंभ कर दिया है। पालिकाध्यक्ष अरविंद संगल ने बताया कि यह विशेष मशीन अपनी कांपैक्टनेस, मजबूती, और जापानी तकनीक के लिए जानी जाती है। यह विशेष रूप से शहरी निर्माण और संकरे स्थानों पर नाली सफाई के कार्य के लिए डिजाइन की गई है। यह मशीन न केवल अपने आकार में छोटी और मजबूत है, बल्कि यह एक घंटे में लगभग 10 व्यक्तियों के पूरे दिन के कार्य के बराबर का काम करने की क्षमता रखती है। पालिकाध्यक्ष ने बताया कि नगर पालिका दो मिनी एक्सकेवेटर मशीनें खरीदने जा रही है। इस मशीन से सफाई का कार्य 10 पुल से लेकर कलंदर मोहल्ला, नंदू प्रसाद, विजय चौक से लेकर गगन गार्डन तक किया गया है।

## जाफरपुर गांव से 17 वर्षीय एक युवक लापता अपहरण की आशंका

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**थानाभवन।** क्षेत्र के गांव जाफरपुर निवासी इमरान पुत्र हनीफ ने थाना भवन थाने में तहरीर देकर बताया कि उसका पुत्र रहमान 20 अप्रैल को सुबह 5:00 बजे घर से मस्जिद में नमाज पढ़ने के लिए गया था लेकिन वह मस्जिद में नहीं पहुंचा और ना ही अभी तक घर वापस आया है।

पीड़ित पिता ने 23 अप्रैल को थाना भवन थाने में तहरीर देकर उचित कार्रवाई की मांग की है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# मां काली मंदिर के कपाट को दबंगों ने जंजीरों में जकड़ा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चौसाना।** नदी पर स्थित मॉ काली के मन्दिर के कपाटो को संकलो मे जकडने का आरोप लगा है। बताया गया है कि मन्दिर के पुजारी के गांव के कुछ दबंगो ने मन्दिर से बाहर करके ताला लगा दिया । पीडित पुजारी का दावा है कि शिकायत की है और कार्यवाही की मांग की है। ग्रामीणों ने घटना का विरोध किया है।

चौसाना चौकी क्षेत्र के खोखरी नदी पर स्थित काली का मन्दिर है। जहॉ वर्षो से बहादुर नाम का व्यक्ति व उसके परिवार के लोग मन्दिर की देखरेख करते है। रजिस्टर समिति मे बहादुर प्रबंधक के तौर पर कार्य करता है और मन्दिर मे पुजारी का कार्य करता है। मन्दिर परिसर में कुछ



लिप्टिस के पेड खडे है। जिसको काटकर पैसे की मांग करते है। जिसका पुजारी करता हैं। पुजारी का कहना है कि मन्दिर की सम्पत्ति है,मन्दिर के काम आयेगा।

विवाद के बीच आरोपी पक्ष के लोग ने मन्दिर के कपाट मे संकल डालकर अपना ताला लगा दिया,जिससे मन्दिर की समस्त दैनिक क्रियाये बाधित हो गई। पीडित ने गांव के कुछ लोगो के साथ मिलकर पुलिस को मामले की शिकायत की है। सत्यप्रकाश पुत्र वेदप्रकाश, सुधीर पुत्र ब्रजपाल, राजेश पुत्र टनक, प्रताप पुत्र जुम्मा, वेगराज पुत्र करतार सिंह, संजय लाला, कुलदीप पुत्र कवंर सिंह आदि ने मिलकर घटना का विरोध किया।

### लाखों के पेडो के लिए विवाद बढा

चौसाना। मंदिर में खडे पेडो की कीमत लाखो मे बताई गई है। आरा.ेपी पक्ष पेडो को बेचकर आधा हिस्सा चाहते है और मन्दिर की देखरेख के लिए किसी अन्य को मन्दिर मे लाना चाहते है। जिसको लेकर विवाद है। जबकि अन्य ग्रामीणों का कहना है कि बहादुर सिंह ने ही मन्दिर की नींव रखी थी और मन्दिर का जीर्णोद्धार भी लोगो से पैसे एकत्र करके किया है। मन्दिर की देखरेख वर्षो से करता आ रहा है। मंदिर पर अपने जीवनकाल मे अधिकार उसी व्यक्ति का है।

दोनो पक्ष एक बिरादरी के है। पेडो की बिक्री को लेकर विवाद है। मन्दिर व पेड ग्राम समाज की भूमि पर है। जांच के बाद कार्यवाही की जायेगी।

**संदीप यादव,**
**चौकी प्रभारी चौसाना**

# ईट भट्टा कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शामली।** ईंट भट्टा कर्मचारियों ने शुक्रवार को कलक्ट्रेट में प्रदर्शन कर एसडीएम न्यायिक को ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने भट्टा मालिकों द्वारा कर्मचारियों की न्यूनतम मजदूरी में कटौती करने का आरोप लगाया है। शुक्रवार को दिए पत्र में ईंट भटटा श्रमिकों ने उल्लेख किया कि उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निर्धारित न्यूनतम मजदूरी 718.13 रुपए प्रति हजार ईंट है, लेकिन भट्टा मालिक इन शर्तो का पालन नहीं कर रहे हैं और गारा बनाने के नाम पर 125 रुपए प्रति हजार की कटौती कर रहे हैं। यह भी कहा गया है कि भटा मालिक कर्मचारियों से 125 रुपए की कटौती कर उन्हें मात्र 593 रुपए प्रति हजार ईंट दे रहे हैं, जो कि न्यूनतम मजदूरी अधिनियम 1948 के खिलाफ है और दंडनीय अपराध है। कर्मचारियों ने जिला.धिकारी से यह मांग की है कि उन्हें पूरी मजदूरी 718.13 रुपए दिलाई जाए और गारा बनाने के नाम पर की जा रही कटौती को समाप्त किया जाए। कहा कि इस प्रकार की कटौती करना कानून के खिलाफ है और भटा मालिकों को इस शोषण के खिलाफ कार्रवाई की जानी चाहिए। ईंट भटा कर्मचारी यूनियन के संयोजक और महामंत्री बालूराम कामरेड ने कहा कि यह मामला भट्टा श्रमिकों के अधिकारों का उल्लंघन है, और वे इस मुद्दे पर जिलाधिकारी से शीघ्र हस्तक्षेप की उम्मीद करते हैं। इस अवसर पर नरेश, मोहत, देशपाल, हरिकिशन, ओमा मौजूद रहे।

# ट्रांसपोर्ट न मिलने से ठप हुई गेहूं खरीद

**बिडौली।** क्षेत्र के बी-पैक्स यहियापुर समिति के अंतर्गत केरटू गांव स्थित क्रय केंद्र पर गेहूं खरीद की समस्या लगातार बनी हुई है। खरीद शुरू होने के बाद से अब तक ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था न होने के कारण खरीदा गया गेहूं उठान नहीं हो सका है, जिससे केंद्र पर अव्यवस्था की स्थिति पैदा हो गई है। गेहूं का उठान न होने के चलते क्रय केंद्र का गोदाम और फील्ड पूरी तरह भर चुके हैं। जगह की कमी के कारण अब किसानों से नई गेहूं खरीद भी नहीं हो पा रही है, जिससे किसानों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। क्रय केंद्र इंचार्ज दीपक कुमार ने बताया कि ट्रांसपोर्ट की समस्या को लेकर वह उच्च अधिकारियों से मिलने शामली पहुंचे हैं। उन्होंने आश्वासन दिया है कि जल्द ही ट्रांसपोर्ट की व्यवस्था कर दी जाएगी। इंचार्ज के अनुसार अधिकारियों ने भरोसा दिलाया है कि संभवत: अगले दिन तक ट्रांसपोर्ट उपलब्ध हो जाएगा।

**सूचना**

मेरी पत्नि ISHRAT के पासपोर्ट में मेरा नाम SALMAN AHAMAD था जो की गलत है जबकि मेरा सही नाम SALMAN AHMAD है। मुझे SALMAN AHMAD नाम से जाना-पहचाना और पुकारा जाता है।

SALMAN AHMAD S/O BASHEERU 122, AFGA NAN-1, KAIRANA PO-KAIRANA, DIST-SHAMLI, UTTAR PRADESH-247774 INDIA

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पूर्व में मेरा नाम आसिफ AASIF था। अब मैंने अपना नाम बदल कर आसिफ कुरैशी AASIF QURESHI रख लिया है। भविष्य में मुझको आसिफ कुरैशी AASIF QURESHI के नाम से ही जाना-पहचाना व पुकारा जाये।

आसिफ कुरैशी पुत्र इलियास निवासी मौहल्ला कस्साबान कस्बा व तहसील कैराना जनपद शामली।

**सूचना**

मैंने अपना नाम पारुख ( PHARUKH) से बदलकर फारुख (FARUKH) रख लिया है। भविष्य में मुझे फारुख के नाम से जाना जाए।

**फारुख पुत्र यासीन निवासी इदरीस बेग विहार कालोनी कांधला शामली**

# साई सुदर्शन ने तीसरा आईपीएल शतक जड़ा

### सुदर्शन ने 58 गेंद में बनाए 100 रन गुजरात ने बेंगलुरु को 206 रन का टारगेट दिया

**बेंगलुरु, वार्ता।** गुजरात टाइटंस ने साई सुदर्शन के शतक की बदौलत रायल चैलेंजर्स बेंगलुरु को 206 रन का टारगेट दिया। सीजन के 34वें मुकाबले में बेंगलुरु ने एम चिन्नास्वामी स्टेडियम में टास जीतकर गेंदबाजी चुनी। शुक्रवार को गुजरात ने 20 ओवर में 3 विकेट खोकर 205 रन बनाए।

सुदर्शन ने 100 रन की पारी खेली, जो उनका आईपीएल में तीसरा शतक रहा। उनके अलावा कप्तान शुभमन गिल ने 32 रन बनाए। जेसन होल्डर 10 बाल पर 21 रन बनाकर नाबाद लौटे। बेंगलुरु की ओर से जोश हेजलवुड, सुयश शर्मा और भुवनेश्वर कुमार को एक-एक विकेट मिला। क्रुणाल पंड्या के आखिरी ओवर में 18 रन आए और गुजरात टाइटंस ने 20 ओवर में 205/3 का स्कोर बनाया। इस ओवर में जेसन होल्डर ने दो छक्के और एक चौका लगाया। पहली



ही गेंद पर उन्होंने सिक्स लगाया, फिर तीसरी गेंद पर डीप मिडविकेट के ऊपर एक और सिक्स लगा दिया। चौथी गेंद पर फुल टास को लान्ग आफ के पास से चौके में बदला। आखिरी गेंद पर वाशिंगटन सुंदर एक रन ही बना सके। साई सुदर्शन के शतक के दम पर गुजरात 12 ओवर में बिना विकेट 121 रन तक पहुंच गया था, लेकिन बाद के ओवरों में रन गति थोड़ी धीमी पड़ी और टीम 205 तक ही पहुंच सकी। 19वें ओवर से 8 रन आए। वाशिंगटन सुंदर और जेसन होल्डर ने मिलकर सिंगल-डबल के जरिए स्कोर आगे बढ़ाया। ओवर की आखिरी गेंद पर सुंदर को दो रन मिले। इससे पहले होल्डर को भी एक फुल टास पर कवर में मिसफील्ड का फायदा मिला। 18वें ओवर में भुवनेश्वर कुमार ने जोस बटलर को आउट कर गुजरात को एक और झटका दिया। बटलर 25 रन बनाकर पवेलियन लौटे। लो फुल टास गेंद पर उन्होंने शाट खेला, लेकिन गेंद सीधा जोश हेजलवुड के हाथों में चली गई। हेजलवुड के ओवर में 15 रन आए और एक बड़ा विकेट भी गिरा।

16वें ओवर में साई सुदर्शन 100 रन बनाकर आउट हो गए। हेजलवुड ने उन्हें बैक आफ लेंथ गेंद पर जल्दबाजी में शाट खेलने पर मजबूर किया, गेंद सीधे उन्हीं के हाथों में चली गई। इसके बाद वाशिंगटन सुंदर ने आते ही आक्रामक अंदाज दिखाया। उन्होंने एक छक्का और चौका जड़ते हुए तेजी से रन बटोरे, जबकि जोस बटलर ने भी एक चौका लगाकर स्कोर आगे बढ़ाया। साई सुदर्शन ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 57 गेंदों में सेंचुरी जमाई। 15वें ओवर में सुयश शर्मा के खिलाफ तेजी से रन आए। जोस बटलर ने एक छक्का और चौका लगाया। सुदर्शन ने सिंगल लेकर अपना शतक पूरा किया। साई सुदर्शन और गिल ने पहले विकेट के लिए 128 रन जोड़े। गुजरात टाइटंस के लिए यह त्ब्ठ के खिलाफ किसी भी विकेट के लिए सबसे बड़ी साझेदारी रही। 13वें ओवर में सुयश शर्मा ने गुजरात को बड़ा झटका देते हुए शुभमन गिल को आउट कर दिया। गिल 32 रन बनाकर पवेलियन लौटे। शार्ट लेंथ गेंद पर बड़ा शाट खेलने की कोशिश में वह टाइमिंग नहीं कर सके और गेंद लान्ग आन पर खड़े देवदत्त पडिक्कल के हाथों में चली गई। इस विकेट के साथ सुदर्शन और गिल के बीच शतकीय साझेदारी भी टूट गई। 13वें ओवर में सुयश शर्मा की गेंद पर साई सुदर्शन ने सिक्स लगा दिया। फुल लेंथ गुगली को आगे बढ़कर खेलते हुए उन्होंने लान्ग ऑफ के ऊपर से जोरदार छक्का जड़ दिया। 11वें ओवर में क्रुणाल पांड्या की गेंद पर शुभमन गिल ने शानदार शाट खेलते हुए अपना पहला सिक्स लगा दिया।

## सूजी टी-20 विश्व कप के बाद लेंगी अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास

**वेलिंगटन, वार्ता।** न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर सूजी बेट्स इस र्वा होने वाले आईसीसी महिला टी-20 विश्वकप के बाद अंतर्राट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेंगी। न्यूजीलैंड ने घोाणा की है कि स्टार ऑलराउंडर सूजी बेट्स इस साल 12 जून से इंग्लैंड और वेल्स में शुरु होने वाले टी-20 विश्वकप के बाद क्रिकेट को अलविदा कह देंगी। उन्होंने 2006 में ललकन में भारत के खिलाफ डेब्यू करने के बाद से लगातार अपने देश के लिए उच्चतम स्तर पर प्रदर्शन किया है। 38 साल की बेट्स को अपने देश के लिए अब तक 362 अंतर्राट्रीय मैच खेले है।

बेट्स ने अपने 20 साल के करियर में सभी फॉर्मेट में कुल 14 शतक बनाए हैं और 145 विकेट लिए हैं, ये उनके करियर की कई खास उपलब्धियों में से कुछ हैं। उनका सर्वश्रेठ एकदिवसीय स्कोर 168 रन था, जो उन्होंने 2009 में आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ बनाया था। इसके अलावा, 2022 में अपने घरेलू मैदान पर इसी टूर्नामेंट में इसी टीम के खिलाफ उन्होंने फिर से तिहरे अंकों (शतक) का आंकड़ा छुआ था। अपने शानदार करियर के बारे में बात करते हुए, बेट्स ने न्यूजीलैंड क्रिकेट से कहा कि जब मैं पिछले बीस से ज्यादा सालों को पीछे मुड़कर देखती हूं, तो मुझे यकीन ही नहीं होता कि समय इतनी तेजी से कैसे बीत गया। मुझे इस बात पर बहुत गर्व है कि मैंने इतनी बार 'फर्न' (न्यूजीलैंड टीम का प्रतीक) पहना है। उन्होंने कहा कि इस टीम के लिए एक बेहतर इंसान, टीममेट, क्रिकेटर और एथलीट बनने की हर दिन को. शिश करने में मुझे बहुत मकसद और खुशी मिली है।

### खेल विशेष

#### यूएई के कप्तान वसीम पर मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना

**दुबई, वार्ता।** यूएई के कप्तान मुहम्मद वसीम पर आईसीसी आचार संहिता के उल्लंघन के कारण उनकी मैच फीस का 15 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। वसीम को आईसीसी की खिलाड़ियों और खिलाड़ी सहायता कर्मियों के लिए आचार संहिता के अनुच्छेद 2-7 से संबंधित 'स्तर 1' के उल्लंघन का दोाी पाया गया। यह अनुच्छेद किसी अंतर्राट्रीय मैच में हुई घटना, या किसी खिलाड़ी, खिलाड़ी सहायता कर्मी, मैच अधिकारी या किसी अंतर्राट्रीय मैच में भाग लेने वाली टीम के बारे में सार्वजनिक रूप से आलोचना करने या अनुचित टिप्पणी करने से संबंधित है, चाहे ऐसी आलोचना या अनुचित टिप्पणी कभी भी की गई हो। यह घटना मंगलवार को कीर्तिपुर में नेपाल के खिलाफ यूएई के दूसरे टी20 मैच के बाद हुई, जब मैच के अंत में पुरस्कार वितरण समारोह के दौरान वसीम ने कहा कि अंपायरिंग पक्षपातपूर्ण थी।

#### मुस्तफिजुर-नाहिद पीसीएल 2026 के बचे हुए मैच नहीं खेलेंगे

**ढाका, वार्ता।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने तेज गेंदबाज मुस्तफिजुर रहमान और नाहिद राणा के अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) वापस ले लिए हैं। अब ये दोनों खिलाड़ी पाकिस्तान सुपर लीग (पीसीएल) 2026 के बचे हुए मैचों में अपनी फ्रेंचाइजियों के लिए नहीं खेल पाएंगे। मुस्तफिजुर रहमान लाहौर कलंदर्स और नाहिद राणा पेशावर जाल्मी का हिस्सा थे। ये दोनों खिलाड़ी न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू वनडे सीरीज के लिए बांग्लादेश लौटे थे। बोर्ड ने स्पट किया है कि मुस्तफिजुर घुटने की चोट से जूझ रहे हैं, वहीं राणा के वर्कलोड को मैनेज करने के लिए उन्हें आराम दिया गया है। बीसीबी ने अपने बयान में कहा कि मुस्तफिजुर के घुटने की स्थिति का आकलन करने के लिए उनका तत्काल स्कैन कराया जाएगा। इसके बाद वे बोर्ड की मेडिकल टीम की देखरेख में रिहैबिलिटेशन प्रोग्राम शुरू करेंगे।

#### वालेजो ने दिमित्रोव को चौंकाया, सितसिपास बड़े खतरे से बाल-बाल बचे

**मैड्रिड, वार्ता।** पैराग्वे के क्वालिफायर अडोल्फो डेनियल वालेजो ने गुरुवार को मैड्रिड ओपन में अपने एटीपी मास्टर्स 1000 डेब्यू पर जीत हासिल की। उन्होंने पूर्व वर्ल्ड नंबर 3 ग्रिगोर दिमित्रोव को 6-4, 6-4 से हराकर दूसरे राउंड में जगह बनाई। 21 साल के वालेजो मास्टर्स 1000 में मैच जीतने वाले पैराग्वे के सिर्फ दूसरे खिलाड़ी हैं। 1990 में इस सीरीज की शुरुआत के बाद से, वह रामोन डेलगाडो के बाद ऐसा करने वाले दूसरे खिलाड़ी बने हैं। वालेजो का अगला मुक. ाबला लर्नर टिएन से होगा। वाले. जो ने जीत के बाद कहा कि यह अविश्वसनीय है। यह किसी फल्मि जैसा लग रहा है। मुझे समझ नहीं आ रहा कि क्या हो रहा है। मैं (दिमित्रोव) को और उनके सभी हाइलाइट्स को देखा करता था।

## कम्बोज का पर्पल कैप पर फिर कब्जा

### ऑरेंज कैप दौड़ में तीसरे नम्बर पर पहुंचे सैमसन

**मुम्बई, वार्ता।** मुम्बई इंडियंस के खिलाफ 101 रनों की नाबाद शतकीय पारी खेलने वाले चेन्नई सुपर किंग्स के सलामी बल्लेबाज संजू सैमसन ऑरेंज कैप की दौड़ में तीसरे स्थान पर पहुंच गये है। वहीं उसके साथी अंशुल कम्बोज ने एक बार फिर से पर्पल कैप पर कब्जा कर लिया है।

संजू सैमसन ने इस सीजन लगे चार में से दो शतक लगाए हैं और उनके नाम 293 रन हो चुके हैं। सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) की जोड़ी अभिोक शर्मा (323 रन) और हाइनरिक क्लासन (320 रन) अब भी शीर्ा दो में हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलूरू और गुजरात टाइटंस के बीच शुक्रवार की रात होने वाले मैच के बाद ऑरेंज कैप तालिका में बदलाव हो सकता है। 265 रनों के



साथ शुभमन गिल चौथे स्थान पर हैं।

247 रनों के साथ विराट को. हली छठे और 230 रनों के साथ रजत पाटीदार नौवें स्थान पर हैं। पर्पल कैप के मामले में सैमसन के साथी खिलाड़ी अंशुल कम्बोज ने एक बार फिर पर्पल कैप वापस हासिल कर ली है। लखनऊ सुपर जॉयंट्स के प्रिंस यादव 13 विकेटों के साथ दूसरे स्थान पर आ गए हैं। कम्बोज के नाम अब तक 14 विकेट हो चुके हैं। एसआरएच के ईशान मलिंगा और जीटी के प्रसिद्ध कृणा दोनों के नाम 12 विकेट हैं। आरसीबी के खिलाफ कृणा एक्शन में होंगे तो इस तालि. का में भी बदलाव हो सकता है।

## पंजाब किंग्स का विजय रथ रोकने उतरेंगे दिल्ली कैपिटल्स

**नई दिल्ली, वार्ता।** यह इंडियन प्रीमियर लीग 2026 का वह मुकाबला है जिसका सबको इंतजार रहता है, एक अजेय टीम का सामना एक ऐसी टीम से हो रहा है जो टूर्नामेंट में बने रहने के लिए संघ्रा कर रही है, और यह हाई-स्कोरिंग मुकाबला यहां अरुण जेटली स्टेडियम में खेला जाएगा। पंजाब किंग्स इस दिन के मुकाबले में अब तक टूर्नामेंट की सबसे मजबूत टीम के तौर पर उतर रही है, वह अजेय है और आत्मविश्वास से लबरेज है।

अब वह जो भी मैच खेलेगी, उस पर उम्मीदों का भारी दबाव होगा, न सिर्फ मैच जीतने का, बल्कि उस जीत की लय को बनाए रखने का, जिसने पूरे लीग



में सबका ध्यान अपनी ओर खींच लिया है। दूसरी ओर, दिल्ली कैपिटल्स लगातार अच्छा प्रदर्शन न कर पाने की समस्या से जूझ रही है, उन्हें पता है कि अगर उन्हें एक और हार का सामना करना पड़ा, तो वे प्लेऑफ की दौड़ से और भी ज्यादा दूर हो जाएंगे। यहीं पर जीत की लय और हताशा का आमना-सामना होता है। दिल्ली का अब तक का सफर लगातार अच्छे प्रदर्शन के बजाय बीच-बीच में की गई अच्छी पारियों से ही पहचाना गया है। पारी की शुरुआत में, पथुम निसंका और केएल राहुल से एक मजबूत शुरुआत की उम्मीद होगी, कुछ ऐसा जिसकी इस टीम को अहम मौकों पर हमेशा कमी खली है। समीर रिजवी और नीतीश राणा ने पारी की गति बढ़ाने की अपनी क्षमता दिखाई है, जबकि मध्यक्रम में ट्रिस्टन स्टब्स और डेविड मिलर की मौजूदगी दिल्ली को बड़े स्कोर तक पहुंचने की ताकत देती हैं, बशर्ते टीम की नींव मजबूत रखी गई हो। टीम का संतुलन काफी हद तक कप्तान अक्षर पटेल पर निर्भर करता है, उनका हरफनमौला प्रदर्शन इस मैच में बेहद अहम साबित होगा - खासकर पंजाब की उस बल्लेबाजी इकाई के सामने, जिसने इस सीजन में गें. दबाजों पर पूरी तरह से अपना दबदबा बनाए रखा है।

## RR के गढ़ में सेंध लगाने उतरेंग SRH

**जयपुर, वार्ता।** जयपुर में हैदराबाद की 'रन मशीन' का मुकाबला राजस्थान की आखिरी उम्मीद से होगा, जब इंडियन प्रीमियर लीग 2026 के 36वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना सवाई मानसिंह स्टेडियम में राजस्थान रॉयल्स से होगा। इस मैच में एक हाई-स्कोरिंग मुक. ाबला होने की पूरी संभावना है।

इस मुकाबले में टूर्नामेंट की सबसे विस्फोटक बल्लेबाजी यूनिट का सामना एक ऐसी घरेलू टीम से होगा, जो अपने तेजी से आगे बढ़ रहे विरोधी को रोकना चाहती है और अपने अभियान पर फिर से पूरी तरह से नियंत्रण पाना चाहती है। दोनों टीमों में मैच जिताने वाले खिलाड़ियों की भरमार है, इसलिए इस मुकाबले में इस सीजन के सबसे ज्यादा चर्चित मैचों में से एक बनने की पूरी क्षमता है। हैदराबाद लगातार तीन मैच जीतकर जयपुर पहुंची है, धीमी शुरुआत के बाद उन्होंने



अपनी लय वापस पा ली है। उनकी वापसी का श्रेय उनकी आक्रामक बल्लेबाजी शैली को जाता है, जिसने हाल के मैचों में विरोधी टीमों की गेंदबाजी को पूरी तरह से पस्त कर दिया है। अभिोक शर्मा सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे हैं, उन्होंने 200 से ज्यादा के स्ट्राइक रेट से 323 रन बनाए हैं, जिसमें पिछले मैच में बनाया गया एक तूफानी शतक भी शामिल है। उन्हें हेनरिक क्लासेन का भी भरपूर साथ मिला है, जिनकी निरंतरता और जोरदार हिटिंग ने उन्हें इस सीजन के सबसे खतरनाक मध्यक्रम के बल्लेबाजों में से एक बना दिया है। कप्तान ईशान किशन ने आगे बढ़कर टीम की अगुवाई की है और तेज गति से रन बनाते हुए टीम के लिए महत्वपूर्ण योगदान दिया है। ट्रैविस हेड, भले ही अभी तक अपनी सर्वश्रेठ फॉर्म में न हों, लेकिन वे शीर्ा क्रम में एक बड़ा खतरा बने हुए हैं, वहीं, अनिकेत वर्मा और नीतीश कुमार रेढी जैसे खिलाड़ी टीम की मजबूत बल्लेबाजी लाइन-अप को और भी ज्यादा गहराई प्रदान करते हैं।

दूसरी ओर, राजस्थान का यह सीजन कुल मिलाकर काफी अच्छा रहा है, लेकिन हाल के कुछ मैचों में उनकी फॉर्म में थोड़ी-बहुत अस्थिरता देखने को मिली है। इसके बावजूद, वे एक संतुलित टीम हैं और किसी भी विरोधी टीम को कड़ी चुनौती देने में सक्षम हैं, खासकर अपने घरेलू मैदान की जानी-पहचानी परिस्थितियों में। उनकी बल्लेबाजी मुख्य रूप से वैभव सूर्यवंशी और यशस्वी जायसवाल की विस्फोटक सलामी जोड़ी के इर्द-गिर्द ही घूमती रही है। युवा सूर्यवंशी इस सीजन की सबसे बड़ी खोजों में से एक साबित हुए हैं और उन्होंने बेहद शानदार स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं, वहीं, दूसरी छोर पर यशस्वी जायसवाल ने टीम को स्थिरता और बेहतरीन खेल का प्रदर्शन दिया है। तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए ध्रुव जुरेल ने साझेदारियां बनाने में अहम भूमिका निभाई हैद्ध हालांकि, कप्तान रियान पराग भी बल्ले से अपने प्रदर्शन को और बेहतर बनाने के लिए पूरी तरह से बेताब होंगे।

मिडिल ऑर्डर में शिमरॉन हेटमायर और रवींद्र जडेजा जैसे मंझे हुए फिनिशर हैं, साथ ही डोनोवन फरेरा भी हैं, जो राजस्थान को हैदराबाद की स्कोरिंग रेट की बराबरी करने की ताकत देते हैं। गेंदबाजी के मोर्चे पर, राजस्थान के पास तेज और स्पिन गेंदबाजी का एक दमदार मिश्रण है। जोफ्रा आर्चर ने अपनी गति और सटीकता से आक्रमण की अगुवाई की है, जिसे स्पिन विभाग में रवि बिश्नोई का प्रभावी साथ मिला है।

## गायकवाड़ ने मुकेश को समर्पित की एमआई के खिलाफ मिली बड़ी जीत


**मुंबई, वार्ता।** चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने मुंबई इंडियंस (एमआई) के खिलाफ अपनी टीम की जीत को मुकेश चौधरी को समर्पित किया है। बाएं हाथ के इस तेज गेंदबाज ने मंगलवार को अपनी मां के निधन के बावजूद टीम की सफलता में अहम भूमिका निभाई।

मैच के बाद प्रजेंटेशन के दौरान गायकवाड़ ने कहा कि उनके (मुकेश चौधरी) लिए यह काफी मुश्किल वक्त है। मैं इस जीत को उन्हें समर्पित करना चाहूंगा। ऐसी दुखद स्थिति से निकलकर वापस आना मानसिक रूप से बहुत साहस का काम है। वह टीम के लिए वापस आए क्योंकि वह जानते थे कि हमें उनकी जरूरत है। पूरी कामयाबी उन्हीं के नाम है। हमने पहले भी बात की थी। हम यह मैच जीतना चाहते थे और मुझे खुशी है कि हर किसी ने इसमें अपना योगदान दिया और उनके साथ खड़ा रहा। चौधरी ने सीजन का अपना दूसरा मैच खेलते हुए लगातार चार ओवर डाले। उनके 4-0-31-1 के आंकड़ों ने मुंबई को 208 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 104 रनों पर समेटने में मदद की। उन्होंने अपनी पांचवीं गेंद पर ही खतरनाक क्विंटन डी कॉक (7 रन) को बोल्ड कर दिया था। गायकवाड़ ने संकेत दिया कि वानखेड़े की पिच पर बल्लेबाजी करना आसान नहीं था और उसमें कुछ सूखापन था। उन्होंने कहा कि मुझे और संजू सैमसन को लगा कि गेंद बल्ले पर अच्छी तरह नहीं आ रही है। वैसे भी 200-210 एक अच्छा स्कोर होने वाला था।

## सबालेंका तीसरे दौर में, स्वितोलिना बाहर

**मैड्रिड, वार्ता।** शीर्ष वरीयता प्राप्त और मौजूदा चैंपियन आर्यना सबालेंका ने गुरुवार को मैड्रिड ओपन में अपना शुरुआती मैच जीत लिया। उन्होंने पेटन स्टर्न्स को 7-5, 6-3 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। सबालेंका को शुरुआती सेट में बढ़त बनाने के लिए काफी संघ्रा करना पड़ा, लेकिन आखिरकार वह 6-5 से आगे हो गईं और अगले गेम में सेट अपने नाम कर लिया,

वहीं दूसरा सेट उनके लिए काफी आसान रहा। चौथी वरीयता प्राप्त इगा स्वियातेक को यूक्रेन की डारिया स्निगुर के खिलाफ दूसरे दौर के मुकाबले में कोई परेशानी नहीं हुई, और उन्होंने 6-1, 6-2 से जीत दर्ज की। स्विट्जरलैंड की 11वीं वरीयता प्राप्त बेललडा बेन. सिक ने भी पेट्रा मार्सिको को 6-4, 6-2 से आसानी से हरा दिया। हालांकि, एक बड़ा उलटफेर तब देखने को मिला जब 7वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना हंगरी की अन्ना बोंडार



से 6-3, 6-4 से हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गईं, स्वितोलिना अपनी सर्विस को प्रभावी ढंग से इस्तेमाल करने में जूझती नजर आईं।

आठवीं वरीयता प्राप्त जैस्मीन पाओलिनी को लॉरा सीगमंड के खिलाफ शुरुआती सेट हारने के बाद वापसी करने के लिए मजबूर होना पड़ा। हालांकि, उन्होंने जोरदार संघ्रा करते हुए एक कड़े मुकाबले में 3-6, 6-2, 6-4 से जीत हासिल की। 14वीं वरीयता प्राप्त नाओमी ओसाका और 15वीं वरीयता प्राप्त इवा जोविक ने भी तीसरे दौर में जगह बना ली है। चीन की 28वीं वरीयता प्राप्त वांग शिन्यू चेक गणराज्य की लॉरा सैमसनोवा के खिलाफ जीत की राह पर नजर आ रही थीं, जब उन्होंने शुरुआती सेट 6-2 से जीता। लेकिन उनकी प्रतिद्वंद्वी ने वापसी करते हुए दूसरा सेट 6-3 से अपने नाम कर लिया।

## वंशिका व सीजल ने जूनियर महिला एयर पिस्टल में स्वर्ण-रजत जीता

**काहिरा, वार्ता।** भारत ने दिन का दूसरा और प्रतियोगिता का तीसरा स्वर्ण पदक अपने नाम किया, जब वंशिका चौधरी और सीजल कांबले ने जूनियर महिला 10 मीटर एयर पिस्टल फाइनल में क्रमशः पहला और दूसरा स्थान हासिल किया। काहिरा में चल रहे आईएसएसएफ जूनियर वर्ल्ड कप में यह भारतीय दल का तीसरा डबल पोडियम फिनिश रहा। वंशिका ने फाइनल में 241-3 का स्कोर कर स्वर्ण पदक जीता,

जबकि सीजल ने 24 शॉट्स के फाइनल के बाद 239-6 के स्कोर के साथ रजत पदक हासिल किया। चाइनीज ताइपे की लियाओ के रोंग ने 22 शॉट्स के बाद 218-3 के स्कोर के साथ कांस्य पदक जीता। इस प्रदर्शन के साथ भारत ने पदक तालिका में अपनी शीर्ष स्थिति मजबूत कर ली है, जहां अब उसके पास तीन स्वर्ण, चार रजत और तीन कांस्य पदक हो गए हैं। इससे पहले क्वालिफिकेशन में वंशिका, सीजल और कनक ने क्रमश: 579, 577 और 576 के स्कोर के साथ शीर्ा तीन स्थान हासिल करते हुए फाइनल में जगह बनाई थी। फाइनल



की शुरुआत में भारतीय खिलाड़ियों की गति थोड़ी धीमी रही, लेकिन धीरे-धीरे उन्होंने नियंत्रण स्थापित किया। हालांकि कनक पदक से चूक गईं और चौथे स्थान पर रहीं, जबकि कांस्य पदक लियाओ के नाम रहा। वंशिका, जिन्होंने इस र्वा घरेलू एशियन चैंपियनशिप में रजत पदक जीता था, ने अपना पहला जूनियर वर्ल्ड कप स्वर्ण हासिल किया।

# यमुना में डूबे युवक को बचाया, दूसरे की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिर्जापुर।** हथनीकुंड बैराज की यमुना नहर मे दो युवकों के डूबने से इलाके मे सनसनी मच गयी है स सुचना मिलते ही पुलिस मोके पर पहुंची और गोताखोरो की मदद से पारस नाम के युवक को सकुशल बचाया गया। जबकि लोकेश नाम का दूसरा युवक पानी की गहराई मे समा गया है। डूबे युवक की तलाश के लिए लगातार सर्च अभियान चलाया गया है।



शुक्रवार को मिर्जापुर की हथनीकुंड नहर मे डूबे 21 वर्षीय युवक का शव एंडीआरअफ की टीम ने नहर से सर्च अभियान चलाकर बरामद कर लिया है। घटना से परिजनों मे कोहराम मचा हुआ है। हथनीकुंड यमुना नहर मे 21 वर्षीय युवक लोकेश पुत्र धर्मपाल निवासी धौलरा डूब गया था। लगातार पुलिस गोताखोरो की मदद से रिसकियू अभियान चलाये हुई थी। शुक्रवार को एनडीआरएफ की टीम घटनास्थल पर पहुंची और डूबे युवक की तलाश के लिए सर्च अभियान चलाया। घंटो के अभियान के बाद हथनीकुंड नहर से डूबे युवक लोकेश का शव बरामद हुआ है। घटना से परिजनों मे कोहराम मचा हुआ है। वहीं सैंकड़ो की संख्या मे ग्रामीण मोके पर जूटे हुए हैं।

थाना प्रभारी मिर्जापुर सूबे सिंह ने बताया की डूबे युवक लो. केश का शव नहर से ही बरामद हुआ है स और मामले की जाँच की जा रही है।

## सीएचसी के पास पूर्वी यमुना नहर में पड़ा मिला अज्ञात महिला का शव

**बेहट।** नगर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास पूर्वी यमुना नहर में एक करीब 70 वर्षीय अज्ञात महिला का शव बरामद पड़ा मिलने से हड़कम मच गया । शव मिलने की सूचना पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह दिखीत पुलिस मौके को साथ लेकर पर पहुंचे और शव को बाहर निकल वाकर शव की शिनाख्त कराई मगर शिनाख्त नहीं हुई है।

नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पास पूर्वी यमुना नगर में एक अज्ञात वृद्ध महिला के पड़े शव को राहगीरों ने देखा तो हड़कंप मच गया मौके पर शव को देखने के लिए राहगीरों की भीड़ एकत्र हो गई। नगर में शव के पड़े होने की सूचना पुलिस को दी गई तो कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह दिखीत पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और शव को बाहर निकालकर शव की पहचान कराई मगर उसकी पहचान नहीं हो सकी है, पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्ट मार्टम के लिए मोर्चरी पर रखवा दिया है। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र सिंह दिखीत ने बताया शव की पुलिस शिनाख्त कराने में जुटी हुईहै कस्बे से दो लोग आए थे शव की पहचान के लिए उनको पुलिस के साथ शव की पहचान के लिए मोर्चरी पर भेजे है । समाचार भेजे जानेतक शव की इस पहचान नहीं हुई थी।

# पंचायती राज से विकास को लगे पंखः मांगेराम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** जिला पंचायत अध्यक्ष चौ.मांगेराम ने कहा कि पंचायतीराज व्यवस्था के चलते विकास ने नये आयाम छुए है।

चौ.मांगेराम आज जिला पंचायत सभागार में पंचायतीराज दिवस पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 1993 में 73 वें संविधान संशोधन द्वारा त्रिस्तरीय पंचायतीराज व्यवस्था लागू हुई जो ग्रामीण क्षेत्र के विकास कार्य करती है। पूर्व ब्लाक प्रमुख विजेंद्र चौधरी ने सभी का आभार जताया।गोष्ठी में जिला पंचायत सदस्य मुकेश चौहान, हंसराज गौतम, दुबेसिंह कांबोज, विक्रम सिंह, रामेंद्र राणा, राहुल, जगमाल सिंह, विनोद, अफजल अली, सुशील, अपर मुख्य अधिकारी चंद. वीर सिंह, कार्य अधिकारी कुलवंत सिंह, अभियंता मुकेश कुमार, कर अकिधारी सतेंद्र कुमार मौजूद रहै।

# अशोक को सर्वसम्मति से चुना प्रधान

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** समा. जसेवी अशोक प्रधान को बिरादरी गौरव सम्मान समारोह में सर्वसम्मति से प्रधान चुना गया।



इन्दिरा कैम्प काला. ेनी में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राष्ट्रीय अध्यक्ष भारतीय मानवाधिकार ट्रस्ट के संस्थापक ब्रिजेशकुमार एवं दिल्ली से सोंम चौधरी एवं विक्की चौधरी आये। सर्व समाज के मुखिया एवं डेहा बिरादरी के सम्मनित लोगों ने अशोक प्रधान को बिरादरी का प्रधान नियुक्त किया एवं पगड़ी, फूल-माला पहनाकर भव्य स्वागत किया गया। अशोक प्रधान ने कहा कि आज मुझे बिरादरी के लोंगों ने मुझ पर जो विश्वास जताया है, उस पर मैं जिन्दगी भर खरा उतरूंगा एवं समाज के सुख-दुख में साथ दूंगा। डेहा एवं घुमन्तू जातियों के कल्याण के लिए राज्य से लेकर पार्लियामेन्ट तक इनके प्रमुख मुद्दों को ले जाने का कार्य करूंगा एवं इन शोषित पीड़ित व वंचित समाज के लोगों के लिए भारत सरकार से संविधान में विशेष दर्जा दिलाने का प्रयास करूँगा। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि, वरिष्ठ नेता रोहित गौतम राष्ट्रीय अध्यक्ष गुरु रविदास सेना भारत ने बताया कि इन वंचित शोषित जातियों के कल्याण के लिए सड़क से लेकर पार्लियामेन्ट तक इनकी आवाज उठाने का कार्य करूंगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पाल चौधरी, लाल सिंह प्रधान, मुकेश चौधरी, नरेश चौधरी, सोनू चौधरी, अमर पाल चौधरी, नानू भगत भौरा भगत, विनोद चौधरी, सुनील कुमार, रतन सिंह, कमल कुमार, मांगेराम, बिरजू मुरादाबाद, राजू गागट, विजय प्रधान बुलन्दशहर, शेखर चौधरी आगरा, सुनील चौधरी कानपुर, इन्द्र चौधरी हापुड़, काला प्रधान मेरठ, मनोज प्रधान आगरा, मुकेश प्रधान आगरा, लखन चौधरी आगरा, रवि सरपंच कानपुर, सतीश प्रधान आदि गणामन्य लोग उपस्थित रहे।

## टायर फटने से दर्दनाक मौत

**अंबेहटा।** नगर में एक दुखद हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया है। नकुड़ कोतवाली अंतर्गत अंबेहटा के मोहल्ला कोटला निवासी 38 वर्षीय शाहिद अल्वी पुत्र लतीफ की टायर में हवा भरते समय हुए विस्फोट में मौके पर ही मौत हो गई।

जानकारी के अनुसार, शाहिद अल्वी यमुनानगर में रेहड़ी पर घूम-घूम कर वाहनों के पंचर रिपेयर करने और टायरों में हवा भरने का काम करते थे। बीती रात वह एक ट्रैक्टर-ट्रॉली के टायर में हवा भर रहे थे, तभी अचानक जोरदार धमाके के साथ टायर फट गया। इस तेज विस्फोट की चपेट में आने से शाहिद गंभीर रूप से घायल हो गए।

# डीएम से मिला नगर शांति समिति का डेलिगेशन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगर शांति समिति के प्रतिनिधि मंडल ने आज नवांगतुक जिलाधिकारी अरविंद कुमार चौहान से शिष्टाचार मुलाकात कर बुके भेंट किये।



प्रतिनिधि मंडल ने जिलाधिकारी को शॉल ओढाकर स्वागत किया। सिख समाज की और से गुरूद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के सीनियर वाईस प्रधान प्रेजिडेंट स प्रभजोत सिंह, जनरल सकतर स अमनप्रीत सिंह, श्री गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल के प्रबंधक सतविंदर सिंह माकन, सिंह सभा के डिस्पेंसरी इंचार्ज एम पी सिंह चावला एवं सिंह सभा के जनरल सदस्य स रुपिंदर सिंह बजाज ने जिलाधिकारी को संयुक्त रूप से सिख इतिहास से जुडी पुस्तके, शाल, चित्र भेंट किया। पर्यावरण के सम्बन्ध मे मोहम्मद आलम द्वारा ग्रीन क्रांति का जार भेट किया गया।

प्रतिनिधि मंडल में चयन समिति के अध्यक्ष प. जयनाथ शर्मा, जामा मस्जिद के प्रबंधक मौलवी फरीद मजाहिरी, महामंडलेश्वर स्वामी धीरजानंद, समिति के अध्यक्ष अशोक गाँधी, संयोजक ब्रित चावला, सचिव सलमान, पंजाबी एकता समिति के अध्यक्ष एम पी सिंह चावला, नागरिक सुरक्षा के पूर्व डिप्टी चीफ मोहम्मद आलम, जहांगीर आलम, शहीद ए आजम भगत सिंह के भतीजे सरदार किरणजीत सिंह, व्यापार मण्डल लिंक रोड के अशोक मालिक, स. रुपिंदर सिंह बजाज, आबिद हसन वफा, मुशर्रफ, इकबाल मंसूरी, फादर संजय मसीह शामिल रहे।

# 27 को बैठक लेंगे राज्य सूचना आयुक्त मौहम्मद नदीम



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** राज्य सूचना आयुक्त मोहम्मद नदीम 27 अप्रैल को कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद के समस्त विभागों के जनसूचनाधिकारियों एवं उनके प्रथम अपीलीय अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। इसी के साथ किसी एक तहसील व विकासखण्ड के जनसूचना प्रकोष्ठ का भी निरीक्षण करेंगे।

जनसूचनाधिकारियों के समक्ष सूचना का अधिकार के तहत प्रस्तुत आवेदन पत्रों एवं उनके प्रथम अपीलीय अधिकारियों के समक्ष प्राप्त आवेदन पत्रों के निस्तारण के दौरान आने वाली समस्याओं के निस्तारण हेतु उनके प्रश्नों का समाधान राज्य सूचना आयुक्त द्वारा किया जाएगा। सूचना आयोग द्वारा जिन प्रकरणों में अभी तक अर्थदण्ड वसूली और क्षतिपूर्ति की कार्यवाही की गयी है, उसका विस्तृत विवरण भी लिया जाएगा। द्वितीय अपीलें व शिकायतें आयोग में प्रचलित है जिनके शीघ्र निस्तारण हेतु विचार-विमर्श तथा लम्बित द्वितीय अपीलों एवं शिकायतों के निस्तारण के लिए संबंधित विभाग द्वारा अब तक की गयी कार्यवाही की जानकारी ली जाएगी।

# चीनी मिलों पर 736 करोड़ का गन्ना मूल्य बकायाः वर्मा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** भारतीय किसान यूनियन वर्मा व पश्चिम प्रदेश मुक्ति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष भगत सिंह वर्मा ने कहा कि मंडल की चीनी मिलों पर 736 करोड रुपए गन्ना भुगतान बकाया है।



भगत सिंह वर्मा ग्राम मुगल माजरा में एक बैठक को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि चीनी मिले काफी समय से बंद हो चुकी है। इसके बावजूद भी अभी तक सहारनपुर मंडल की चीनी मिलों पर मंडल के गन्ना किसानों का अभी भी 736 करोड रुपए गन्ना भुगतान बकाया है। पिछले वर्षों में देरी से किए गए गन्ना भुगतान पर लगा ब्याज भी मंडल की चीनी मिलों पर 1800 करोड रुपए बकाया है। जिसमें जिले की चीनी मिलों पर 228 करोड रुपए गन्ना भुगतान व 600 करोड रुपए ब्याज बकाया है। भगत सिंह वर्मा ने बताया कि हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट ने भी गन्ना किसानों को 15% वार्षिक ब्याज की दर से चीनी मिलों से ब्याज का भुगतान करने के आदेश पहले से ही दिए हुए हैं। इसके बावजूद भी भाजपा की योगी सरकार आज तक गन्ना किसानों को न ब्याज का भुगतान करा पा रही है। और न ही गन्ना किसानों को 14 दिन के अंदर गन्ना भुगतान दिला रही है।

बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष पंडित नीरज कपिल प्रदेश सचिव डॉक्टर परविंदर मलिक प्रदेश संगठन मंत्री धर्मवीर चौधरी जिला संगठन मंत्री सुरेंद्र सिंह एडवोकेट जिला मंत्री मोहम्मद राशिद अब्दुल सलाम मोहम्मद मुनव्वर मोहम्मद असलम मास्टर इनाम मोहम्मद सरफराज हाजी साजिद हाजी बुद्धू हसन मोहम्मद कामिल मोहम्मद सद्दाम प्रदेश प्रवक्ता रोहि. हत गौतम आदि ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद मुकर्रम प्रधान ने की और संचालन प्रदेश सचिव एजाज अहमद ने किया।

# भाई पर लगाया मकान व जेवरात कब्जाने का आरोप

**चिलकाना।** पीड़ित युवक ने अपने भाई पर माता पिता के स्वर्गवास के बाद हिस्से का मकान व जेवरात कब्जाने का आरोप लगाया है। पुलिस जांच में जुटी।

ग्राम फिरोजाबाद के निकट डेरा निवासी पीड़ित सुच्चा सिंह पुत्र पूरन सिंह ने अपने भाई पर आरोप लगाते हुए बताया कि उनके माता पिता के स्वर्गवास के बाद उसके हिस्से का सामान, नकदी, जेवरात आदि घर के अन्दर अलमारी में रखे हुए थे। जो भाई द्वारा पीड़ित की गैरमौजूदगी में निकाल लिये गये हैं। पीड़ित का आरोप है कि इन जेवरात में उसकी पत्नी के जेवर व उसके द्वारा कमाया गया धन भी रखा हुआ था। पीड़ित ने बताया कि उसने अपने भाई से पत्नी के जेवर व कमाये गये रूपये देने के लिए कहा तो वह वायदे करता रहा, लेकिन न तो रूपये ही दिये ओर न ही जेवर। पीड़ित का आरोप है कि अब अपना सामान मांगने पर आरोपी ने उसे जान से मारने की धमकी देते हुए पीड़ित के मकान पर भी कब्जा कर लिया है। जिसके बाद से पीड़ित सुल्तानपुर में अस्थाई रूप से रहने लगा है। पीड़ित ने थाना पर तहरीर देकर विपक्षी से अपने जान माल की सुरक्षा करने, उसका मकान, सामान व रूपये वापस दिलवाये जाने तथा विपक्षी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

# जन चौपाल में छात्राओं से सीधा संवाद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**छुटमलपुर।** थाना फतेहपुर की महिला मिशन शक्ति टीम ने कस्बे के एचपी इंटर कालेज में जन चौपाल का आयोजन कर छात्राओं के साथ सीधा संवाद स्थापित किया इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य लड़कियों को उनकी सुरक्षा अधिकारों और सशक्तिकरण के प्रति जागरूक करना था।



मिशन शक्ति फेज 5 के तहत एंटी रोमियो स्क्वॉड की प्रभारी मिथलेश राठौर तथा होमगार्ड जवान सुधीर की अगुवाई में टीम ने छात्राओं को महत्वपूर्ण जानक. ारी दी। टीम ने सरकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से बताया, जिससे छात्राएं स्वावलंबी बन सकें विशेष रूप से साइबर फ्रॉड और डिजिटल अरेस्टिंग जैसे बढ़ते खतरे पर जोर दिया गया। छात्राओं को समझाया गया कि ऑनलाइन फोन कॉल, मैसेज या लिंक से कैसे सावधान रहें और फर्जी कॉलर से कैसे बचें। छात्राओं ने इस पहल की सराहना की और कहा कि ऐसे जागरूकता कार्यक्रम उनके मनोबल को बढ़ाते हैं। यह प्रयास न केवल छात्राओं की सुरक्षा को मजबूत करेगा।

## बंधक बना दुष्कर्म का आरोपी पकड़ा

**गंगोह।** नाबालिग को घर में बंधक बनाकर दुष्कर्म करने के आरोपी युवक को पुलिस ने बीएनएस की धाराओं के साथ ही पोक्सो एक्ट में गिरफ्तार कर कानूनी कार्यवाही शुरु करदी है।

कोतवाली अन्तर्गत एक गांव की निवासी एक नाबालिग बच्ची से दुष्कर्म के आरोप में पीडिता के पिता ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। जिसमें आरोपी को भगाने में उसकी चाची को भी आरोपी किया गया है। आरोपी का नाम शिवम पुत्र राजकुमार बताया गया है। आरोपी को पकडने वाली टीम में महिला उपनिरीक्षक खुशबु, हेड कांस्टेबिल राहुल कुमार, महिला कांस्टेबिल शीतल व संगीता रहें।

# हैंडबॉल में बीएसएम व वॉलीवाल में हर्ष मॉडर्न चैम्पियन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश ओलंपिक संघ द्वारा आयोजित 'अस्मिता लीग' के हैंडबॉल में बीएसएम इन्टर कालेज व वाल. ीवाल में हर्ष मॉडर्न पब्लिक स्कूल चैम्पियन बना।



डा. भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम में आयोजित प्रतियोगिता का उदघाटन क्षेत्रीय क्रीड़ा अधिकारी राहुल चोपड़ा ने किया। 13 टीमों की भागीदारी वाली हैंडबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में बीएसएम इंटर कॉलेज ने स्टेडियम की टीम को 3-0 से हराकर खिताब जीता। सना, अंजलि और सृष्टि ने एक-एक गोल किया। सेमीफाइनल में स्टेडियम ने खालसा पब्लिक स्कूल को 2-0 से और बीएसएम ने बजाज इंटरनेशनल को 3-0 से हराया था। 8 टीमों की वॉलीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में 'हर्ष मॉडर्न पब्लिक स्कूल ने स्टेडियम-बी टीम को 15-10, 15-08 से हराकर खिताब अपने नाम किया'। स्टेडियम-बी टीम उपविजेता रही। सेमीफाइनल में हर्ष मॉडर्न ने स्टेडियम-ए को 15-10 से और स्टेडियम-बी ने खालसा पब्लिक स्कूल को 15-9 से हराया था।

निर्णायक मंडल में धर्मेंद्र प्रताप, मुस्तकीम अंसारी, श्री मनीष कुमार, श्रीमती निशु राणा, सुश्री छवि, श्रीमती पवनेश, सतीश कुमार, श्रीमती तंजीम, यशपाल पुंडीर, श्री आचार्य भीम शामिल रहे।

इस अवसर पर क्षेत्रीय ओलंपिक संघ के सचिव डॉ. अशोक कुमार गुप्ता, स्पेपीएल पब्लिक स्कूल के प्रधानाचार्य विवेक कंबोज, सुश्री भावना तोमर, मनोज प्रजापति मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन जिला ओलंपिक संघ के सचिव डॉ. संदीप गुप्ता ने किया।

# जोनल कार्यालय पर नगर आयुक्त शिपू गिरी का निरीक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** नगरायुक्त शिपू गिरि ने आज नुमाईश कैंप स्थित जोनल एक कार्यालय का निरीक्षण किया। उन्होंने वहां आये कुछ लोगों से सीधे संवाद किया और उनकी समस्याओं का तत्काल समाधान कराया। उन्होंने व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए पेयजल के लिए कूलर लगवाने सहित अन्य व्यवस्थाओं को सात दिन के भीतर दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने जन्म-मृत्यु से सम्बंधित रजिस्टर का भी अवलो. कन किया।



नगरायुक्त शिपू गिरि आज औचक निरीक्षण के लिए नुमाईश कैंप स्थित जोनल कार्यालय एक पहुंचे और व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। वहां मौजूद कुछ लोगों से उन्होंने आने का कारण पूछा तो दो लोगों ने बताया कि वह अपनी प्रोपर्टी का टैक्स जमा कराने आये है, लेकिन बताया जा रहा है कि अभी सॉफ्टवेयर चल नहीं रहा है। इस पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए जोनल एक से सम्बंधित कर अधीक्षक को मैनुअल रुप से टैक्स जमा कर रसीद देने के निर्देश दिए। जिस पर दोनों भवन स्वामियों का टैक्स जमा कर तत्काल उन्हें रसीद प्रदान की गयी।

नगरायुक्त को अपनी बच्ची के साथ आये एक व्यक्ति ने बताया कि उसकी बच्ची छठी कक्षा की छात्रा है और उसे स्कूल के लिए जन्म प्रमाण पत्र की आवश्यकता है। उसका आरोप था कि वह पिछले करीब एक माह से घूम रहा है। इस पर नगरायुक्त ने उक्त व्यक्ति को उसकी बच्ची का जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र भी जारी कराया। जन्म मृत्यु प्रमाणपत्र के दो अन्य आवेदकों ने बताया कि उन्हें अपनी फाइलों का ही पता नहीं है कि वे कहां है। इस पर नगरायुंक्त ने जन्म-मृत्यु प्रमाण से सम्बंधित रजिस्टर का अवलोकन किया। अवलोकन में पाया गया कि एसडीएम सदर के यहां उक्त दोनों फाइलें रिसीव हो चुकी है। उनके अलावा करीब दो सौ फाइलें एसडीएम सदर के यहां पैंडिंग पड़ी हैं। इस पर उन्होंने जोनल प्रभारी एवं सहायक नगरायुक्त जे पी यादव को उनकी ओर से एक रिमाइंडर लिखने के निर्देश दिए।

नगरायुक्त ने कहा कि वह सात दिन के बाद पुनः निरीक्षण करेगे। इस दौरान सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कर ली जाएं। निरीक्षण के दौरान जोनल एक से सम्बंधित अनेक अधिकारी मौजूद रहे।

# कष्ट दूर करती है मां बगलामुखीः कालेन्द्रानन्द



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**सहारनपुर।** महाशक्ति पीठ वैष्णवी महाकाली मंदिर में मां बगलामुखी जन्मोत्सव अवसर पर स्वामी कालेंद्रानंद महाराज ने कहा मां बगलामुखी कष्टों का नाश करने वाली ब्रह्म विद्या है।

राधा विहार स्थित श्री रामकृष्ण विवेकानंद संस्थान के तत्वाधान में आयोजित मां बगलामुखी जन्मोत्सव पूजा अवसर पर मां बगलामुखी प्रतिमा का विधिवत पूजन पंडित योगेश तिवारी एवं पंडित ऋषभ शर्माने में मंत्र उच्चारण कर पूजन कराया और मां भगवती बगलामुखी का बगलामुखी सहस्त्रनाम से हरिद्रार युक्त जल से महा अभिषेक कराया। इसके उपरांत मां भगवती का श्रृंगार कर महा आरती उतारी गई और बगलामुखी यज्ञ भी किया गया। मां बगलामुखी चरित्र महिमा का वर्णन करते हुए स्वामी कालेंद्रानंद जी महाराज ने कहा कि मां बगलामुखी आदिशक्ति ब्रह्म विद्या है जो मां शक्ति का ब्रह्मरंध्र महा तेज पुंज है जिसमें समस्त ब्रह्म अग्नि साक्षात वास करती हैं। इसी आधार पर मां आदि शक्ति बगलामुखी समस्त ताम. सिक भावों को जलाकर राख कर देती हैं और अपने भक्तों का कल्याण करती है। मां बगलामुखी प्रकृति विद्या है जो 10 महाविद्या में विशेष स्थान रखती हैं और तुरंत फल देने वाली देवी हैं। इस अवसर पर रमेश चंद शर्मा, राकेश राय, अश्विनी काम्बोज, सागर गुप्ता, बबीता, तन्नू, रेखा, पूनम, गीता, कमलेश, सविता आदि श्रद्धालु मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

शनिवार, 25 अप्रैल 2026

Dainikshahtimes@gmail.com For Articles

## उलूल-जुलूल बोलते ट्रंप

किसी माह देश का नेता जब अपने मार्ग से भटक जाए, तो उससे दुनिया किस अंधेरी सुरंग की तरफ जा सकती है, इसका जीता-जागता परिणाम अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प के रूप में देखा जा सकता है। ट्रम्प जिस तरह के बयान देते रहते हैं और उसके बाद बदलते रहते हैं, वह किसी भी महाशक्ति देश के राष्ट्रपति को जरा भी शोभा नहीं देता। दिक्कत यह है कि वह अभी भी अपनी इस आदत पर लगाम नहीं लगा पा रहे हैं। एक तरफ वह ईरान से समझौते की बात कर रहे हैं, अच्छा माहौल बनाने की दुहाई देकर संघर्ष विराम का समय बढ़ा भी रहे हैं, तो दूसरी तरफ ईरान की नाकेबंदी भी कर रहे हैं और उसके जहाजों पर हमला भी कर रहे हैं। अमेरिकी नोसैना ने हिन्द महासागर में गुरुवार को ईरानी तेल लेकर जा रहे एक और टैंकर पर हमला कर दिया और उसे जब्त भी कर लिया। इससे पहले बुधवार को ईरान ने भी होर्मुज में तीन जहाजों पर हमला कर दो को अपने कब्जे में ले लिया और यह सब ऐसे समय में हो रहा था जब पाकिस्तान की राजधानी इस्लामाबाद में बातचीत को लेकर प्रयास जारी थे। कोई भी समझ सकता है कि इस तरह के हालात में कोई भी बातचीत किसी नतीजे पर नहीं पहुंच सकती। पहले तो कोई भी पक्ष शायद ही ऐसी बैठक का हिस्सा बनने के लिए तैयार हो। यही कारण है कि ईरान ने भी अपनी तरफ से साफ कह दिया कि भले ही अमेरिका बातचीत करने को आतुर हो, लेकिन वह तब तक उसके साथ बातचीत नहीं करेगा जब तक कि उसे सुरक्षा की गारंटी नहीं मिल जाती। ईरान का तो यहां तक कहना है कि पहले दौर की बातचीत में जो उसने अपने दस सूत्रीय मांगों का एजेंडा अमेरिका के सामने रखा था, उसमें अभी तक उसकी तरफ से कोई परिवर्तन नहीं आया है। ईरान का कहना है कि यदि अमेरिका आगे बढ़ना चाहता है, तो उसे ईरान की मांगों पर उदारतापूर्वक ध्यान देना होगा और जो ट्रम्प का धमकीभरा रवैया है उसको त्यागना होगा। बात अमेरिका या ईरान संघर्ष की ही नहीं है, लेकिन जिस तरह वह दुनिया के कई बड़े देशों को धमका रहे हैं, बल्कि अगर यह कहें कि मजाक उड़ा रहे हैं, तो उनकी इस हरकत को कहीं से भी उचित नहीं कहा जा सकता। अभी हाल ही में ट्रम्प ने रूढ़िवादी लेखक माइकल सेवेज का वीडियो सोशल मंच पर साझा किया था। इसमें जन्म के आधार पर नागरिकता देने की आलोचना करते हुए भारत और चीन पर बेहद विवादास्पद टिप्पणी की थी और उन्हें नर्क तक बता दिया था। यह अलग बात है कि कुछ घंटों बाद ही जिस बात के लिए ट्रंप जाने जाते हैं, उन्होंने अपने ट्वीट को बदला और बोल दिया कि भारत एक महान देश और पीएम मोदी उनके सबसे प्रिय दोस्त हैं। कोई भी समझ सकता है कि इस तरह की मानसिकता और वह भी अमेरिका के राष्ट्रपति जैसे व्यक्ति के लिए अमेरिका की साख को भी प्रभावित करती हैं। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि अपने बयानों से बेलगाम हो चले ट्रम्प पर विश्व बिरादरी उन्हें किसी तरह समझाए कि उनके द्वारा उठाए जा रहे कदम अमेरिका ईरान नहीं बल्कि पूरी दुनिया को प्रभावित कर रहे हैं।

### भाजपा का जनता को मतदान के लिए दंड



भाजपा जम्मू-कश्मीर को राज्य का दर्जा देने में देरी कर रही है और इसे कदम को जनता को मतदान के लिए मिली सजा के रूप में देखा जा रहा है, हाल में राजौरी जिले के नौशेरा क्षेत्र में हुए एक बड़े कार्यक्रम से भारतीय जनता पार्टी असहज हो गई है और अब वह खुलकर यह स्वीकार कर रही है कि राज्य का दर्जा इसलिए नहीं दिया जा रहा, क्योंकि लोगों ने नेशनल कांफ्रेंस को वोट दिया, यह दर्शाता है कि जम्मू-कश्मीर की जनता को उनके मतदान के लिए दंडित किया जा रहा है।

-उमर अब्दुल्ला
मुख्यमंत्री, जम्मू-कश्मीर

# जानलेवा हो सकती है मलेरिया के इलाज में लापरवाही



**मलेरिया एनोपफेलीज मादा मच्छर के काटने से होता है, जो प्लाज्मोडियम परजीवी से संक्रमित होता है और जब यह मच्छर किसी को काटता है तो यह परजीवी मानव रक्त में प्रवेश करके लिवर तथा लाल रक्त को. शिकाओं को नुकसान पहुंचाने लगते हैं और व्यक्ति को बीमार बना देते हैं। इस रोग की गंभीरता परजीवी पर ही निर्भर करती है।**



योगेश कुमार गोयल

मलेरिया एक गंभीर और कभी-कभी प्राणघातक हो जाने वाली बीमारी है, जो आमतौर पर एक निश्चित प्रकार के मच्छर को संक्रमित करने वाले परजीवी के कारण होती है और इन संक्रमित मच्छरों के काटने से मलेरिया होता है। अमेरिका से करीब 70 साल पहले ही मलेरिया को पूरी तरह खत्म घोषित कर दिया गया था लेकिन अभी भी प्रतिवर्ष दो हजार अमेरिकी इससे संक्रमित होते हैं। भारत में तो हर साल लाखों लोग मलेरिया से संक्रमित होते हैं।

चिंता की स्थिति यह है कि दुनियाभर में मलेरिया से हर साल लाखों लोग मौत के मुंह में समा रहे हैं, जिनमें ज्यादातर छोटे बच्चे हैं। पांच साल से कम उम्र के बच्चे मलेरिया से असमान रूप से प्रभावित होते हैं, जो मलेरिया से होने वाली कुल मौतों का करीब 82 प्रतिशत है। 2021 में मलेरिया से दुनियाभर में 6.19 लाख लोगों की मौत हुई थी जबकि 2022 में 6.08 लाख लोग मलेरिया के कारण मारे गए और 2024 में मलेरिया से 6.1 लाख मौतें दर्ज की गई। हालांकि मलेरिया ऐसी बीमारी है, जिसकी रोकथाम करके बड़ी संख्या में होने वाली इन मौतों को रोका जा सकता है लेकिन यह फिर भी दुनियाभर में रोकी जा सकने वाली बीमारी और मृत्यु का एक प्रमुख कारण बना हुआ है। इसीलिए मलेरिया को लेकर लोगों में जागरूकता पैदा करने के उद्देश्य से 2008 से ही 25 अप्रैल को एक खास विषय के साथ 'विश्व मलेरिया दिवस' मनाया जाता है।

मलेरिया दिवस इस वर्ष 'मलेरिया को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध अब हम कर सकते हैं। अब हमें करना ही होगा।' विषय के साथ मनाया जा रहा है, जिसका प्रमुख संदेश यही है कि मलेरिया मुक्त विश्व के लक्ष्य को प्राप्त करना है। भेदभाव और कलंक को खत्म करना, स्वास्थ्य संबंधी निर्णय लेने में समुदायों को शामिल करना, प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल के माध्यम से स्वास्थ्य देखभाल को उस स्थान के करीब लाना, जहां लोग रहते हैं और काम करते हैं, मलेरिया के खतरे को बढ़ाने वाले कारकों को संबोधित करना, सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज में मलेरिया नियंत्रण हस्तक्षेप इत्यादि मलेरिया दिवस मनाने के प्रमुख उद्देश्य हैं। दरअसल विश्व स्वास्थ्य संगठन का कहना है कि हर किसी को मलेरिया की रोकथाम, पता लगाने और इलाज के लिए गुणवत्तापूर्ण, समय पर और सस्ती सेवाओं का अधिकार तो है लेकिन यह सभी के लिए वास्तविकता नहीं है। संयुक्त राष्ट्र के अनुसार दुनियाभर में मलेरिया के बीस करोड़ से भी ज्यादा नए मामले दर्ज किए जाते हैं, जिनमें से कई लाख लोगों की हर साल मौत हो जाती है। हालांकि स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि मलेरिया की रोकथाम के मामले में बीते कुछ वर्षों में महत्वपूर्ण प्रगति तो हुई है लेकिन मलेरिया के खिलाफ लड़ाई अभी खत्म नहीं हुई है और मलेरिया मुक्त विश्व के लक्ष्य को प्राप्त करना अभी भी गंभीर चुनौती है। चिंता का विषय यह भी है कि प्रभावित क्षेत्रों में यह बीमारी स्वास्थ्य देखभाल प्रणालियों और अर्थव्यवस्थाओं पर बड़ा बोझ भी डालती है।

मलेरिया एनोफेलीज मादा मच्छर के काटने से होता है, जो प्लाज्मोडियम परजीवी से संक्रमित होता है और जब यह मच्छर किसी को काटता है तो यह परजीवी मानव रक्त में प्रवेश करके लिवर तथा लाल रक्त कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाने लगते हैं और व्यक्ति को बीमार बना देते हैं। इस रोग की गंभीरता परजीवी पर ही निर्भर करती है। मनुष्यों में सबसे आम मलेरिया परजीवी 'प्लाज्मोडियम फाल्सीपेरम' है, जो बीमारी के सबसे घातक रूप के लिए जिम्मेदार है। एनोफेलीज मच्छर वाहक के रूप में कार्य करते हैं, जब वे एक संक्रमित व्यक्ति को काटते हैं और फिर दूसरे व्यक्ति को काटते हैं तो परजीवियों को प्रसारित करते हैं। जब परजीवी एक बार मानव शरीर के अंदर यकृत में चले जाते हैं तो ए लाल रक्त कोशिकाओं के अंदर गुणन करते हैं, जिससे कई प्रकार के लक्षण पैदा होते हैं। मनुष्यों को मलेरिया के चार मुख्य प्रकार (प्लाज्मोडियम फाल्सीपेरम, प्लाज्मोडियम विवैक्स, प्लाज्मोडियम ओवले और प्लाज्मोडियम मलेरिया) संक्रमित करते हैं। प्लाज्मोडियम फाल्सीपेरम सबसे खतरनाक प्रकार है जबकि मलेरिया के अन्य प्रकार आमतौर पर हल्की बीमारी का कारण बनते हैं। गंभीर मलेरिया गंभीर एनीमिया, गुर्दे की विफलता, दौरे, कोमा और यहां तक कि मृत्यु जैसी जटिलताओं का कारण भी बन सकता है, खासकर यदि तुरंत निदान और इलाज नहीं किया जाए। हालांकि दुनियाभर में शोधकर्ता मलेरिया को नियंत्रित करने और अंततः खघ्त्म करने के लिए टीकों और अन्य नवीन समाधानों पर काम कर रहे हैं लेकिन इसकी रोकथाम के मुख्य उपायों में उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में मच्छरदानी, कीट विकर्षक और मलेरिया-रोधी दवाओं का उपयोग करना शामिल है। जटिलताओं और मृत्यु को रोकने के लिए प्रभावी मलेरिया-रोधी दवाओं के साथ शीघ्र निदान और उपचार महत्वपूर्ण है।

मलेरिया होने पर आमतौर पर तेज बुखार होता है, जो 103 से 105 डिग्री तक हो सकता है। सिरदर्द, बदन दर्द, घबराहट, अत्यधिक पसीना आना, जी मिचलाना, उल्टी होना, अत्यधिक ठंड लगना, कमजोरी इत्यादि मलेरिया के अन्य प्रमुख लक्षण हैं। इन लक्षणों को लंबे समय तक नजर. अंदाज करना भी खतरनाक हो सकता है। वैसे तो मलेरिया के लक्षण प्रायः 24 से 48 घंटे में ही नजर आ सकते हैं लेकिन कई बार लक्षण सामने आने में ज्यादा समय भी लग सकता है। मलेरिया की जांच से ही पता चल पाता है कि मरीज किस तरह के मलेरिया से ग्रसित है और उसी के आधार पर विभिन्न दवाओं से उसका इलाज शुरू किया जाता है। साधारण मलेरिया होने पर सही इलाज से मरीज 3-5 दिनों में ही ठीक हो सकता है लेकिन यदि सीवियर फाल्सीपेरम मलेरिया हुआ तो समय पर और सही इलाज नहीं कराने पर मरीज की मौत भी हो सकती है।

इसलिए बेहद जरूरी है कि मलेरिया की जांच और इलाज में कोताही न बरतें। गर्मी और मानूसन के दौरान मच्छरों की संख्या बहुत बढ़ जाती है, इसलिए आमतौर पर मलेरिया इन्हीं मौसम में सबसे ज्यादा होता है। वैसे मलेरिया के मच्छर अधिकांशतः उन्हीं जगहों पर पनपते हैं, जहां गंदगी होती है या गंदा पानी जमा होता है। इसलिए मलेरिया की रोकथाम के लिए सबसे जरूरी है कि अपने घरों में तथा आसपास गंदगी और गंदा पानी एकत्र न होने दें।


# अनोखा संसार : खुशबू से ठगने वाले बीटल्स

**मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर केमिकल इकॉलॉजी के कार्बनिक रसायनज्ञ रयान आलम की बीटल्स के अध्ययन में दिलचस्पी थी। ब्लिस्टर बीटल आत्मरक्षा के लिए कैंथेरीडिन नामक विषैला रसायन छोड़ते हैं, जिससे त्वचा पर फफोले उभर आते हैं। जब आलम को पता चला कि ब्लिस्टर बीटल की कुछ प्रजातियां घास और पौधों के सिरे पर चढ़ जाती हैं तो वे हैरान रह गए। वे सो. चने लगे कि कहीं इनके लार्वा कोई गंध तो नहीं छोड़ते।**

छल-धोखा सिर्फ हमारे साथ नहीं होता। जीवजगत में भी कई ऐसे उदाहरण मिलते हैं जहां एक जीव अपने फायदे के लिए दूसरे जीव का इस्तेमाल करता है। जैसे, कुछ ऑर्किड के फूल मधुमक्खियों को छलते हैं। इन ऑर्किड के फूलों का रूप-रंग मादा मधुमक्खी की तरह होता है और वे उन्हीं की तरह महक बिखेरते हैं। मादा की तलाश कर रहीं नर मधुमक्खी इन फूलों पर चली जाती हैं। संभोग तो होता नहीं लेकिन संभोग की कोशिश में उनके शरीर पर ऑर्किड के परागकण चिपक जाते हैं। ऑर्किड का परागण हो जाता है, बदले में मधुमक्खी को कुछ नहीं मिलता।

वैज्ञानिकों को अब ऐसी ही एक और धोखाधड़ी के बारे में पता चला है। इसमें मधुमक्खियों को धोखा देते हैं भृंग यानी बीटल्स ब्लिस्टर बीटल के लार्वा फूल जैसी महक बिखेरते हैं, जिससे मधुमक्खियां उनके पास खिंची चली आती है। फिर, लार्वा मधुमक्खी से चिपक जाते हैं, चिपके-चिपके उनके छत्तों में पहुंच जाते हैं और उनके अंडे खा जाते हैं।

मैक्स प्लैंक इंस्टीट्यूट फॉर केमिकल इकॉलॉजी के कार्बनिक रसायनज्ञ रयान आलम की बीटल्स के अध्ययन में दिलचस्पी थी। ब्लिस्टर बीटल आत्मरक्षा के लिए कैंथेरीडिन नामक विषैला रसायन छोड़ते हैं, जिससे त्वचा पर फफोले उभर आते हैं। जब आलम को पता चला कि ब्लिस्टर बीटल की कुछ प्रजातियां घास और पौधों के सिरे पर चढ़ जाती हैं तो वे हैरान रह गए। वे सो. चने लगे कि कहीं इनके लार्वा कोई गंध तो नहीं छोड़ते। जांच के लिए वे जर्मनी के घास के मैदानों से 40 युरोपियन ब्लैक ऑयल बीटल (Meloe proscarabaeus) इकट्ठा करके प्रयोगशाला ले आए। यहां बीटल्स ने प्रजनन किया और हजारों अंडे दिए। अंडे से निकलने के बाद लार्वा प्रयोगशाला की घास पर चढ़ गए। कैंथेरीडिन रसायन से बनने वाले फफोलों से बचने के लिए दस्ताने पहनकर आलम ने लार्वा इकट्ठा किए और उन्हें मसल दिया। फिर उन्होंने इस लार्वा-चटनी की गैस क्रोमैटोग्राफी की और देखा कि इसमें कौन-कौन-से रसायन मौजूद हैं। उन्हें लार्वा में मोनोटर्पिनॉइड्स नामक कुछ अणु मिले। ये कीटों में तो कम मिलते हैं, लेकिन पौधों में आम तौर पर पाए जाते हैं। लार्वा में सबसे अधिक पाए गए आठ अणुओं में से कई प्रायः फूलों में पाए जाते हैं।



जैसे लिनेलूल ऑक्साइड और लिलेक एल्डिहाइड। फूलों में ए रसायन परागणकर्ताओं को आकर्षित करते हैं। लेकिन फूलों में पाए जाने वाले रसायन किसी कीट में मिलना हैरानी की बात थी। तो सवाल था कि क्या वाकई कीट में मौजूद ए रसायन मधुमक्खियों को न्यौता देते हैं? इसे जांचने के लिए शोधकर्ताओं ने एक Y-शेप का रास्ता बनाया, जिसका एक रास्ता बीटल-लार्वा से बिखेरी गई खुशबू की ओर जाता था और दूसरा रास्ता व्हीटग्रास की खुशबू की ओर। मधुमक्खी दोनों में से कोई एक खुशबू चुन सकती थीं। रेड मेसन मधुमक्खियों (Osmia bicornis) और बेयर-सैडल्ड सेलोफेन मधुमक्खियों (Colletes similis), दोनों ने व्हीटग्रास की बजाय लार्वा से निकलने वाली फूल-जैसी खुशबू का मार्ग चुना।

शोधकर्ताओं ने यह भी पता लगाया कि बीटल लार्वा फूल जैसे रसायन कैसे बनाते हैं। पता चला कि उनमें इन रसायनों का निर्माण उन्हीं एंजाइम्स से होता है, जिनसे ये पौधे में बनते हैं। मादा-सरीखी खुशबू फैलाने की बजाय फूल-जैसी खुशबू बिखेरने से फायदा यह है कि इस खुशबू से नर और मादा दोनों मधुमक्खियां आकर्षित होती है। और सिर्फ मादा मधुमक्खियां ही अपने छत्ते में वापस लौटती हैं, नर नहीं। तो क्यों न छत्ते तक पहुंचने के लिए नर को छोड़कर सीधे मादा से लिफ्ट ली जाए। लार्वा वसंत की शुरुआत में, असली फूल खिलने से पहले, घास के तनों पर चढ़ जाते हैं। और उन्हें फूल समझकर बेचारी मधुमक्खियां उनके पास खींची चली आती हैं और ठगी जाती हैं। हो सकता है इस तरह की महकती नकल जीवजगत में और भी आम हो, जिन पर लोगों का ध्यान न गया हो।

-स्रोत फीचर्स


# मलेरिया दिवस, चेतावनी और संकल्प का देता है संदेश



कृति आरके जैन

जब दुनिया स्वास्थ्य के एक अहम मोड़ पर खड़ी है, तब 25 अप्रैलकृविश्व मलेरिया दिवस चेतावनी और संकल्प दोनों का संदेश देता है। इस वर्ष का थीम ह्मलेरिया को समाप्त करने के लिए प्रतिबद्ध अब हम कर सकते हैं, अब हमें करना ही होगा। स्पष्ट चुनौती है। एनोफिलीज मच्छर अब भी हर साल लाखों परिवारों को प्रभावित करता है। डब्ल्यूएचओ वर्ल्ड मलेरिया रिपोर्ट 2025 के अनुसार, 2024 में वैश्विक स्तर पर अनुमानित 28.2 करोड़ मामले और 6.10 लाख मौतें दर्ज हुईं, जिनमें 94-95 प्रतिशत बोझ अफ्रीकी क्षेत्र पर है। फिर भी प्रगति उल्लेखनीय है- 2000 के बाद से अब तक 230 करोड़ मामले और 1.4 करोड़ मौतें टलीं। 2024 में अकेले 1 मिलियन जीवन बचे और 47 देश तथा एक क्षेत्र मलेरिया-मुक्त घोषित हो चुके हैं। यह आंकड़े केवल संख्या नहीं, बल्कि मानवीय साहस और सामूहिक प्रयासों का प्रमाण हैं। जलवायु परिवर्तन और दवा-प्रतिरोध के बावजूद विज्ञान उम्मीद जगा रहा हैकृयह लड़ाई जीती जा सकती है, यदि संकल्प दृढ़ और प्रयास सतत रहें। विश्व पटल पर मलेरिया आज भी गरीबी और असमानता का सबसे कड़ा सच है। 2024 में उप-सहारा अफ्रीका में 26.5 करोड़ मामले और लगभग 5.79 लाख मौतें हुईं। एथियोपिया, मेडागास्कर और यमन जैसे देशों में मामलों में उछाल देखा गया। फिर भी दक्षिण-पूर्व एशिया में सुधार जारी है। भारत ने 2017-2023 में मामले 69 प्रतिशत घटाकर 20 लाख किए, मौतें 68 प्रतिशत कम कीं (2015 से कुल लगभग 80 प्रतिशत कमी), 2024 में भारत हाई बर्डन हाई इम्पैक्ट समूह से बाहर निकलकर लक्ष्य-सिद्धि का उदाहरण बना। ग्रामीण स्वास्थ्य कार्यकर्ता, आशा दीदियां और नेशनल वेक्टर बोर्न डिजीज कंट्रोल प्रोग्राम जैसे प्रयासों ने यह बदलाव रचा। जलवायु परिवर्तन, दवा-प्रतिरोध, बढ़ता शहरी जलजमाव और फंडिंग की कमी चुनौतियां बनी हुई हैं। अब समय है पुरानी रणनीतियों को नई तकनीक से जोड़ने का। भारत की सफलता प्रेरणा का सशक्त स्रोत। आदिवासी अंचलों से महानगरों तक मच्छरदानी वितरण, लार्वीसाइडिंग और त्वरित निदान ने ठोस प्रभाव डाला। 2025 के आंकड़ों में अधिकांश जिलों में स्थानीय संक्रमण नियंत्रित है, 160 से अधिक जिलों ने 2022-2024 के बीच शून्य स्वदेशी मामले दर्ज किए। लक्ष्य स्पष्ट 2027 तक शून्य स्वदेशी मामले और 2030 तक मलेरिया मुक्त भारत। यह केवल सरकार नहीं, हर गांव, हर स्कूल, हर परिवार की सामूहिक जिम्मेदारी है। युवा स्वयंसेवक ड्रोन से लार्वा नियंत्रण कर रहे हैं, ऐप के माध्यम से लक्षणों की सटीक रिपोर्टिंग हो रही है। जब एक देश इतनी तीव्र गति से आगे बढ़ सकता है, तो दुनिया क्यों नहीं? भारत का मॉडल अब अफ्रीकी देशों के लिए प्रेरक मार्गदर्शक बन रहा है। सबसे सशक्त कवचकृरोकथाम ही किफायती और असरदार उपाय है। मच्छरदानी, इनडोर स्प्रेइंग, स्वच्छता और समय पर जांच-इलाज से 80 प्रतिशत तक मामले रोके जा सकते हैं। नई वैक्सीन आरटीएस, एस और आर-21 बच्चों में गंभीर मलेरिया को काफी हद तक घटा रही हैं आर-21 ने मौसमी क्षेत्रों में 75 प्रतिशत तक प्रभावशीलता दिखाई है, जबकि दोनों वैक्सीन मिलाकर मौसमी केमोप्रिवेंशन के साथ 75 प्रतिशत तक सुरक्षा प्रदान करती हैं। जीन एडिटिंग, अगली पीढ़ी के कीटनाशक और ड्यूल-एक्टिव इंसेक्टिसाइड ट्रीटेड नेट्स प्रयोगशालाओं से निकल रहे हैं। पर यह साधन तब तक निष्प्रभावी हैं, जब तक अंतिम व्यक्ति तक न पहुंचें। ग्रामीण भारत में अब भी कई जगह जागरूकता की कमी है। स्कूलों में मलेरिया शिक्षा अनिवार्य करनी होगी। हर घर में मच्छरदानी, हर जलस्रोत स्वच्छ यही छोटे कदम बड़े बदलाव लाएंगे। इस जंग के असली प्रहरी समर्पित स्वास्थ्यकर्मी हैं, जो दिन-रात मरीजों की सेवा में डटे हैं। अफ्रीका के सुदूर गांवों से भारत के दुर्गम जंगलों तक वे जोखिम उठाकर निरंतर काम कर रहे हैं। सरकारों को अब बजट दोगुना करना होगा, निजी क्षेत्र को सक्रिय रूप से शोध में जोड़ना होगा। अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को और सशक्त बनाना अनिवार्य है। जलवायु परिवर्तन मच्छरों का दायरा बढ़ा रहा है, इसलिए पर्यावरण संरक्षण भी मलेरिया नियंत्रण का अहम हिस्सा बन गया है। जब हम सब मजबूती से एकजुट होंगे, तभी यह लड़ाई निर्णायक रूप से जीती जा सकेगी। अब हर नागरिक की भूमिका निर्णायक और अनिवार्य बन चुकी है। क्या आपने अपने घर के आसपास जलजमाव पूरी तरह रोका? क्या बच्चों को बचाव के प्रभावी तरीके सिखाए? क्या अपने इलाके में सक्रिय जागरूकता अभियान चलाया? छोटे-छोटे कदमकृपुराने टायर हटाना, गमलों का पानी नियमित बदलना, मच्छरदानी का सही उपयोग मिलकर महामारी की रफ्तार थाम सकते हैं। सोशल मीडिया पर प्रमाणिक जानकारी फैलाएं, स्थानीय नेतृत्व से ठोस और त्वरित कदमों की मांग करें। जब हर व्यक्ति सजग और जिम्मेदार बनेगा, तभी मलेरिया का नामोनिशान मिटेगा। समय का यह निर्णायक मोड़ हमें पुकार रहा है 25 अप्रैल अब महज एक दिन नहीं, परिवर्तन का सशक्त बिगुल है। अब हम कर सकते हैं, अब हमें करना ही होगा केवल नारा नहीं, सामूहिक संकल्प और प्रतिबद्धता बने। एक ऐसी दुनिया की कल्पना करें जहां कोई बच्चा मलेरिया से न मरे, कोई मां अपने बच्चे को खोकर न रोए। भारत इस दिशा में ठोस और निरंतर कदम बढ़ा चुका है।

अब पूरी मानवता को इसी पथ पर संगठित होकर आगे बढ़ना है। आइए, मिलकर मलेरिया को इतिहास के पन्नों में सदा के लिए दर्ज कर देंकृताकि आने वाली पीढ़ियां इसे सिर्फ पढ़ें, कभी सहें नहीं।





प्रयांगराज। रेलवे स्टेशन पर भीषण गर्मी के बीच प्लेटफॉर्म पर पानी का छिड़काव करती रेलवे कर्मचारी।

## गाजा युद्ध में प्रतिदिन औसतन 47 महिलाएं और लड़कियां मारी गईं: संरा

**न्यूयॉर्क।** गाज़ा पट्टी में अक्टूबर 2023 से दिसम्बर 2025 के बीच इजरायल की सैन्य कार्रवाई में 38000 से अधिक महिलाएं और लड़कियां मारी गई हैं, जो इस अवधि में प्रतिदिन औसतन 47 मौतों के बराबर है। संयुक्त राष्ट्र की एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई। संयुक्त राष्ट्र महिला इकाई की रिपोर्ट गाज़ा में युद्ध की कीमत: महिलाएं और लड़कियां' में कहा गया है कि यह संख्या उसी अवधि में दर्ज कुल मौतों के आधे से अधिक है। गाज़ा स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, सात अक्तूबर 2023 को हमास के हमले के बाद शुरू हुए इजरायल के सैन्य अभियान में अब तक 71200 लोगों की मृत्यु दर्ज की गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों की कुल हिस्सेदारी सभी मृतकों में आधे से अधिक है।

# ईरान के दुश्मनों में दरार पड़ गई है: मोजतबा खामेनेई

## सर्वोच्च नेता ने देशवासियों से चौकन्ना रहने की अपील की, ईरानी जनता की मजबूत एकता की तारीफ



■ दुश्मन के मीडिया अभियान, ईरानी लोगों को भड़काने और राष्ट्रीय एकता को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं: मोजतबा खामेनेई

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला सैयद मोजतबा खामेनेई ने ईरानी जनता की मजबूत एकता की तारीफ करते हुए कहा कि इसने दुश्मन को बड़ा झटका दिया है। खामेनेई ने राष्ट्रीय एकता को और मजबूत करने का भी आह्वान किया और साथ ही लोगों को चौकन्ना रहने को भी कहा।

सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में मोजतबा खामेनेई ने लिखा कि देशवासियों के बीच एकता के चलते दुश्मन में दरार आ गई है। खामेनेई ने आरोप लगाया कि दुश्मन के मीडिया अभियान, ईरानी लोगों को भड़काने और राष्ट्रीय एकता को कमजोर करने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने चेताया कि हमारी लापरवाही इस नापाक इरादे को सफल न होने दे। खामेनेई ने साफ किया कि देश के नेतृत्व में कोई विभाजन नहीं है और उन्होंने उन दावों को खारिज कर दिया, जिनमें कहा जा रहा था कि ईरान के कट्टरपंथियों और उदारवादियों के बीच मतभेद हैं। ईरान के सरकारी मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, मोजतबा खामेनेई का संदेश ऐसे महत्वपूर्ण समय में आया है, जब ईरान को कई तरह के दबावों का सामना करना पड़ रहा है। जिनमें अमेरिका, इस्राइल और उनके सहयोगी पश्चिमी देशों द्वारा लगाए गए प्रतिबंध, धमकियां और दुष्प्रचार शामिल हैं। इससे पहले ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन भी इस बात पर जोर दे चुके हैं कि देश के नेतृत्व में कोई विभाज नहीं है। उन्होंने कहा कि सभी ईरानी क्रांतिकारी एकजुट हैं और सर्वोच्च नेता के साथ पूरी तरह से एकजुट हैं। डोनाल्ड ट्रम्प ने ईरान के राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व में कलह होने का दावा किया था। ईरान की तरफ से ये टिप्पणियां ऐसे समय आई हैं, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया कि ईरान के राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व के बीच आंतरिक कलह चल रही है। ईरान के साथ दूसरे राउंड की बातचीत के समय भी अमेरिकी राष्ट्रपति ने यही दावा किया था कि ईरान का राजनीतिक और सैन्य नेतृत्व एकराय नहीं है।

## ईरान ने रूसी और कई अन्य देशों को होर्मुज जलडमरूमध्य के शुल्क में दी छूट: जलाली

**मास्को।** ईरान ने रूस सहित कई देशों को होर्मुज जलडमरूमध्य से गुज़रने के लिए लगने वाले ट्रांज़िट शुल्क में छूट दी है। रूस में ईरान के राजदूत काज़ेम जलाली ने न्यूज एजेंसी स्पूतनिक को यह जानकारी दी। गौरतलब है कि ईरान की संसद के प्रथम उपाध्यक्ष हामिद रज़ा हाजी बाबाई ने गुरुवार को बताया था कि ईरान को पहली बार होर्मुज जलडमरूमध्य को पार करने के शुल्क से राजस्व प्राप्त हुआ है और यह राशि देश के केंद्रीय बैंक में जमा कर दी गई है। वहीं जलाली से जब पूछा गया कि क्या ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य के शुल्कों में कोई छूट दी है, तो उन्होंने कहा कि हमने फिलहाल कुछ देशों को छूट दी है, लेकिन मुझे नहीं पता कि भविष्य में क्या होगा। हालांकि, हमारा विदेश मंत्रालय अभी उन छूटों को लागू करने की कोशिश कर रहा है, जो रूस जैसे मित्र देशों के लिए सोची गई हैं। उल्लेखनीय है कि अमेरिका और इज़रायल के हमले के बाद ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने में आने वाली लागत का हवाला देते हुए, शुल्क लगाने की योजना की घोषणा की थी।

# ईरान जंग में खर्च हुईं चीन के लिए रिजर्व मिसाइलें

## अमेरिका का मिसाइल स्टॉक खत्म होने के करीब, हर दिन हो रहा है करीब 90 अरब खर्च



■ ये 600 मील से ज्यादा दूर तक मार कर सकती हैं और दुश्मन की एयर डिफेंस से बचकर हमला करने के लिए बनाई गई हैं, इसके अलावा टामहाक मिसाइलों का भी बड़े पैमाने पर इस्तेमाल हुआ

**वाशिंगटन।** ईरान के साथ 38 दिन चले युद्ध में अमेरिका ने अपनी कई अहम और महंगी मिसाइलें खर्च कर दीं। इनमें वो मिसाइलें भी शामिल हैं, जो चीन जैसे बड़े युद्ध के लिए संभालकर रखी गई थीं। अब अमेरिका का हथियार भंडार तेजी से कम हो रहा है। इस युद्ध में अमेरिका ने करीब 1100 लंबी दूरी की स्टील्थ मिसाइलें (जेएएसएसएम-ईआर) इस्तेमाल कीं। ये खास तौर पर चीन के खिलाफ इस्तेमाल के लिए बनाई गई थीं। इसके अलावा 1000 से ज्यादा टामहाक मिसाइलें, 1200 से ज्यादा पैट्रियट मिसाइलें और 1000 से ज्यादा दूसरी स्ट्राइक मिसाइलें भी दागी गईं। इस पूरे युद्ध पर 28 से 35 अरब डालर खर्च हुए।

यानी हर दिन करीब 1 अरब डालर (लगभग 90 अरब रुपये) खर्च हुए। युद्ध रुके हुए दो हफ्ते हो चुके हैं, लेकिन अब तक अमेरिका ने यह नहीं बताया कि कुल कितने हथियार इस्तेमाल हुए। मंत्रालय का कहना है कि 13000 से ज्यादा टारगेट पर हमला किया गया। लेकिन अधिकारियों के मुताबिक एक ही टारगेट पर कई बार हमले हुए, इसलिए असल में इस्तेमाल हुए हथियारों की संख्या इससे काफी ज्यादा है। युद्ध के दौरान अमेरिका ने जिन हथियारों का सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया, उनमें लंबी दूरी की जेएएसएसएम-ईआर मिसाइलें शामिल हैं। ये 600 मील से ज्यादा दूर तक मार कर सकती हैं और दुश्मन की एयर डिफेंस से बचकर हमला करने के लिए बनाई गई हैं। इसके अलावा टामहाक मिसाइलों का भी बड़े पैमाने पर इस्तेमाल हुआ। अमेरिका सालभर में जितनी मिसाइलें खरीदता है, उससे करीब 10 गुना ज्यादा इस युद्ध में खर्च हो गईं। एक स्टडी के मुताबिक, अब अमेरिका के पास करीब 3000 टामहाक मिसाइलें ही बची हैं। पैट्रियट इंटरसेप्टर मिसाइलें भी तेजी से खत्म हुई हैं। एक मिसाइल की कीमत करीब 4 मिलियन डालर है। 2025 में अमेरिका ने 600 मिसाइलें बनाई थीं, लेकिन युद्ध में 1200 से ज्यादा इस्तेमाल हो गईं। इसके अलावा 1000 से ज्यादा प्रिसिजन स्ट्राइक और एटीएसीएमएस मिसाइलें भी खर्च हो चुकी हैं। पेंटागन के मुताबिक, कुछ जरूरी हथियार पहले से ही कम थे और अब उनकी कमी और बढ़ गई है। व्हाइट हाउस ने हथियार खत्म होने के दावों को गलत बताया है। प्रेस सचिव कैरोलिन लीविट ने कहा कि अमेरिका के पास दुनिया की सबसे मजबूत सेना है और उसके पास पर्याप्त हथियार हैं। पेंटागन के प्रवक्ता सीन पार्नेल ने भी किसी खास इलाके या हथियारों के स्टाक की जानकारी देने से इन्कार किया। उन्होंने इसे सुरक्षा से जुड़ा मामला बताया। युद्ध के पहले दो दिनों में ही 5.6 अरब डालर के हथियार इस्तेमाल हो गए थे। इसके अलावा कुछ आपरेशन में नुकसान भी हुआ। ईरान से पायलट को निकालने के मिशन में दो एमसी-130 विमान और तीन हेलीकाप्टर नष्ट करने पड़े, जिनकी कीमत करीब 275 मिलियन डालर बताई गई। हथियारों की कमी के कारण अमेरिका को एशिया और यूरोप से भी अपने सैन्य संसाधन मिडिल ईस्ट भेजने पड़े। इससे वहां तैनात सेना की तैयारी पर असर पड़ा है। यूरोप में नाटो की पूर्वी सीमा की सुरक्षा से जुड़े कुछ हथियार कम हो गए हैं। वहीं एशिया में भी असर ज्यादा दिखा है। साउथ चाइना सी से यूएस अब्राहम लिंकन कैरियर ग्रुप को हटाकर मिडिल ईस्ट भेजा गया। साथ ही दो मरीन यूनिट भी वहां तैनात की गईं। दक्षिण कोरिया में तैनात थार्ड मिसाइल सिस्टम के इंटरसेप्टर भी पहली बार वहां से हटाए गए हैं। ये सिस्टम उत्तर कोरिया के खतरे से निपटने के लिए लगाया गया था। इससे पहले भी अमेरिका मिडिल ईस्ट में अपने जहाज और विमान भेजता रहा है। खासकर 2023 में इजराइल-गाजा युद्ध और यमन में हूती हमलों के बाद तैनाती बढ़ाई गई थी।

## युद्धविराम टूटा तो होर्मुज स्ट्रेट में हमलों की तैयारी: अमेरिका

**वाशिंगटन।** अमेरिका के सैन्य अधिकारियों ने संकेत दिए हैं कि यदि मौजूदा संघर्षविराम समाप्त होता है तो ईरान की उपस्थिति को लक्ष्य बनाते हुए होर्मुज जलडमरूमध्य में हमलों की नई योजनाएं तैयार की जा रही हैं। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, प्रस्तावित योजनाएं पहले की रणनीति से अलग हैं, जिसमें हमले मुख्य रूप से ईरान के अंदरूनी क्षेत्रों तक सीमित थे। नई रणनीति में जलमार्गों पर ध्यान केंद्रित किया गया है, विशेष रूप से तेज गति वाली नौकाओं, बारूदी सुरंग बिछाने वाले जहाजों और अन्य समुद्री संसाधनों को निशाना बनाने पर जोर दिया जा रहा है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ईरान द्वारा जलडमरूमध्य को बंद किए जाने से वैश्विक अर्थव्यवस्था पर असर पड़ा है और इससे अमेरिका की आर्थिक नीतियों पर भी दबाव बढ़ा है। सात अप्रैल से लागू युद्धविराम अभी औपचारिक रूप से कायम है। सूत्रों के अनुसार, केवल हवाई हमलों के जरिए जलमार्ग को शीघ्र खोल पाना कठिन हो सकता है, क्योंकि ईरान की तटीय रक्षा प्रणाली का बड़ा हिस्सा अब भी सक्रिय है और उसके पास पर्याप्त संख्या में छोटी नौकाएं मौजूद हैं।

## परमाणु विशेषज्ञों के बिना वार्ता से अधिक खतरनाक हो सकता है ईरान: यूरोपीय संघ

**ब्रसेल्स।** यूरोपीय संघ ने चेतावनी दी है कि यदि ईरान के साथ चल रही कूटनीतिक वार्ताओं में तकनीकी विशेषज्ञों को शामिल नहीं किया गया तो परिणाम कमजोर और अस्थिर हो सकता है, जिससे ईरान अधिक खतरनाक स्थिति में पहुंच सकता है। यूरोपीय संघ की विदेश नीति प्रमुख काजा कलास ने साइप्रस में आयोजित एक अनौपचारिक बैठक के दौरान कहा कि परमाणु विशेषज्ञों को वार्ता से बाहर रखना किसी भी संभावित समझौते को कमजोर कर सकता है। उन्होंने कहा कि इस तरह का दृष्टिकोण वर्ष 2015 के परमाणु समझौते संयुक्त व्यापक कार्य योजना में निर्धारित सुरक्षा मानकों से कमतर होगा, जिसके तहत ईरान के परमाणु कार्यक्रम पर कड़े प्रतिबंध लगाए गए थे और बदले में प्रतिबंधों में राहत दी गई थी। सुकलास ने कहा कि केवल परमाणु मुद्दों पर सीमित ध्यान पर्याप्त नहीं होगा। यदि ईरान के मिसाइल कार्यक्रम, क्षेत्रीय गतिविधियों और साइबर क्षमताओं जैसे पहलुओं को नजरअंदाज किया गया, तो इससे भविष्य में अधिक जोखिम पैदा हो सकता है। इस बीच, पूर्व ईरानी राजनयिक कोरुश अहमदी ने कहा है कि ईरान और अमेरिका अपने-अपने रुख में फंसे हुए हैं, जिससे परमाणु वार्ताओं पर असर पड़ सकता है।

## ट्रम्प ने ईरान को फिर चेताया



■ कहा: समय निकलता जा रहा है और नाकेबंदी 'और भी बदतर' होगी

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को एक बार फिर ईरान को चेतावनी देते हुए कहा कि घड़ी की सुई टिक-टिक कर रही है और यह नाकेबंदी तब तक और भी बदतर होती जाएगी, जब तक कि कोई ऐसा समझौता नहीं हो जाता जो अमेरिका और उसके सहयोगियों के लिए फायदेमंद हो।

ट्रंप ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि समय उनके पक्ष में नहीं है। यह नाकेबंदी पूरी तरह से अभेद्य और मज़बूत है और अब यहां से स्थिति और भी खराब होती जायेगी। कोई भी समझौता तभी किया जाएगा, जब वह अमेरिका, उसके सहयोगियों और बाकी दुनिया के लिए उचित और हितकारी होगा। अमेरिकी मीडिया पर एक बार फिर निशाना साधते हुए राष्ट्रपति ट्रंप ने कहा कि न्यूयॉर्क टाइम्स और सीएनएन जैसे मीडिया संस्थानों को लगता है, मैं ईरान के साथ युद्ध खत्म करने के लिए बेचैन हूं। उन्होंने कहा कि कृपया यह जान लें कि इस पद पर रहते हुए शायद मैं अब तक का सबसे कम दबाव महसूस करने वाला व्यक्ति हूं। मेरे पास दुनिया भर का समय है, लेकिन ईरान के पास नहीं। घड़ी की सुई टिक-टिक कर रही है। उन्होंने कहा कि ईरान की नौसेना समुद्र की रसातल में है, उनकी वायुसेना पूरी तरह से तबाह हो चुकी है, उनके विमान-रोधी और रडार हथियार नष्ट हो चुके हैं, और उनके नेता अब हमारे बीच नहीं रहे।

## हिंदू कोई धर्म नहीं, बल्कि एक सभ्यतागत पहचान

■ वाशिंगटन में संघ के सरकार्यवाह होसबाले बोले: हमेशा परंपरा की बात करता है आरएसए

**वाशिंगटन।** अमेरिका की राजधानी वाशिंगटन में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने भारत, उसकी संस्कृति, पड़ोसी देशों और वैश्विक संबंधों को लेकर कई अहम बातें कही हैं। उन्होंने साफ शब्दों में आरएसएस की सोच और भारत की भूमिका को समझाने की कोशिश की।

होसबाले ने कहा कि आरएसएस के अनुसार हिंदू कोई धर्म नहीं, बल्कि एक सभ्यतागत पहचान है। उन्होंने बताया कि संगठन हमेशा संस्कृति, परंपरा और मूल्यों की बात करता है, न कि किसी एक धर्म की। उनके मुताबिक, भारत और उसके पड़ोसी देशों के बीच समय-समय पर तनाव रहा है, जिसकी वजह राजनीति, इतिहास की गलत समझ और आपसी भरोसे की कमी है। उन्होंने कहा कि लगातार बातचीत और संवाद से इन समस्याओं को दूर किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि भारत के एक पड़ोसी देश के साथ ज्यादा समस्याएं हैं, और इसके पीछे बाहरी ताकतों की भूमिका भी रही है, जिससे आपसी विश्वास कमजोर हुआ है। भारत और अमेरिका के संबंधों पर बोलते हुए होसबाले ने कहा कि अगर दोनों देश मजबूत साझेदारी चाहते हैं, तो उन्हें भरोसे और समान अवसर के आधार पर आगे बढ़ना होगा। उन्होंने लोगों के बीच सीधे संबंध बढ़ाने पर भी जोर दिया। आधुनिकता और संस्कृति के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि दोनों एक साथ चल सकते हैं और इनमें कोई टकराव नहीं है। उन्होंने बताया कि एशियाई समाजों में लंबे समय से यह संतुलन देखने को मिलता है।

## खुलासा: नेतन्याहू रहे हैं कैंसर से पीड़ित



■ इजरायली प्रधानमंत्री ने कब और कैसे कराया अपना इलाज, खुद ही किया इसका खुलासा

**तेल अवीव।** इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के स्वास्थ्य को लेकर एक बहुत बड़ी खबर सामने आई है। लंबे समय से चल रही अटकलों पर विराम लगाते हुए इजरायली प्रधानमंत्री ने खुद इस बात का आधिकारिक खुलासा किया है कि वे कैंसर जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित रहे हैं।

नेतन्याहू ने बताया है कि उन्हें शुरुआती चरण का प्रोस्टेट कैंसर था, जिसका उन्होंने समय रहते इलाज करवा लिया है। अपनी सालाना मेडिकल रिपोर्ट सार्वजनिक होने के बाद नेतन्याहू ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर यह अहम जानकारी दी। उन्होंने देश और दुनिया को भरोसा दिलाया है कि एक घातक ट्यूमर को उनके शरीर से सफलतापूर्वक निकाल दिया गया है और अब उनकी शारीरिक स्थिति बिल्कुल बेहतरीन है।

## इजरायल-लेबनान के बीच संघर्ष-विराम बढ़ा

### फैसला व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में हुआ, राष्ट्रपति ट्रम्प ने की घोषणा



**वाशिंगटन/ब्रसेल्स।** इज़रायल और लेबनान के बीच संघर्ष विराम को तीन हफ्तों के लिए बढ़ा दिया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने शुक्रवार को यह घोषणा की। यह फैसला व्हाइट हाउस के ओवल ऑफिस में ट्रम्प, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वैन्स, विदेश मंत्री मार्को रूबियो, इज़रायल में अमेरिका के राजदूत माइक हकाबी, लेबनान में अमेरिका के राजदूत मिशेल ईसा और इज़रायल तथा लेबनान के कई उच्च-स्तरीय प्रतिनिधियों के बीच हुई एक बैठक में लिया गया। ट्रम्प ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कहा कि बैठक बहुत अच्छी रही। उन्होंने कहा कि अमेरिका लेबनान को हिजबुल्लाह से रक्षा करने में मदद करने के लिए उसके साथ मिलकर काम करेगा। उन्होंने कहा कि वह 'निकट भविष्य' में इज़रायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और लेबनान के राष्ट्रपति जोसेफ आउन की बैठक की मेज़बानी करने के लिए उत्सुक हैं, हालांकि उन्होंने इसकी तारीख की घोषणा नहीं की है। वहीं यूरोपीय संघ (ईयू) दक्षिणी लेबनान में संयुक्त राष्ट्र शांति मिशन के समाप्त होने के बाद अपना अलग अभियान भेजने की संभावना पर विचार कर रहा है। ईयू की विदेश नीति प्रमुख काजा कलास ने कहा कि लेबनान में मौजूद संयुक्त राष्ट्र अंतरिम बल का मिशन के समाप्त होने के बाद लेबनान की सशस्त्र सेनाओं को हिज्बुल्ला को निरस्त्र करने और देश में नियंत्रण स्थापित करने के लिये अतिरिक्त सहायता की आवश्यकता होगी। इस संबंध में यूरोपीय संघ के विदेश और रक्षा मंत्रियों के साथ चर्चा जारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रस्तावित यूरोपीय मिशन का स्वरूप संयुक्त राष्ट्र मिशन से भिन्न होगा और इसका उद्देश्य लेबनान की वास्तविक जरूरतों को पूरा करना होगा। यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है जब लेबनान में नाजुक संघर्षविराम को तीन सप्ताह के लिए बढ़ाया गया है। यह समझौता इजरायल और लेबनान के प्रतिनिधियों के बीच वार्ता के बाद हुआ।

## यूक्रेन के हमलों में अब तक 8000 से अधिक रूसी नागरिकों की मौत: मिरोशनिक

**मॉस्को।** रूस के विदेश मंत्रालय के विशेष दूत रोदियोन मिरोशनिक ने दावा किया है कि फरवरी 2022 से अब तक यूक्रेन के सशस्त्र बलों के हमलों में 8,000 से अधिक रूसी नागरिकों की मृत्यु हो चुकी है और लगभग 20,000 लोग घायल हुए हैं। मिरोशनिक के अनुसार, कुल मिलाकर 27,872 नागरिक हताहत हुए हैं, जिनमें 8,012 लोगों की मृत्यु हुई है। उन्होंने बताया कि 2026 के पहले 90 दिनों में ही कम से कम 1,725 नागरिक घायल हुए हैं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि फरवरी 2022 से अब तक यूक्रेनी बलों ने रूस के नागरिक ठिकानों पर चार लाख से अधिक गोले दागे हैं, जबकि 2026 के पहले तीन महीनों में यह संख्या 43,000 से अधिक रही है।

## वेनेजुएला में घुसकर मादुरो को पकड़ने वाला सैनिक गिरफ्तार

■ तख्तापलट पर सट्टा खेलकर चार करोड़ कमाए, पहले से मिशन की जानकारी थी

**वाशिंगटन।** अमेरिका की स्पेशल फोर्स से जुड़े एक सैनिक मास्टर सार्जेंट गैनन केन वैन डाइक को गिरफ्तार किया गया है। आरोप है कि उसने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को पकड़ने वाले आपरेशन पर सट्टा लगाया और इससे करीब 4.09 लाख डालर (करीब 4 करोड़ रुपये) कमा लिए। डाइक अमेरिकी सेना के स्पेशल फोर्स (ग्रीन बैरे) का हिस्सा है।

इसी यूनिट ने वेनेजुएला जाकर निकोलस मादुरो को पकड़ा था। ऐसे में डाइक को पहले से वेनेजुएला पर होने वाले सीक्रेट एक्शन की जानकारी थी। इसी जानकारी के आधार पर उसने दांव लगाया। उसके जीतने के बाद मिली रकम, भले ही गुमनाम थी, लेकिन तुरंत ही जांच एजेंसियों के शक में आ गई। डाइक अमेरिकी सेना में मास्टर सार्जेंट के पद पर था। यह एक सीनियर पद होता है। ऐसे अधिकारी को रणनीतिक और तकनीकी मामलों का विशेषज्ञ माना जाता है और वह यूनिट में अनुशासन और मानकों को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है। जांच के मुताबिक, डाइक ने दिसम्बर के आखिर में 'पालिमार्केट' नाम के प्लेटफार्म पर अकाउंट बनाया। यह एक ऐसा प्लेटफार्म है जहां लोग भविष्य की घटनाओं पर दांव लगाते हैं। दिसम्बर 2025 तक वेनेजुएला में घुसकर राष्ट्रपति मादुरो का तख्तापलट करने की घटना पर यकीन करने वाले लोग नहीं थे। डाइक ने इससे मिलते-जुलते नतीजों पर कुल 13 बार 32 हजार डालर का दांव लगाया, जैसे कि मादुरो कब तक सत्ता से हटेंगे या अमेरिका वेनेजुएला में कब तक सैन्य कार्रवाई करेगा।

